
सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 29 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 84, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**एमएफएन नियम वैश्विक व्यापार संतुलन के लिए अहम**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र नियम वैश्विक व्यापार में संतुलन सुनिश्चित करने के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। } 10

**अमित शाह ने टीएमसी के खिलाफ जारी किया आरोपपत्र**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने टीएमसी सरकार के खिलाफ एक आरोपपत्र जारी किया तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को देश की सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए भाजपा के प्रचार अभियान को और तेज कर दिया। } 12

# डबल इंजन सरकार का शानदार उदाहरण है यूपी में विकास : मोदी

❍ प्रधानमंत्री ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का किया उद्घाटन ❍ लगभग 11,200 करोड़ से विकसित हुआ जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा





विशेष संवाददाता

नोएडा। लखनऊ/नोएडा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक और केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू समेत कई प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी लगभग 11,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण समेत कार्गो हब का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मोदी ने हवाई अड्डे के महत्व को समझाते हुए कहा आज हम विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। देश का सबसे बड़ा प्रदेश आज देश के सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे वाले राज्यों में एक बन गया है। उन्होंने कहा यह हवाई अड्डा नोएडा, अलीगढ़, आगरा, मथुरा, समेत कई जिलों को लाभ देने वाला है। प्रदेश के किसानों, लघु उद्योगों और नौजवानों के लिए अनेक अवसर लेकर आने वाला है। यहां से दुनिया के लिए विमान तो उड़ेंगे ही, यह विकसित उत्तर प्रदेश की उड़ान का भी प्रतीक बनेगा। खासतौर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता को इस भव्य हवाई अड्डे के लिए बहुत बहुत बधाई देता हूं। मोदी ने पिछले कुछ हफ्तों के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लगातार उद्घाटन और शिलान्यास वाली चार बड़ी परियोजनाओं को गिनाते हुए कहा कि कम समय में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन हो गया। उन्होंने कहा कि यह उत्तर प्रदेश के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार के प्रयासों का शानदार उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए ...शेष पृष्ठ 10 पर

## 2017 से पूर्व दयनीय थी उप्र की स्थिति : योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि विकास की ऊंचाइयों के साथ जनता को राहत प्रधानमंत्री जी की कार्य योजना का हिस्सा है। योगी ने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) जैसे दलों के नकारेपन के कारण प्रदेश का विकास 2017 तक रुका रहा। इसी वजह से उत्तर प्रदेश ने जलालत झेली और अव्यवस्था का शिकार बना और बेहद दयनीय स्थिति थी, लेकिन मोदी जी के मार्गदर्शन में देश व सूबे में डबल इंजन की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## आईपीएल का हुआ रंगारंग आगाज

नई दिल्ली। आईपीएल के 19वें संस्करण का आगाज बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में जोरदार अंदाज में हुआ है, जहां गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद आमने-सामने हैं। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले को देखने के लिए बॉलीवुड और क्रिकेट जगत की बड़ी हस्तियां भी स्टेडियम पहुंचीं। मैच के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा अनुष्का शर्मा की मौजूदगी की रही, जो अपने पति विराट कोहली की टीम आरसीबी को सपोर्ट करने स्टेडियम में नजर आईं। उनके साथ आरसीबी महिला टीम की स्टार कप्तान स्मृति मंधाना भी मौजूद थीं।

## डीआईजी पर हमले के 16 दोषियों को उम्रकैद

मुरादाबाद। मुरादाबाद में वर्ष 2011 के चर्चित मैनाठेर बवाल मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए डीआईजी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे द्वितीय कृष्ण कुमार की अदालत ने शनिवार को यह निर्णय सुनाया। शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह के अनुसार, 23 मार्च को सभी 16 आरोपितों को दोषी करार दिया गया था, जबकि सजा सुनाने की तिथि 27 मार्च निर्धारित थी, लेकिन अवकाश के कारण शनिवार को सजा सुनाई गई। दरअसल, मुरादाबाद जिले मैनाठेर क्षेत्र के वर्ष 2011 के बहुचर्चित बवाल और पुलिस पर हमले के मामले में शनिवार को सभी 16 दोषियों को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई।

# ईरान युद्ध पर ट्रंप के विरोधाभासी बयान बेहद भ्रामक

होर्मुज़ जलडमरूमध्य को फिर से नहीं खोलने पर ईरान के ऊर्जा संयंत्रों को पूरी तरह तबाह करने की दी धमकी

एजेंसी

वाशिंगटन। पश्चिम एशिया में हज़ारों अतिरिक्त अमेरिकी सैनिक तैनात किए जाने के प्रयासों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमेरिका ईरान के साथ युद्ध जीत रहा है।

उन्होंने अमेरिका की मदद न करने के लिए नाटो देशों की कड़ी आलोचना की, लेकिन बाद में कहा कि उन्हें उनकी सहायता की ज़रूरत नहीं है। वह ईरान के लिए होर्मुज़ जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समय-सीमा को दो बार बढ़ा चुके हैं। ट्रंप ने एक ओर तो यह धमकी दी है कि यदि यह महत्वपूर्ण जलमार्ग काफी हद तक बंद रहता है, तो ईरान के ऊर्जा संयंत्रों को पूरी तरह तबाह कर दिया जाएगा, वहीं दूसरी ओर उन्होंने यह भी कहा है कि इस जलमार्ग के बंद होने से अमेरिका अप्रभावित है। उनके इस तरह के विरोधाभसी बयानों से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।



डेमोक्रेटिक राष्ट्रपतियों के अधीन रक्षा मंत्री, सीआईए निदेशक और व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ के तौर पर काम कर चुके लियोन पैनेटा ने कहा कि उन्होंने काफी युद्ध देखे हैं, जिनमें सच सबसे पहले बलि चढ़ जाता है। उन्होंने कहा यह पहली सरकार नहीं है जिसने युद्ध के बारे में सच नहीं बताया है। पैनेटा ने कहा लेकिन राष्ट्रपति ने लगभग हर सवाल का जवाब देने के लिए एक तरह का बहुत ही आम तरीका अपना लिया है-कि वे किसी न किसी रूप में यह झूठ बोलते हैं कि असल में क्या हो रहा है, और मूल रूप से हर चीज़ को ठीक-ठाक बताते हैं, और यह दावा करते हैं कि हम युद्ध जीत रहे हैं। अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टिट्यूट से संबंधित इतिहासकार माइकल रूबिन ने कहा कि ट्रंप हाल के इतिहास में किसी भी पार्टी के ऐसे पहले राष्ट्रपति हैं जिनका अपनी जुबान पर कोई नियंत्रण नहीं है। वहीं दूसरी ओर हूती के ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने शनिवार को विद्रोहियों के अल-मसीरा उपग्रह टेलीविजन स्टेशन पर कहा कि हूतियों ने दक्षिणी इस्राइल में संवेदनशील सैन्य स्थलों की ओर बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार की। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने मिसाइलों को रोक दिया। सरी ने शुक्रवार को ही संघर्ष में शामिल होने के संकेत दिए थे। युद्ध में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल नहीं बेचेगा रूस

एजेंसी

❍ घरेलू सप्लाई बनाए रखने व कीमतें नियंत्रित रखने के लिए उठाया कदम

मॉस्को। रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है।

नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजराइल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्किये, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने शुक्रवार को देश में पेट्रोल और दूसरे तेल उत्पादों की उपलब्धता और कीमतों की स्थिति की समीक्षा की। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत सीधेतौर पर पेट्रोल जैसे तैयार ईंधन पर ज्यादा निर्भर नहीं है, बल्कि कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) पर निर्भर है। क्रूड ऑयल को ही रिफाइन कर पेट्रोल और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जी-7 शिखर सम्मेलन में पहुंचे जयशंकर

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से कई मुद्दों पर की चर्चा

एजेंसी

पेरिस। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जी7 विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की और कहा कि वह इस चर्चा तथा उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देते हैं।

जयशंकर ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, बीती रात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से मैक्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा चर्चा और उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देता हूं। वह बृहस्पतिवार को फ्रांस के अब्बे डे वॉक्स-डे-सर्ने में, साझेदार देशों के साथ जी7 विदेश मंत्रियों की दो-दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। हालांकि, भारत जी7 का सदस्य नहीं है, फिर भी इस शक्तिशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे एक भागीदार देश के तौर पर आमंत्रित किया है। बृहस्पतिवार को फ्रांस में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने संबोधन में, जयशंकर ने ग्लोबल साउथ के देशों की ऊर्जा, खाद्य और ईंधन सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को उठाया, और साथ ही वैश्विक शासन सुधारों की ...शेष पृष्ठ 10 पर



## यूपी में मतदाता सूची का प्रकाशन 10 को

लखनऊ। निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में कराए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को बताया कि दस्तावेजों के सत्यापन और सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अंतिम मतदाता सूची में 13.25 करोड़ (132.5 मिलियन) से अधिक मतदाताओं के नाम शामिल होने की संभावना है, जो पहले की तुलना में करीब 20 लाख नहीं बल्कि लगभग 2 करोड़ (20 मिलियन) कम होंगे। एसआईआर शुरू होने से पहले प्रदेश में करीब 15.2 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे।

## धामी ने केंद्रीय मंत्री वैष्णव से की मुलाकात

रेल परियोजनाओं और डिजिटल कुम्भ 2027 पर बनी रणनीति

प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून-उत्तराखंड के विकास कार्यों को नई गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य में रेल अवसंरचना को मजबूत करने और वर्ष 2027 में प्रस्तावित कुम्भ मेले को आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित करने पर व्यापक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट किया कि उत्तराखंड की धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से बढ़ती अहमियत को देखते हुए तेज और भरोसेमंद रेल संपर्क अत्यंत जरूरी है। उन्होंने दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का उदाहरण देते हुए इसे हरिद्वार और ऋषिकेश तक विस्तारित करने का प्रस्ताव रखा, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिल सके और यातायात का दबाव कम हो। उन्होंने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना की प्रगति को महत्वपूर्ण बताते हुए इसके पहले चरण को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर जोर दिया। साथ ही कुमाऊँ क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार के लिए टनकपुर-बागेश्वर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने और बागेश्वर-कर्णप्रयाग रेल लाइन के सर्वे कार्य को स्वीकृति देने ...शेष पृष्ठ 10 पर





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 19.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ नोएडा एयरपोर्ट बनेगा देश का बड़ा एमआरओ हब (पृष्ठ-02)
❍ उत्तरप्रदेश नयी पहचान बनकर उभर रहा (पृष्ठ-02)
❍ एमएफएन नियम विश्व व्यापार के लिए जरूरी (पृष्ठ-10)
❍ पीएम ई-ड्राइव योजना में संशोधन किया (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** शुरू हो चुकी हैं परियोजना की तैयारियां, स्थल पर शूटिंग का काम भी शुरू : बोनी कपूर

# यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे जल्द आकार लेगी फिल्म सिटी

विशेष संवाददाता

नोएडा/लखन। मशहूर फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने शनिवार को कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे प्रस्तावित इंटरनेशनल फिल्म सिटी परियोजना जल्द ही आकार लेने वाली है और इससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर इलाके में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन समारोह में शामिल होने आए कपूर को हवाई अड्डे के पास नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी विकसित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें खुशी हुई। कपूर ने कहा यहां आकर अच्छा लग रहा है। फिल्म सिटी का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा, संभवतः चुनावों से पहले ही। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना की तैयारियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं और स्थल पर शूटिंग का काम भी शुरू हो गया है। उन्होंने कहा अन्य हिस्सों पर भी काम शुरू हो गया है। मेरा मानना है कि चुनावों से पहले काफी प्रगति हो जाएगी, जिसमें फिल्म सिटी की तैयारियां भी शामिल हैं। उन्होंने हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया कि वह 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों या 2029 के लोकसभा चुनावों का जिक्र कर रहे थे। कपूर ने कहा कि हवाई अड्डे के चालू होने से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी ग्रीनफील्ड फिल्म सिटी परियोजना को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा जैसे ही हवाई अड्डा चालू होगा, इंटरनेशनल फिल्म सिटी भी तेजी से आकार लेगी। सिर्फ फिल्म सिटी ही नहीं, बल्कि कई अन्य उद्योग भी यहां आएंगे, जिससे पूरे देश को लाभ होगा। परियोजना को देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला बताते हुए कपूर ने कहा इस क्षेत्र का विकास, उत्तर प्रदेश का विकास है और उत्तर प्रदेश का विकास, भारत के विकास में योगदान देगा। परियोजना की समयसीमा ...शेष पृष्ठ 10 पर



## संभल को धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनाने की तैयारी

जिला संवाददाता

❍ 308 करोड़ रुपये की परियोजना मंजूर

संभल। उत्तर प्रदेश सरकार संभल को मथुरा, वृंदावन, वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या की तर्ज पर एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। इस योजना के तहत 68 चिन्हित तीर्थस्थलों और 19 प्राचीन कुओं के नेटवर्क को विकसित किया जा रहा है। यह क्षेत्र हिंदू परंपरा में भगवान कल्कि के संभावित अवतार से जुड़ा माना जाता है।

जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया के अनुसार, देश-विदेश के श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिए धार्मिक गलियारे जैसा व्यापक तंत्र तैयार किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग ने 52 किलोमीटर लंबे 24-कोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण और विकास के लिए 308 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग में 10 मीटर चौड़ी सड़क होगी, जिसमें सात मीटर ब्लैकटॉप और तीन मीटर चौड़ा ऊंचा फुटपाथ शामिल होगा ताकि श्रद्धालु आसानी से पैदल परिक्रमा कर सकें। इस परियोजना के तहत यमगढ़ तीर्थ, चतुर्मुख ब्रह्म कूप, पिशाच मोचन तीर्थ और पाप मोचन तीर्थ जैसे प्रमुख स्थलों का विकास किया जा रहा है। इसके अलावा चामुंडा माता मंदिर, शंख मोचन ...शेष पृष्ठ 10 पर

# गलियों से मंच तक गूंजे सीएम योगी की तारीफ में गीत

## योगी जी लायो जेवर में एयरपोर्ट

## जेवर की गलियों में गूंजा योगी आदित्यनाथ पर लिखा गया गीत

विशेष संवाददाता (vol)

**जेवर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का लोकार्पण और एमआरओ सुविधा का शिलान्यास उत्तर प्रदेश के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय दर्ज कराने वाला क्षण बन गया। शनिवार को इस अवसर पर जहां एक ओर देशभर की निगाहें इस ऐतिहासिक परियोजना पर टिकी रहीं, वहीं दूसरी ओर जेवर की गलियों से लेकर जनसभा स्थल तक एक अलग ही माहौल देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर रचे गए गीतों की गूंज सुनाई दी, जिसने इस बड़े आयोजन को उत्सव में बदल दिया।

शनिवार को जेवर क्षेत्र में हर गली नुक्कड़ पर एक खास गीत लोगों की जुबान पर था योगी जी लायो जेवर में एयरपोर्ट, यह गीत स्थानीय लोगों के बीच इस कदर लोकप्रिय रहा कि पूरे दिन वातावरण में उत्साह और गर्व का भाव बना रहा। उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान भी संगीत का यह रंग मंच तक पहुंचा। गायक हेमंत ब्रजवासी ने अपने प्रस्तुति से पूरे जनसभा स्थल को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके गीत के बोल कुछ इस तरह थे, गोरखपुर की गलियों में योगी जी हैं डोले, बजा-बजाकर चुटकी सियाराम बोले, होठों पर इनके अफसाने हो गए, सियाराम तेरे नाम के दीवाने हो गए... इस गीत को सुनकर उपस्थित लोग झूमते नजर आए। यह नजारा केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं था, बल्कि यह उस जनसमर्थन और जुड़ाव का प्रतीक था जो इस परियोजना के साथ लोगों ने महसूस किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग जुटे। जैसे ही मंच से एयरपोर्ट परियोजना और उसके महत्व का जिक्र हुआ, जनसभा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 25 नवंबर 2021 को हुए शिलान्यास का उल्लेख करते ही लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यह खास कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बन गया, जहां जनता ने जोरदार समर्थन जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस उपलब्धि को उत्तर प्रदेश और देश के लिए एक बड़ा और ऐतिहासिक पल बताया, जिससे माहौल और भी ऊर्जावान हो गया। इस पूरे आयोजन में विकास और संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिला। एक ओर जहां आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक स्तर की सुविधाओं की चर्चा हो रही थी, वहीं दूसरी ओर लोकगीत और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों ने इस कार्यक्रम को जनोत्सव का रूप दे दिया। स्थानीय लोगों के लिए यह केवल एक एयरपोर्ट का उद्घाटन नहीं था, बल्कि यह उनके क्षेत्र के विकास, पहचान और भविष्य की नई शुरूआत का प्रतीक बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के ठीक बगल में बैठे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान कई बार उनसे बातचीत की। यह सिलसिला पूरे कार्यक्रम में चलता रहा।



### सारस की उड़ान बनी एयरपोर्ट की पहचान

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपनी ब्रांड पहचान को खास और वैश्विक स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस को अपने प्रतीक (लोगो) के रूप में अपनाया है। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस विजन को दर्शाती है, जिसमें विकास के साथ सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरणीय संतुलन को भी समान महत्व दिया जा रहा है। सारस उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी होने के साथ-साथ समृद्ध परंपरा और प्रकृति का प्रतीक है। एयरपोर्ट के लोगो में इसे शामिल करना राज्य की विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने की एक सार्थक पहल है, जो योगी सरकार के विकास के साथ विरासत के दृष्टिकोण को मजबूत करती है।

■ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोगो को पतली और एकीकृत रेखाओं से तैयार किया गया है, जो गति, कनेक्टिविटी और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का संकेत देती हैं। नीले-हरे रंग का ग्रेडिएंट तकनीकी प्रगति और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन को दर्शाता है, जो योगी आदित्यनाथ की ग्रीन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट नीति के अनुरूप है। लोगो में उड़ता सारस प्रगति, आत्मविश्वास और नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश का प्रतीक है। यह राज्य को एक वैश्विक निवेश और कनेक्टिविटी हब बनाने के विजन को भी दर्शाता है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का यह प्रतीक न केवल इसकी ब्रांडिंग को मजबूत कर रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान को भी अलग और प्रभावी बना रहा है।

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व योगी ने किया लखनऊ का सफर

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण के उद्घाटन के ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राजकीय वायुयान ने जेवर रनवे से अपनी पहली उड़ान भरते हुए विकास की नई कहानी लिख दी। इस विशेष उड़ान में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा से लखनऊ तक का सफर तय किया। राजकीय वायुयान की इस पहली उड़ान ने न केवल एयरपोर्ट के संचालन की औपचारिक शुरूआत को चिह्नित किया, बल्कि प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी और तेज विकास के नए द्वार भी खोल दिए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से राजधानी तक की दूरी अब और अधिक सहज और तेज हो जाएगी, जिससे व्यापार, निवेश और आवागमन को सीधा लाभ मिलेगा।

■ उद्घाटन पर राजकीय वायुयान ने भरी पहली उड़ान

## पेपर से प्रोजेक्ट तकः 8 वर्षों में साकार हुआ सपना

**जेवर।** आठ वर्षों के सतत श्रम, समन्वय, सुपरविजन व समीक्षा से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) हकीकत बना है। मार्च 2026 में एयरोड्रम लाइसेंस प्राप्त करने और अब पीएम मोदी द्वारा फेज-1 के लोकार्पण के बाद यह एयरपोर्ट संचालन के लिए पूरी तरह तैयार है। उत्तर प्रदेश को वैश्विक एविएशन हब बनाने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम है। यह सब कुछ संभव हुआ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृढ़ संकल्प की वजह से, जिनके विजन, कार्यकुशलता व नियमित समीक्षा के चलते यह मेगा प्रोजेक्ट समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ा।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरूआत वर्ष 2017 में हुई, जब जुलाई में साइट क्लीयरेंस और अक्टूबर में गृह मंत्रालय से एनओसी प्राप्त हुई। यही वह समय था, जब जेवर को एक वैश्विक एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की नींव रखी गई। इसके बाद वर्ष 2018 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) का गठन हुआ और परियोजना को संस्थागत रूप मिला। 2020 में ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी को कंसेशनायर के रूप में चुना गया और कंसेशन एग्रीमेंट साइन किया गया। अगस्त 2021 में फाइनेंशियल क्लोजर और मास्टर प्लान की मंजूरी के बाद अक्टूबर 2021 में अपॉइंटेड



● 2017 में क्लीयरेंस से 2026 के उद्घाटन तक क्रियान्वयन की मिसाल बना एनआईए

डेट (तिथिवार कार्ययोजना) घोषित हुई, जिससे इस मेगा प्रोजेक्ट का मार्ग प्रशस्त हो गया। मार्च 2022 में निर्माण कार्य शुरू हुआ और टाटा प्रोजेक्ट्स को ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोकरमेंट एंड कन्सट्रक्शन) कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त किया गया। इसके बाद 2022 से 2024 के बीच सभी अहम टास्क समयबद्ध तरीके से पूरे किए गए, जो परियोजना प्रबंधन की दक्षता को दर्शाता है। अक्टूबर 2025 में कैलिब्रेशन फ्लाइट सफल रही और मार्च 2026 में एयरोड्रम लाइसेंस मिल गया। इसी के साथ एयरपोर्ट संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हो गया। इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सक्रियता भूमि अधिग्रहण से लेकर इसके लोकार्पण तक हर कदम पर दिखाई दी। चाहे निर्माण से जुड़े मामले हों, विभिन्न प्रकार की एनओसी या विभागों के बीच समन्वय, सीएम योगी नियमित निर्देशन व समीक्षा से इसे अमली जामा पहनाते रहे। उन्होंने इस परियोजना को केवल एयरपोर्ट तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे औद्योगिक, लॉजिस्टिक्स और निवेश केंद्र के रूप में विकसित करने की व्यापक रणनीति बनाई। इसका नतीजा यह निकला कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक सेक्टर विकास की नई जमीन तैयार कर रहे हैं। यह एयरपोर्ट न सिर्फ रोजगार के लाखों अवसर सृजित करेगा, बल्कि निवेश, औद्योगिकीकरण, निर्यात, लॉजिस्टिक्स व पर्यटन को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का यह परिणाम उत्तर प्रदेश को वैश्विक कनेक्टिविटी और आर्थिक शक्ति के नए युग में प्रवेश कराता है। आठ वर्षों का यह सफर अब नई उड़ान की शुरूआत बन चुका है।

## जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना अभेद्य किला

● एयरपोर्ट की सुरक्षा को सशक्त बनाने के लिए 05 नयी अस्थायी पुलिस चौकियों का सृजन

● दो स्थानों पर 07-07 यूनिट के अग्निशमन केंद्र किए जायेंगे स्थापित

**लखनऊ/जेवर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण के शनिवार को शुभारंभ के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और उसके आसपास का पूरा क्षेत्र अभेद्य सुरक्षा घेरे में तब्दील कर दिया गया। मजबूत सुरक्षा व्यवस्था अब यहां स्थाई तौर पर सुनिश्चित की जा रही है। एयरपोर्ट क्षेत्र की सुरक्षा को सशक्त बनाने के लिए 05 नई अस्थायी पुलिस चौकियों का सृजन किया गया है तो साथ ही किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए दो स्थानों पर 07-07 यूनिट के अग्निशमन केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे।

पुलिस कमिश्नर (गौतमबुद्ध नगर) लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को इस प्रकार व्यवस्थित किया गया कि भविष्य में यहां वीआईपी मूवमेंट के दौरान आम जनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

जॉइंट सीपी राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि एयरपोर्ट की सुरक्षा एवं संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जेवर इमिग्रेशन कोर्स के अंतर्गत 03 निरीक्षक, 24 उपनिरीक्षक, 17 मुख्य आरक्षी एवं 26 आरक्षियों सहित कुल 70 पुलिस कर्मी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त आगामी प्रशिक्षण के लिए 30 उपनिरीक्षक, 14 मुख्य आरक्षी एवं 17 आरक्षियों सहित कुल 61 पुलिसकर्मियों को नामित किया गया है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक दक्ष एवं प्रभावी बनाया जा सके। एयरपोर्ट क्षेत्र में थाना जेवर डॉमेस्टिक टर्मिनल के लिए कुल 35 नागरिक पुलिसकर्मियों के पद स्वीकृत/नियुक्त किए गए हैं। इनमें 01 निरीक्षक, 02 उपनिरीक्षक, 09 मुख्य आरक्षी, 03 कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए, 15 आरक्षी, 02 आरक्षी चालक तथा 03 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं।

**चौकियों से एयरपोर्ट की परिधि सुरक्षा को मिलेगी मजबूती :** जॉइंट सीपी राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि एयरपोर्ट क्षेत्र की सुरक्षा को सशक्त बनाने के लिए 05 नई अस्थायी पुलिस चौकियों का सृजन किया गया है। इन चौकियों में पुलिस चौकी माइल स्टोन-32 कि.मी., कार्गो टर्मिनल, डॉमेस्टिक टर्मिनल, माइल स्टोन-27 कि.मी. तथा माइल स्टोन-15 कि.मी. शामिल हैं। इन सभी






चौकियों के माध्यम से एयरपोर्ट की परिधि सुरक्षा को मजबूत किया गया है तथा आवागमन मार्गों पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त पीसीआर/पीआरवी वाहनों का आवंटन किया गया है, जो आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हैं। इन वाहनों के माध्यम से लगातार गश्त की जा रही है और पुलिस चौकियों तथा पीआरवी/पीसीआर वाहनों पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था हर समय सक्रिय और प्रभावी बनी रहे। अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-32 एवं सेक्टर-18 में दो नए अग्निशमन केंद्र स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। दोनों स्थानों पर 7485 वर्गमीटर भूमि पर 07-07 यूनिट के अग्निशमन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनके निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

प्रत्येक अग्निशमन केंद्र के लिए 01 अग्निशमन अधिकारी, 03 अग्निशमन द्वितीय अधिकारी, 01 एएसआईएम, 08 एलएफएम, 09 एफएस चालक तथा 44 फायरमैन के पद सृजित किए गए हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए 05 राजपत्रित अधिकारियों 01 पुलिस उपायुक्त, 01 अपर पुलिस उपायुक्त तथा 03 सहायक पुलिस आयुक्त के साथ लगभग 70 सहायक स्टाफ के पदों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव है। इसी क्रम में 'थाना जेवर इंटरनेशनल टर्मिनल' के निर्माण के लिए 4000 वर्गमीटर भूमि उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रस्तावित थाने के लिए 01 निरीक्षक, 02 उपनिरीक्षक, 09 मुख्य आरक्षी, 03 कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए, 15 आरक्षी, 02 आरक्षी चालक एवं 03 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदों की स्वीकृति के प्रस्ताव भी विचाराधीन हैं। इसके अतिरिक्त, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस लाइन्स की एयरपोर्ट से लगभग 55 कि.मी. दूरी को दृष्टिगत रखते हुए एयरपोर्ट के समीप एक पुलिस लाइन्स के निर्माण के लिए यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण से लगभग 10,000 वर्गमीटर भूमि उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है। प्रस्तावित परिसर में बीडीडीएस टीम, डॉग स्क्वाड, परिवहन शाखा, शस्त्रागार, प्रशिक्षण केंद्र, इमिग्रेशन स्टाफ के लिए बैरक, आवास, गैरेज एवं कार्यालय आदि की समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी।

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर उपर्युक्त सभी व्यवस्थाओं से जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा, संरक्षा एवं संचालन को उच्चतम मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किए जाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्रवाई कर रहा है। इस व्यापक, बहुस्तरीय और तकनीक-संपन्न सुरक्षा व्यवस्था से स्पष्ट है कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट न केवल देश की कनेक्टिविटी को नई दिशा देगा, बल्कि सुरक्षा के क्षेत्र में भी एक नया मानक स्थापित करेगा।

**नो-फ्लाई जोन घोषित कर एंटी-ड्रोन सिस्टम रहा सक्रिय :** जॉइंट सीपी राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर पूरे इलाके में 5-स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया। जहां हाईटेक एंटी-ड्रोन, सीसीटीवी, इंटेलिजेंस नेटवर्क से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गई। इसी के साथ 100 से अधिक प्रवेश द्वारों पर 200 डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, एंटी-सैबोटाज चेक, बम डिस्पोजल स्क्वाड, एंटी-माइंस चेकिंग, स्निफर डॉग्स तैनात किए गए। इसके साथ ही करीब 5000 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई। चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के लिए पीएसी, आरएएफ, एटीएस, सीआईएसएफ के साथ एसपीजी भी मुस्तैद रहे।

## अत्याधुनिक तकनीक और इको-फ्रेंडली निर्माण से टर्मिनल-1 बनेगा नया मानक

**नोएडा/जेवर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने अत्याधुनिक और पर्यावरण अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण देश के सबसे आधुनिक एयरपोर्ट्स में शामिल होने जा रहा है। यहां निर्मित टर्मिनल-1 न केवल आकार और क्षमता के लिहाज से बड़ा है, बल्कि तकनीकी नवाचार और यात्री सुविधाओं के मामले में भी नया मानक स्थापित करेगा।

एयरपोर्ट का निर्माण देश में पहली बार बड़े पैमाने पर एलसी3 (चूना-मिट्टी-सीमेंट मिश्रण) तकनीक से किया गया है। यह लो-कार्बन निर्माण सामग्री पारंपरिक सीमेंट की तुलना में पर्यावरण पर कम प्रभाव डालती है, जिससे यह परियोजना इको-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर का उत्कृष्ट उदाहरण बनती है। करीब 1.37 लाख वर्ग मीटर में फैले टर्मिनल-1 में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यहां 48

● एलसी3 तकनीक से निर्मित होगा, करीब 1.37 लाख वर्ग मीटर का विशाल टर्मिनल

चेक-इन काउंटर, 20 सेल्फ बैगेज ड्रॉप और 9 सिक्योरिटी चेक लेन स्थापित किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को तेज और सहज अनुभव मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए फास्ट-ट्रैक सुविधा के साथ 9-9 इमिग्रेशन काउंटर उपलब्ध रहेंगे, जिससे समय की बचत और सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा।

घरेलू उड़ानों के लिए 10 एयरोब्रिज और 2 बस बोर्डिंग गेट की व्यवस्था की गई है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए 2 एयरोब्रिज और एक बस बोर्डिंग गेट उपलब्ध होंगे। यह विभाजन संचालन को व्यवस्थित और कुशल बनाएगा, जिससे यात्रियों की आवाजाही में किसी प्रकार की बाधा न हो।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनेगा देश का बड़ा एमआरओ हब

विशेष संवाददाता (vol)

**जेवर।** उत्तर प्रदेश का नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के एविएशन सेक्टर में एक नए युग की शुरूआत करने जा रहा है। यहां अत्याधुनिक मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (एमआरओ) हब विकसित किया जा रहा है, जिसका शिलान्यास शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। यह परियोजना न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश को विमान रखरखाव के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस अवसर पर बताया कि भारत अभी विमान रखरखाव के मामले में काफी हद तक विदेश पर निर्भर है। देश के लगभग 85% विमान अभी मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल के लिए विदेश भेजे जाते हैं, जिससे बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बाहर जाती है। उन्होंने इस स्थिति को बदलने पर जोर देते हुए कहा कि भारत को एमआरओ सेक्टर में

● अभी मेंटेनेंस के लिए 85% विमान भेजने पड़ते हैं विदेश

● जेवर में एमआरओ हब से रोजगार, निवेश व तकनीकी कौशल को भी मिलेगा बूस्ट

### यूएसए है अग्रणी देश

वैश्विक स्तर पर एमआरओ सुविधाएं प्रमुख विमानन हब का अहम हिस्सा हैं, जहां अमेरिका सबसे अधिक एमआरओ कंपनियों के साथ अग्रणी है, जबकि यूके, फ्रांस व जर्मनी यूरोप के प्रमुख केंद्र हैं। एशिया-प्रशांत में सिंगापुर, चीन, भारत और फिलीपींस, जबकि मध्य पूर्व में यूएई महत्वपूर्ण एमआरओ हब के रूप में उभर रहे हैं।

आत्मनिर्भर बनाना समय की आवश्यकता है और इसके लिए देशभर में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

नोएडा एयरपोर्ट परिसर में अकासा एयर के सहयोग से पहली एमआरओ सुविधा स्थापित की जाएगी। यह अत्याधुनिक केंद्र विमान रखरखाव, मरम्मत और तकनीकी सेवाओं का व्यापक नेटवर्क तैयार करेगा, जिससे देश की एविएशन इंडस्ट्री को नई मजबूती मिलेगी। इस एमआरओ हब के विकसित होने से एयरलाइंस कंपनियों को अब अपने विमानों को विदेश भेजने की आवश्यकता कम होगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि परिचालन लागत में भी भारी कमी आएगी। भारत में ही विश्वस्तरीय मेंटेनेंस सुविधाएं उपलब्ध होने से देश वैश्विक एविएशन सर्विस मार्केट में प्रतिस्पर्धी बन सकेगा।

यह परियोजना स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगी। युवाओं को एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, एविएशन टेक्नोलॉजी और तकनीकी सेवाओं में प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निवेश-प्रोत्साहन नीतियों के चलते प्रदेश में इस तरह की हाईटेक परियोजनाओं का तेजी से विकास हो रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश युवाओं के लिए अवसरों का केंद्र बनता जा रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को केवल एक एयरपोर्ट नहीं, बल्कि एक समग्र एविएशन और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। एमआरओ सुविधा इस विजन का अहम हिस्सा है, जो प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमआरओ सेक्टर को ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व अभियान का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि आने वाले समय में भारत न केवल अपने विमानों की सर्विसिंग करेगा, बल्कि दुनिया के अन्य देशों को भी सेवाएं प्रदान कर सकेगा। नोएडा एयरपोर्ट में यह सुविधा स्थापित होने के साथ ही भारत में एमआरओ सेक्टर तेजी से विकास करेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार 2030 तक इसका बाजार 5.7 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत सरकार की एमआरओ नीति 2021 के तहत करों में रियायत और भूमि पट्टे में छूट देकर घरेलू क्षमताओं को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे भारत को वैश्विक एमआरओ हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी आई है।

## उत्तर प्रदेश आने वाले विदेशी पर्यटकों को होगी सुविधा

विशेष संवाददाता (vol)

● जेवर से सीधे यूपी हार्टलैंड में प्रवेश कर सकेंगे विदेशी पर्यटक

**लखनऊ।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर से उत्तर प्रदेश में कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ व्यापार, निवेश, औद्योगिक विकास और पर्यटन गतिविधियों के विकास में एक नया अध्याय शुरू होने की संभावना है। यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे बनाया गया यह एयरपोर्ट न सिर्फ दिल्ली-एनसीआर का दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनेगा, बल्कि आगरा, मथुरा-वृंदावन, फतेहपुर सीकरी और यहां तक कि लखीमपुर खीरी के दुधवा नेशनल पार्क जैसे पर्यटन स्थलों को वैश्विक मानचित्र पर नई चमक देगा। जेवर में बना नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट न सिर्फ उड़ानों का हब बनेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, इतिहास, आस्था और प्रकृति को वैश्विक पर्यटकों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम साबित होगा।

उत्तर प्रदेश वर्तमान में देश में घरेलू पर्यटन के मामले में शीर्ष स्थान पर पहुंच चुका है। साथ ही प्रदेश के आगरा, मथुरा, वाराणसी, अयोध्या और प्रयागराज में विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी योगी सरकार के 9 वर्षों में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। यूपी, जिसे लैंडलॉक्ड माना जाता है, अब हवाई मार्ग से दुनिया से जुड़कर विदेशी पर्यटन के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयां छू सकता है।

वर्तमान में यूपी आने वाले विदेशी पर्यटकों को लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर और अयोध्या के इंटरनेशनल एयरपोर्टों के साथ जेवर एयरपोर्ट का विकल्प भी मिल गया है। साथ ही यूपी में आगरा, फतेहपुर सीकरी और मथुरा-वृंदावन आने वाले अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भक्तों को पहले दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने से पर्यटकों को यमुना एक्सप्रेस-वे के जरिए आगरा और फतेहपुर सीकरी महज 1.5 से 2 घंटे में, जबकि मथुरा-वृंदावन केवल 90 मिनट में पहुंचने की सुविधा मिल जाएगी। यही नहीं, जेवर में बना यह एयरपोर्ट केवल यूपी ही नहीं, बल्कि देश के इंटरनेशनल टूरिज्म हब दिल्ली-आगरा-जयपुर का क्लासिक गोल्डन ट्रायंगल भी विदेशी पर्यटकों के लिए अब और अधिक आकर्षक व सुविधाजनक हो जाएगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर में आवागमन शुरू हो जाने से यूपी में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन के साथ ही इको-टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश के प्रसिद्ध दुधवा नेशनल पार्क, लखीमपुर खीरी और उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क, देहरादून आने वाले प्रकृति प्रेमी पर्यटकों को भी विशेष सुविधा मिल सकेगी। यही नहीं, यूपी की पर्यटन नीति-2022 में जिस तरह इको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया गया है, उसके चलते दुधवा ही नहीं, कतर्नियाघाट (बहराइच), सैफई लायन सफारी जैसे स्थलों के लिए भी विदेशी पर्यटकों की पहुंच आसान होगी।

इसके साथ ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण से यूपी में मेडिकल और बिजनेस टूरिज्म को भी जबरदस्त बढ़ोतरी मिलेगी। यूपी में पर्यटन की बढ़ोतरी के साथ होटल, रेस्टोरेंट, रिसॉर्ट्स, गाइडों के साथ हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों व व्यंजनों का भी तेज गति से विकास होगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के विजन को व्यापार, उद्योग, निवेश के साथ पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि के जरिए साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## उत्तर प्रदेश नयी पहचान बनकर उभर रहा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज विकास, विश्वास और वैश्विक संभावनाओं की नई पहचान बनकर उभरा है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन केवल एक आधारभूत परियोजना का लोकार्पण नहीं, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भविष्य, प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊंचाई देने वाला ऐतिहासिक क्षण है। यह एयरपोर्ट प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच, मजबूत नेतृत्व और उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित राज्यों में स्थापित करने की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश के लिए



उद्योग, व्यापार, पर्यटन, निर्यात, लॉजिस्टिक्स, निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगा। इससे गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र सहित आसपास के अनेक जिलों में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

यह परियोजना लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी, किसानों को बाजार से जोड़ेगी, व्यापारियों को नई सुविधा देगी और निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश को और अधिक आकर्षक बनाएगी। उन्होंने कहा कि आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रैपिड रेल, मेट्रो परियोजनाएं, एक्सप्रेसवे नेटवर्क और लगभग पूर्णता की ओर बढ़ रहा गंगा एक्सप्रेसवे—ये सभी मिलकर विकास की एक नई संरचना तैयार कर रहे हैं। यह केवल सड़क, रेल और हवाई संपर्क का विस्तार नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, जीवनशैली और अवसरों को बदलने वाली परिवर्तनकारी यात्रा है। इन परियोजनाओं से समय की बचत, व्यापार की सुगमता, उद्योगों का विस्तार और क्षेत्रीय संतुलित विकास को अभूतपूर्व गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि उत्तर प्रदेश को विकास, आधुनिकता, आत्मनिर्भरता और सुशासन का राष्ट्रीय मॉडल बनाया जाए। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट उसी परिवर्तनकारी यात्रा का एक ऐतिहासिक अध्याय है। इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने उत्तर प्रदेश को नई उड़ान, नई पहचान और नए अवसरों से जोड़ा है।

## भाजपा व सपा में पोस्टर वार शुरू



**लखनऊ।** वीवीआईपी चौराहे पर भाजपा समर्थकों द्वारा लगाए गए 'ल्यारी राज' वाले पोस्टरों के जवाब में समाजवादी पार्टी भी मैदान में उतर आई है। सपा के छात्र नेता शरद यादव ने सपा कार्यालय के बाहर जंगलराज का पोस्टर लगा के भाजपा के पोस्टर का पलटवार किया, जिससे शहर का राजनीतिक तापमान और बढ़ गया है।

भाजपा समर्थकों द्वारा लगाए गए पोस्टरों में सपा के 2012-2017 के शासनकाल को 'ल्यारी राज' बताते हुए अपराध और अंडरवर्ल्ड कनेक्शन के आरोप लगाए गए थे। इसके जवाब में सपा छात्र नेता शरद यादव ने पोस्टर लगाकर लिखा, अजय विष्ट का 2017-2026... न भूले हैं, न भूलने देंगे - हिसाब होगा। इन पोस्टरों के जरिए सपा ने योगी सरकार में बढ़ते अपराधों को मुद्दा बनाते हुए 'जंगलराज' की उपमा दी और कई अखबारों की कटिंग लगाकर भाजपा के आरोपों को चुनौती दी है। शरद यादव द्वारा लगाए गए पोस्टरों में गोरखपुर, बदायूं से लेकर वाराणसी तक गोलीकांड की घटनाओं का जिक्र किया गया है। साथ ही महिलाओं के खिलाफ अपराध समेत उत्तर प्रदेश के कई मामलों को सामने रखकर यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि सपा सरकार का कार्यकाल विकास और जनकल्याण पर नहीं अपराध संरक्षण पर आधारित था।

## भाजपा सरकार भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना रही : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार फजीवाड़ा और भ्रष्टाचार का रिकार्ड बना रही है। जनता को झूठे सपने दिखाकर छला जा रहा है। बजट का पैसा लूटा जा रहा है। सरकारी पैसे का बंदरबांट हो रहा है। इस सरकार में हर विभाग, हर कार्य में भारी भ्रष्टाचार है। जल जीवन मिशन हो या लोक निर्माण विभाग के कार्य, हर कार्य में कमीशनखोरी हो रही है। भाजपा की डबल इंजन सरकार यूपी में लूट रही है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा भूमाफिया पार्टी है। किसानों की जमीन का सही मुआवजा नहीं देती। किसानों की जमीनों का अधिग्रहण कर अपने चहेते उद्योगपतियों को सौंप देती है। भाजपा किसानों को धोखा दे रही है। यह किसान विरोधी सरकार है। पूंजीपतियों की समर्थक है। अयोध्या, वाराणसी, नोएडा हर जगह भाजपा किसानों की जमीनें छीन रही है।

संक्षेप

### मिशन शक्ति अभियान से महिलाएं हुईं जागरूक

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति-5 के तहत श्रावस्ती पुलिस द्वारा जनपद के सभी थानों पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। एसपी राहुल भाटी के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया। थाना सिरसिया में एसआई मुकेश चंद्र उत्तम के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम हुआ, जिसमें छात्राएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, आशा, एएनएम और क्षेत्र की महिलाएं शामिल हुईं। अधिकारियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि किसी भी समस्या में बिना डर पुलिस से संपर्क करें। साइबर अपराध से बचाव के लिए ओटीपी साझा न करने और मजबूत पासवर्ड रखने की सलाह दी गई। इस दौरान 1090, 112, 108, 1098, 181 और 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। सभी थानों में ऐसे कार्यक्रम कर महिलाओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया।

### महिला के गले से छीनी जंजीर

**बकेवर, इटावा।** शनिवार दोपहर लवेदी थाना क्षेत्र में महिला के गले से बाइक सवारों ने छीनी चैन। लखना से सब्जी खरीदकर लौटते समय बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन छीन ली। यह घटना लखना-चकरनगर मार्ग स्थित लालपुल के पास दोपहर करीब 2 बजे हुई। दो बाइक सवार लुटेरों ने चलती मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी महिला कमला तिवारी के गले से दो तोले की सोने की चेन झपट्टा मारकर लूट ली। लूटी गई चेन की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पीड़ित विनोद कुमार तिवारी, जो प्राविधिक शिक्षा विभाग लखनऊ से सेवानिवृत्त हैं, ने बताया कि वे बसैयाहार में एक रिश्तेदार के यहां श्रीमद्भागवत कथा में आए थे। कथा का समापन होने के बाद शनिवार दोपहर करीब 1.30 बजे वे अपनी पत्नी के साथ लखना नहर पुल से सब्जी खरीदकर दाउदपुर गांव लौट रहे थे। विनोद कुमार तिवारी के अनुसार, ही वे लालपुल के पास पहुंचे, पीछे से आए दो मोटरसाइकिल सवार लुटेरों ने उनकी पत्नी कमला तिवारी के गले से सोने की जंजीर छीन ली। लुटेरे तेज गति से दाउदपुर के सामने बम्बा पटरी से होकर भाग निकले। दंपत्ति ने उनका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन लुटेरे फरार हो गए। पीड़ित दंपत्ति बाइककी पहचान नहीं कर पाए।

# मीठाबेल गांव में दूसरी बार लगी चकबंदी चौपाल

## इस महीने में दो बार गांव में चौपाल आयोजित होने पर ग्रामीणों में दिखी प्रसन्नता



**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चकबंदी आयुक्त उप्र0 लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को ग्राम सभा मीठाबेल में चकबंदी अधिकारी शिवशंकर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में दूसरी बार चकबंदी ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चकबंदी ग्राम चौपाल मे चकबंदीकर्ता मुन्काद अली चकबंदी लेखपाल चन्द्रशेखर सिंह ग्राम प्रधान तथा चकबंदी समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

आयोजित चौपाल में चकबंदी अधिकारी चौरीचौरा शिवशंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि ग्राम मीठाबेल के अंतिम अभिलेख के निर्माण के समय पाई गई त्रुटियों की दुरुस्ती हेतु संदर्भ तैयार किया गया।जिसकी सुनवाई चकबंदी अधिकारी चौरी चौरा शिवशंकर प्रसाद सिंह द्वारा किया गया।उपस्थित किसानों को ,जिन्हें पूर्व में सूचना दी गई थी, अभिलेखों के संबंध में जानकारी दी गई। उपस्थित काश्तकारों का हस्ताक्षर भी पत्रावली पर बनवाया गया।इस माह में दो चौपाल आयोजित होने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

### युवती, महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मड़ैया शिवनरायन मोहल्ला निवासी एक युवती ने फांसी लगाकर जान दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह व अस्तल चैकी इंचार्ज मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। मोहल्ला शिवनरायन मडैय़ा निवासी यशोदा उम्र 17 पुत्री राजेन्द्र कुमार जाटव ने किन्हीं बातों से रूष्ट होकर घर पर साड़ी का फंदा बनाकर गले में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गयी। सुबह चार बजे दिन शनिवार को मुहल्ला व घर के लोग कालीवाहन मंदिर झंडा चढ़ाने गये थे घर पर युवती अकेली थी उसे मौका पाकर फांसी लगा ली। मृतक छात्रा बीएससी की छात्रा थी वह साइकिल में हुकुम सिंह डिग्री कालेज में पढ़ती थी वह दो भाई व चार बहनों में सबसे छोटी थी पिता राजेन्द्र कुमार मजदूरी करते है।

# भगवान दाय जायसवाल ने जगायी शिक्षा का अलख

- विद्यालय के संस्थापक की मनायी गयी 15वीं पुण्यतिथि

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** हमारे पूज्यनीय बाबू जी कम उम्र से ही शिक्षा के प्रति जागरूक थे और क्षेत्र के लोगों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए चौरीचौरा में इन्टरमीडिएट व डिग्री कालेज की स्थापना किए थे। जिससे ग्रामीणांचल के बच्चे भी शिक्षा ग्रहण करके देश-दुनिया के फलक पर क्षेत्र की मेधा की चमक बिखर सके।

उक्त बातें जेबी महाजन डिग्री कालेज व जेबी महाजन महिला पीजी कॉलेज के संस्थापक भगवान दास जायसवाल की 15 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि कालेज के प्रवन्धक व भगवान दास जायसवाल के सुपुत्र तथा पूर्व प्रमुख संघ अध्यक्ष ईश्वर चंद्र जायसवाल ने अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि बाबूजी के बताये रास्ते पर चलने के लिए मैं संकल्पित हूं।



उक्त अवसर पर कालेज के उप प्रवन्धक विशाल जायसवाल, शक्ति जायसवाल, भाजपा नेता अनूप जायसवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष तारकेश्वर जायसवाल सभासद मोहित जायसवाल अजय जायसवाल राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता राजन जायसवाल राजकुमार जायसवाल राजा, संजय जायसवाल विवेक जायसवाल विक्की उमेश जायसवाल सन्नी सांवरिया, अशोक सिंह, सलीम उमाशंकर पाण्डेय अक्षय कुमार जायसवाल गोपाल मद्धेशिया सहित तमाम शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुआ भण्डारा, उमड़े श्रद्धालु



**प्रतापगढ़।** असैनापुर गाँव में स्थित चुकुलन देवी धाम पर देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार की देर रात तक भंण्डारे में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। वहीं भजन संकीर्तन में भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। ग्रामीणों के सामूहिक संकल्प के तहत मंदिर में गायत्री माताए काली माताए मां संतोषी देवीए हनुमान जीए काल भैरव की भब्य प्रतिमा का विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा हुई। पूजन अर्चनए हवन के पश्चात भंण्डारे का आयोजन हुआ। पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण करते भक्त भजन संध्या में भाव विभोर दिखे। संयोजक प्रेम बहादुर सिंहए पूर्व प्रधान संतोष सिंहए अधिवक्ता राम मोहन सिंह ने धमार्नुरागियों का स्वागत किया। मां इनहन भवानी धाम से बाबा घुईसरनाथ धाम तक पताका पूजन यात्रा में भी भक्तों का उत्साह झलका।इस मौके पर राहुल सिंहए प्रतीक सिंहएहीरालाल वर्माए राजेश प्रजापतिए आलोक सिंहए सतीश पालए अशोक सरोजए पृथ्वीपाल मौर्य अर्जुन सरोज आदि रहे। आभार प्रदर्शन श्रीपाल सिंह ने किया।

### ई-रिक्शा से बैट्री चोरी में अज्ञात पर केस

**प्रतापगढ़।** कोतवाली की नाक के नीचे गुरुवार की रात दो ईरिक्शा की लाखों की बैटरी चोरी की घटना में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर पंचायत के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग निवासी विनोद कुमार सोनी पुत्र अमरनाथ सोनी तथा यज्ञ नारायण सोनी पुत्र राम सुन्दर ने ई रिक्शा ले रखा है। पीड़ितों के मुताबिक रोज की तरह ईरिक्शा दरवाजों पर खड़ा किया था। देर रात अज्ञात बदमाश दोनों ईरिक्शा से चार बैटरी खोलकर उठा ले गये। घटना के बाबत पीड़ित ने लालगंज पुलिस को तहरीर सौंपी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### मारपीट, धमकी को लेकर दर्ज हुआ केस

**प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के भइयापुर दर्रा में हुई मारपीट, धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। गांव निवासी विकास सिंह पुत्र धर्मेंद्र सिंह का आरोप है कि 23 मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे गांव के कांग्रेस व आशिक पुत्रगण लालता, सत्येंद्र पुत्र शमशेर, अमन, शुभम पुत्र कांग्रेस, संजीत पुत्र इंद्रजीत एकराय होकर घर पहुंचे और गाली देते हुए मारपीट करने लगे। इससे पीड़ित के दादा भानु प्रताप सिंह, दादी सरोजनी, बहन संध्या घायल हो गए। जांच के बाद उदयपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** कटीले तार में करंण्ट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गयी। जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। उदयपुर थाना के पूरे पांण्डेय राजापुर निवासी अर्जुन गौड़ ( 48 ) पुत्र राम हर्ष शुक्रवार की शाम घर से खाना खाकर निकला। देर रात भी वह घर नहीं लौटा। इससे परिजन परेशान हो उठे। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने गाँव के एक मुर्गी फार्म पर अर्जुन को कटीले तार में फंसे देखा। ग्रामीण वहाँ पहुंचे तो अर्जुन को मृत पाया। सूचना पर ट्रेनी आईपीएस एसओ आफताब आलम फोर्स के साथ घटनास्थल पहुँचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिऐ भेजवाया। मृतक की पत्नी मायके गई हुई थी। जानकारी पर रोते विलखते पहुँची। अर्जुन की मौत से तीन पुत्रों व एक बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया। मृतक पंजाब के लुधियाना में फर्नीचर का कारोबार किया करता था। चर्चा के मुताबिक कारोबारी के सिलसिले में उसका साठ हजार रुपया डूब गया था। इससे वह इनदिनों तनावग्रस्त बताया गया। आईपीएस आफताब का कहना है झटका तार से मौत हुई है। पीएम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही होगी

# पीएम श्री विद्यालय में वार्षिकोत्सव आयोजित, शिक्षा परदिया जोर



**श्रावस्ती।** विकास क्षेत्र इकौना के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलहरिया में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुई। बच्चों ने सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। दद्दन मिश्र ने कहा कि शिक्षा विकास की कुंजी है और अभिभावक बच्चों को स्कूल जरूर भेजें, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। अमित कुमार ने 80 प्रतिशत उपस्थिति पर जोर देते हुए कहा कि नियमित पढ़ाई से ही बच्चे आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में ₹अवध में राम आएंगे, ₹पापा शराब मत पीना और ₹नशा मुक्ति जैसे संदेश दिए गए। संचालन प्रधानाध्यापक नील मणि शुक्ला ने किया। इस मौके पर कई शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल सीमा सर्वेक्षण बैठक संपन्न, अधिकारियों ने भाग लिया

जिला संवाददाता (vol)



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा सर्वेक्षण टीम-3 की पहली बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में भारत और नेपाल के कई जिलों के उच्च अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर, बहराइच, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज जिलों के अधिकारी शामिल हुए। वहीं नेपाल के बर्दिया, बाँके, डांग, कपिलवस्तु और नवलपरासी जिलों के मुख्य जिलाधिकारी भी उपस्थित रहे। इसके अलावा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की कई बटालियनों के कमांडेंट और पुलिस अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी श्रावस्ती ने नेपाल की टीम के प्रमुख गोगन बहादुर हमल और अन्य अधिकारियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। बैठक में भारत-नेपाल सीमा पर बने अंतर्राष्ट्रीय स्तम्भों की स्थिति पर चर्चा हुई। इन स्तम्भों की मरम्मत, पुनर्स्थापना और जांच का कार्य संयुक्त टीम द्वारा किया जाता है। यह कार्य उत्तर प्रदेश भू-स्थानिक निदेशालय, लखनऊ की देखरेख में किया जाता है।

शासन द्वारा जिलाधिकारी श्रावस्ती को इस टीम का नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो पूरे कार्य की निगरानी करेंगे। बैठक में सीमा क्षेत्र में बेहतर समन्वय और कार्य को सुचारू रूप से चलाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, एसएसबी के कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण, प्रभागीय वनाधिकारी धनराज मीणा सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम संपन्न मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित




**प्रतापगढ़।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लालगंज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक शिवाकांत ओझा, निदेशक राम अवधेश मिश्रा, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य पी.एन. सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार सिंह, उपप्रधानाचार्य उमेश पाल मिश्र एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ओम प्रकाश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर प्रबंधक शिवाकांत ओझा ने छात्रों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों की रुचि पुस्तकों से कम होकर मोबाइल की ओर अधिक बढ़ रही है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित करें। परीक्षा परिणाम में कक्षा 6, 7 एवं 8 में मनोज्वय नारायण तिवारी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 में शैलजा सिंह, कक्षा 7 में मनोज्वय नारायण तिवारी, कक्षा 8 में सम्यक कुमार, कक्षा 9 में प्रगति मिश्रा तथा कक्षा 11 में निखिल यादव ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम के अंत में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# नजीर नेशनल स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न



**श्रावस्ती।** नजीर नेशनल स्कूल परसदा में यू.के.जी. ग्रेजुएशन समारोह एवं वार्षिक उत्सव अत्यंत गरिमामय, भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंगारंग प्रस्तुतियों से आलोकित रहा, जहां नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह रहा। विद्यालय के टॉपर विद्यार्थियों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

स्कूल मैनेजर शफीक खान ने अपने संबोधन में छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया।

प्रिंसिपल रीना मिश्रा ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शिक्षिका हिना ने भी बच्चों की प्रगति की सराहना करते हुए शिक्षा को जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अवसर बताया।

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया और उपस्थित जनसमूह से भरपूर सराहना प्राप्त की। विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास से यह आयोजन पूर्णतः सफल और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

यह उत्सव न केवल विद्यार्थियों के सम्मान का माध्यम बना, बल्कि शिक्षा के महत्व को भी प्रभावशाली ढंग से प्रतिपादित करने में सफल रहा।

# एक माह पूर्व टूटे पोल को बदला नहीं, हादसे की संभावना

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** क्षेत्र के एक गांव में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के चलते एक महीने से एक टूटे पोल को बदला नहीं गया है। जबकि इससे सप्लाई निरंतर जारी है। सप्लाई जारी होने से टूटा पोल किसी बडे हादसे को निमंत्रण दे रहा है। क्षेत्र के गांव कुडीना मे तकिया विद्युत स्टेशन से बिजली की आपूर्ति की जाती है। कुड़ीना गांव में एक विद्युत पोल एक महीने पहले टूट गया। जिसकी जानकारी ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि ने विद्युत स्टेशन के कर्मचारियों को दे दी थी लेकिन आज तक पोल बदला नहीं गया टूटा पोल वैसे ही पड़ा है। इस टूटे पोल के पास कई पेड़ खड़े हैं जिनसे लाइन टकराती है तो चिनगारियाँ निकलती है जिससे उधर से निकलने वाले लोगों को भय बना रहता है।



जबकि गेहूं की पकी फसलें भी किसानों की खडी है। लेकिन विभाग के घोर लापहरवाही की वजह से आज तक किसी ने सुध नहीं ली। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से पोल बदलवाने की मांग की है। जिससे फसलों को बचाया जा सके और किसी अनहोनी को रोका जा सके।

### होमगार्ड जवान ने युवती को लौटाया खोया पर्स

**जसवन्तनगर, इटावा।** नगर स्थित पिंक बूथ पर तैनात होमगार्ड जवान उदय वीर सिंह ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक युवती का खोया हुआ पर्स सुरक्षित लौटाया। जानकारी के अनुसार एक ऑटो चालक को उसके वाहन में रखा पर्स मिला, जिसे उसने ड्यूटी पर मौजूद जवान को सौंप दिया। कुछ देर बाद सिरसागंज निवासी रिंकी बदहवास हालत में पिंक बूथ पहुंची और अपना पर्स खो जाने की जानकारी दी। इस पर जवान ने पर्स में मौजूद सामान के बारे में युवती से पूछताछ की। युवती द्वारा सही जानकारी देने पर पर्स उसे वापस कर दिया गया। पर्स में नगदी, पैन कार्ड, आधार कार्ड सहित कई महत्वपूर्ण कागज उपलब्ध थे। पर्स वापस मिलने पर युवती ने राहत की सांस ली और होमगार्ड जवान व ऑटो चालक का आभार जताया।

### चाकू से हमला कर युवक को किया घायल आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** चाकू से हमला करके युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पुरानी रंजिश को लेकर अगई गांव निवासी अमरजीत सरोज पुत्र हरिकेश सरोज को शुक्रवार की रात करीब नौ गांव के राकेश सरोज पुत्र शिवनाथ सरोज ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ मिलकर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने युवक पर कई प्रहार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज भेजवाया। घटना की लेकर घायल अमरजीत के पिता




की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राकेश समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मुखबिर की सूचना पर शनिवार की सुबह पुलिस ने आरोपी राकेश सरोज को दुर्गन भवानी धाम मोड से गिरफ्तार किया। उसकीकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू की भी बरामदगी कर किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न

**मेरठ।** आज विकास भवन सभागार में सांसद अरूण चंद्रप्रकाश गोविल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जनपद में समस्त विभागो में संचालित योजनाओ के क्रियान्वयन एवं प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये सांसद ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचाया जाये। जनपद में जो भी निर्माण कार्य कराये जा रहे है उन कार्यो के शिलापट्ट पर संबंधित मा0 जनप्रतिनिधि का नाम अवश्य अंकित कराया जाये। विकास कार्यों में विभागो द्वारा जो भी कार्यवाही जनप्रतिनिधियो के क्षेत्र के अंतर्गत की जाती है संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को भी सूचित किया जाये। विभागीय शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रमो में जनप्रतिनिधियो को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाये। शासन स्तर पर जो भी कार्य लंबित है संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को भी समय से अवगत कराते हुये सहयोग प्राप्त किया जाये। इस अवसर जिलाधिकारी द्वारा सांसद सहित समस्त जनप्रतिनिधियो का स्मृति चिन्ह, शॉल ओढाकर व पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियो द्वारा कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, डूडा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, लोक निर्माण, विद्युत, नगर निगम, मेडा, जल निगम आदि विभागो की योजनाओ के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के क्रम में मा0 सांसद ने कहा कि प्रत्येक विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं एवं कार्यक्रम आमजनमानस के लाभार्थ सरकार द्वारा चलाये गये है । विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि जनपद में विद्युत सप्लाई, खराब ट्रांसफार्मर, जर्जर विद्युत पोल एवं तार इत्यादि व्यवस्थाओ को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये गये। नगर निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि शहर में साफ-सफाई को प्राथमिकता दी जाये तथा सामुदायिक शौचालयो की सूची बनाई जाये। लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग को सडको की मरम्मत/पेंच वर्क कराये जाने के निर्देश दिये गये। म्जनप्रतिनिधियो ने कहा कि जनप्रतिनिधियो की निधि से प्राप्त होने वाले प्रस्ताव एवं उन कार्यों को प्राथमिकता पर लेते हुये कार्यवाही की जाये। अवैध वाहनो की चैकिंग की जाये तथा ई-रिक्शा के रूट निर्धारित किये जाये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुये उन्होने कहा कि जिन लाभार्थियो का ईलाज आयुष्मान योजनान्तर्गत हुआ है उनके घर जाकर सत्यापन किया जाये। इसके अलावा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, पीएम अजय, दिव्यांगजन पेंशन योजना, सुगम्य भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, महिला संरक्षण एवं सुरक्षा योजना वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, किसान कॉल सेंटर, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सर्व शिक्षा अभियान, मिड डे मील योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, जल जीवन मिशन, नमामि गंगे आदि की समीक्षा कर आवश्यक प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये गये। डीएम ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आज दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठायी गयी समस्याएं एवं दिये गये सुझावों का अक्षरशः पालन करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने समस्त मा0 जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुये कहा कि अगली दिशा की बैठक से पूर्व संज्ञान में लाये गये संबंधित प्रकरणो पर कार्यवाही करते हुये शत-प्रतिशत निस्तारण का प्रयास किया जायेगा।

### कृष्ण जन्म कथा में उमड़ा जनसैलाब, गूंजे जयकारे



**कटरा, श्रावस्ती।** द्विवेदी सदन राजगढ़ गुलरिहा में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान शुक्रवार रात्रि कथा व्यास पंडित अशोक महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। स्वामी नाथ द्विवेदी और गोपी नाथ द्विवेदी सपत्नी मुख्य यजमान रहे। कथा में बताया गया कि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है, जो बुद्धि और ज्ञान का नाश कर देता है। व्यास जी ने कहा कि जब अत्याचारी कंस के पाप बढ़े तो भगवान कृष्ण का अवतार हुआ। देवकी के गर्भ से जन्म लेते ही भगवान ने बंधन तोड़ दिए और गोकुल पहुंच गए। जन्म होते ही पंडाल जयकारों से गूंज उठा। ह्लनन्द के आनंद भयोह्व भजन पर श्रद्धालु झूम उठे। भक्तों ने मिठाई बांटी और एक-दूसरे को बधाई दी। इस दौरान राज नारायण शुक्ल, हरि ओम द्विवेदी, मनोज शुक्ला, नीरज पाण्डेय, शुभम शुक्ल, संदीप, दीपा, दीपिका, दीप शिखा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

संक्षेप

## लकड़ी काटने से रोकने पर की मारपीट

**इटावा।** सुनील कुमार निवासी बरौली खुर्द ने थाने में तहरीर दी। बताया कि 24 मार्च को शाम 6 बजे वह अपनी मां के साथ खेत पर गया था। जहां रोहित, देवू, रोहिणी व विनीता उसके खेत पर लगे पेड़ की लकड़ी काट रहे थे। रोकने पर वह लोग अभद्रता और मारपीट करने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## हाथ में लिपटा 6 फीट का सांप

**इटावा।** पूठन सकरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला रामलाल में आयुष कुमार के घर में भूसे के कमरे में अचानक से लगभग 6 फीट लम्बा सांप आकर छिप गया और जब आयुष भूसा लेने गए तो हाथ से भूसा निकालते समय वह हाथ में ही लिपट गया जिसे तेजी से छिटक कर वह कमरे के बाहर भागे और तुरंत ही संस्था ओशन की वन्यजीव रेस्क्यू एवं स्नेक बाइट हेल्पलाइन 7017204213 पर वन्यजीव विशेषज्ञ, सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी को सूचना दी तब डॉ. आशीष ने तुरंत मौके पर जाकर भूसे में छिपे बैठे उस सर्प को 5 मिनट में ही सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर सुरक्षित प्राकृत वास में छोड़ दिया।

## एसडीएम ने आवागमन सुविधा का शुभारंभ किया

**पाटन, उन्नाव।** ग्रामीण क्षेत्र में घर बैठे आवागमन की सुविधा को लेकर पहल की गई है जिसका शुभारंभ, तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के ग्राम सहिला स्थित मां कालिका देवी मंदिर प्रांगण से किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिला अधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह ने कहा कि यह सुविधा अब तक शहरों तक ही सीमित थी किंतु आदर्श पांडे द्वारा किए जा रहे इस कार्य व पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब गांव के लोगों को इस संस्था के माध्यम से घर बैठे आपको रातों दिन बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी ताकि आप कहीं भी किसी भी समय नाते रिश्तेदारी में बच्चों के साथ बेहतर सुरक्षा के साथ साथ आप अपनी यात्रा कर सकते हैं। कभी-कभी गांव के लोगों को बाहर जाने के लिए सुविधा ढूंढनी पड़ती हैं किंतु संस्था के माध्यम से आप बेहतर सेवा का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कभी लोग गांव से शहर की ओर भागते थे लेकिन आज लोग शहर से गांव की ओर आ रहे हैं। गांव वर्तमान समय में शहर से बेहतर साबित हो रहा है। कार्यक्रम को पूर्व प्रधानाचार्य प्रदीप पांडे, सूबेदार ओपी त्रिपाठी, मुकेश पांडे आदि ने भी संबोधित किया। अतिथियों का संस्था की ओर से आदर्श पांडे व उनकी टीम अमित, हर्षित शुक्ला आदि द्वारा माल्यार्पण व मेंमेटो देकर स्वागत सम्मान किया गया।

# गोरखपुर विप्रा में कर्मचारी संगठन का चुनाव संपन्न

## अभय कुमार अध्यक्ष, निर्मल उपाध्यक्ष व पवन महामंत्री निर्वाचित



**गोरखपुर।** गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) के संयुक्त कर्मचारी संगठन की नई कार्यकारिणी 2025-26 के गठन हेतु शनिवार को चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्ष पद के लिए अभय कुमार श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं अरुण सिंह मैदान में थे। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए निर्मल सिंह और दिलीप गुप्ता के बीच मुकाबला हुआ। मंत्री (महामंत्री) पद पर पवन त्रिपाठी एकल प्रत्याशी होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

कुल 114 मत पड़े, जिनमें से अभय कुमार श्रीवास्तव को 78 मत प्राप्त हुए और वे अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किए गए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को 30 मत एवं अरुण सिंह को 6 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर निर्मल सिंह ने 97 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की, जबकि दिलीप गुप्ता को 19 मतों से संतोष करना पड़ा।

परिणाम घोषित होते ही प्राधिकरण परिसर में खुशी का माहौल बन गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और बधाइयां दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभय कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष निर्मल सिंह एवं महामंत्री पवन त्रिपाठी ने सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती, कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन में एकता बनाए रखने और प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का भी संकल्प लिया।

# बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

**ऊसराहार, इटावा।** झंडा चढाकर वायक से लौट रहे युवक की सामने से आ रही वाइक आमने सामने टकरा गई। आमने सामने की टक्कर मे दोनो वाइक सवार चालकों की मौत हो गई जबकि वाइक पर बैठे देवर भाभी सहित तीन लोग घायल हो गए।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के ताखा बरौना मार्ग पर शनिवार को दो वायको की आमने सामने भीषण भिंडत मे दो युवको की मौत हो गई तीन घायल हुए हैं जिसमे एक युवक की हालत भी गंभीर बताई गई है बताया जाता है रवी पुत्र सहवीर निवासी रम्मपुरा बरौना थाना ऐरवाकटरा औरया अपनी भाभी साधना के साथ चचेरे भाई संदीप पुत्र चरन सिंह 28 वर्ष के साथ पल्सर वायक से बसरेहर थाना क्षेत्र के खडकौली गांव मे अपनी वहन राखी के घर दो दिन पहले झंडा चडवाने के लिए गया था। झंडा चढने के बाद शनिवार को संदीप पल्सर वायक से देवर भाभी रवी व साधना को लेकर लौट रहा था, वह ऊसराहार थाना क्षेत्र के ताखा बरौना मार्ग पर नंगला चतुर के समीप पहुचा था उसी समय सामने से आ रहे वायक की आमने सामने टक्कर हो गई सामने से आ रही होंडा सायन वायक पर भी दो युवक सवार थे। दोनो वायको की रफ्तार भी सत्तर से अस्सी किलोमीटर के बीच थी तेज रफ्तार के चलते टक्कर इतनी भीषण हुई कि दोनो वायको के चालक उछलकर पांच मीटर दूर जाकर गिरे, वायके भी टक्कर लगने के बाद दूर तक घिसटती चली गई। दोनो वायको के चालक हैलमेट भी नही पहने थे दोनो चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर ऊसराहार पुलिस भी मौके पर पहुच गई पल्सर वायक पर सवार तीनो लोगो की पहिचान मौके पर हो गई जिसमे संदीप की मौके पर मौत हो गई थी जबकि रवि व उसकी भाभी साधना घायल थी। दूसरी वायक पर सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी लेकिन उसकी पहिचान नही हो पा रही थी क्योकि उसका साथी भी गंभीर रूप से घायल था। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया दो लोगो की मौत हुई है।

## थ्रेसर से युवक घायल

**इटावा।** इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जोधपुरा निवासी युवक उस समय घायल हो गया ज बवह थ्रेसर से चारा काट रहा था। घायल अवस्था में भाई धमेन्द्र जिला अस्पताल इलाज के लिये लाया। ग्राम जोधपुरा निवासी भागीरथ उम्र 37 पुत्र रामेश्वर दयाल सुबह घर पर थ्रेसर से चारा काट रहा था तभी वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# सामूहिक शादी सम्मेलन 5 को शिवपाल सिंह करेंगे शिरकत

**इटावा।** ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट इटावा के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद एवं उनकी टीम द्वारा होने वाला पांचवां शादी सम्मेलन के कार्ड समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव को हाजी शेख शकील अहमद ने उनके आवास पर मुलाकात कर कार्ड सौंपा और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, इसके साथ ही उन्होंने इस प्रोग्राम में शामिल होने का भी आश्वासन दिया। साथ रहे कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, इंसानी भाईचारा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन, इसके साथ ही समाजसेवी राजू गुप्ता, ईदगाह इमाम मौलाना कमालुद्दीन अशरफी, जावेद खान, नगर अध्यक्ष अब्दुल्ला अशरफी, हजरत मुईनुद्दीन छोटे कादरी, डॉ. अनुराग दुबे आदि सामाजिक संगठन एवं नेताओं को कार्ड दिए गए और दिए भी जाएंगे साथ रहे मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम मोअज्जम, नगर अध्यक्ष अनश खान सुभान खान। हाजी शेख शकील अहमद ने कहा कि ये शादी सम्मेलन कार्यक्रम 5 अप्रैल को नारायण धाम स्टेशन रोड पर होगा और इसके मुख्य अतिथि हजरत सैय्यद मोहम्मद अशरफ अशरफी अल जीलानी कछौछवी शरीफ राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड अल अशरफ ट्रस्ट होंगे।

## पारपट्टी के दो नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

इटावा। भारतीय जनता पार्टी ने देश के सभी प्रदेश, जिला, मंडलों की नवीन कार्यसमितियों को शीर्ष नेतृत्व द्वारा लगातार जारी किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के सबसे चर्चित जिले व पूर्व मुख्यमंत्री के ग्रह जनपद में संगठन ने अपनी मजबूत टीम को एक बार पुनः जिम्मेदारी देकर आगामी चुनावों को लेकर खड़ा किया है। जनपद के पारपट्टी क्षेत्र से इस बार भारतीय जनता पार्टी ने 2 लोगों कृपानारायण तिवारी को जिलाउपाध्यक्ष व संदीप भदौरिया सोनू को सोशल मीडिया सह प्रमुख के रूप संगठन में अहम जिम्मेदारी देकर संगठन को आगे बढ़ाने का जिम्मा सौंपा गया है। कृपानारायण तिवारी भारतीय जनता पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं पूर्व में भी कई पदों पर संगठन की सेवा कर चुके हैं वहीं संदीप भदौरिया सोनू पूर्व में विश्व के सबसे बड़े संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में पिछले कई वर्षों तक विभिन्न दायित्वों पर अपनी निश्वार्थ सेवाएं दे चुके हैं। दोनो ही नेताओं को संगठन में नवीन दायित्व मिलने पर पारपट्टी में हर्ष का माहौल बना हुआ है। दोनो लोगों ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि हमे जो भी नवीन दायित्व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने दिया है हम उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे व संगठन को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

## पांच लाख रूपये की मांग से युवती ने जहर खाया, इलाज के दौरान युवती की मौत हुई

**भरथना, इटावा।** कस्बा के मुहल्ला आदर्शनगर में 18 वर्षीय युवती की जहर खाने से मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि शादी के नाम पर पांच लाख रुपये की मांग और लगातार दबाव के चलते युवती ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया, जिससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवती के पिता अरविन्द कुमार ने बताया कि दो वर्ष पूर्व उनकी बेटी कस्बे के एक इंटर कॉलेज में पढ़ती थी। इसी दौरान मुहल्ले का ही युवक शिवम उसे बहलाकर ले गया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती को बरामद कर लिया और आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हुआ, जिसमें शिवम और उसके पिता ने युवती से शादी करने की बात कही थी। आरोप है कि समझौते के करीब चार महीने बाद आरोपी युवक के पिता ने शादी करने के नाम पर पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी और युवती पर दबाव बनाया जाने लगा। इसी मानसिक दबाव से आहत होकर युवती ने गुरुवार को कीटनाशक खा लिया। हालांकि घटना से पूर्व युवती ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की मेरे जनाजे पर सभी को आना है। थोडी देर बाद उसने घटना को अंजाम दे दिया। हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि मां का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता ने नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है तथा जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## दबंग कर रहा जमीन पर कब्जा, एडीजी से लगायी गुहार

**गीडा, गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के नन्दापार की एक महिला ने दबंगों द्वारा जमीन पर अवैध कब्जे और पुलिस की उदासीनता से त्रस्त होकर अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन से न्याय की गुहार लगाई है। प्रार्थिनी का आरोप है कि स्थानीय पुलिस को दो बार लिखित सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे विपक्षी के हौसले बुलंद हैं।

नन्दापार निवासिनी रुखसाना पत्नी अलाउद्दीन ने गुरुवार को एडीजी को सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने और उनके पट्टीदार ने वर्ष 2009 में सहजनवा तहसील के सहजुपार निवासी एक व्यक्ति से आराजी संख्या-398 में से 8 डिसमिल जमीन खरीदी

- दो बार खजनी पुलिस को दी तहरीर, नहीं पहुंचे जिम्मेदार

थी। तब से वे सभी अपने-अपने हिस्से पर काबिज हैं। आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से विपक्षी अनवर उनके हिस्से की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। दबंग वहां ईंट की दीवार उठाकर छत डालने की फिराक में हैं। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने इस अवैध निर्माण और कब्जे की शिकायत बीते 22 और 24 मार्च को थाना खजनी में लिखित रूप से किया लेकिन स्थानीय पुलिस न तो मौके पर मुआयना करने पहुंची और न ही विपक्षी के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई की। पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि जब उन्होंने कब्जे का विरोध किया, तो विपक्षी ने अपने दामाद और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर उन्हें गंदी-गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि प्रशासन के पास बार-बार गुहार लगाने के बाद भी विपक्षी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और उनकी कीमती जमीन को लगातार कब्जा रहे हैं।

# पूर्वांचल के उत्पादों की वैश्विक पहुंच को आसान करेगा जेवर का इंटरनेशनल एयरपोर्ट

- गीडा से एक्सपोर्ट होने वाले प्रोडक्ट्स को विदेश भेजने का मिलेगा महत्वपूर्ण विकल्प

जिला संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जेवर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, पूर्वांचल को भी बड़ा फायदा पहुंचाएगा। यहां की कार्गो सर्विस से पूर्वांचल के कृषि और औद्योगिक उत्पादों की वैश्विक बाजार में पहुंच आसान होगी। खासकर, गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) में निर्मित उत्पादों के निर्यात के लिए कम दूरी और कम समय वाला विकल्प मिल जाएगा।

गोरखपुर से रेडी टू असेम्बल फर्नीचर, मेडिकल डिवाइस, धागा जैसे उत्पादों का निर्यात होता है। इसके अलावा हाल के कुछ सालों में सिद्धार्थनगर की ओडीओपी में शामिल बुद्ध के प्रसाद के रूप में विख्यात कालानमक चावल और गोरखपुर के ओडीओपी उत्पाद टेराकोटा की ग्लोबल डिमांड बढ़ रही है। कालानमक चावल का निर्यात भी शुरू हो चुका है। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल का मानना है कि ? नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विश्व स्तरीय कार्गो टर्मिनल की सुविधा उपलब्ध होने के बाद गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के निर्यात योग्य उत्पादों को आसानी से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भेजा जा सकेगा। अंतरराष्ट्रीय कार्गो सेवा उपलब्ध होने से उद्यमी भी अपने उत्पादों का निर्यात करने के प्रति प्रोत्साहित होंगे। जेवर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मिलने वाली नई सुविधा पूर्वी उत्तर प्रदेश से उत्पादों के निर्यात के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है। हाल फिलहाल पूर्वी उत्तर प्रदेश से ओवरसीज एक्सपोर्ट के लिए कोलकाता का रूट है। गोरखपुर से सड़क मार्ग से उत्पाद कोलकाता भेजने में करीब 800 किमी की दूरी औसतन 15 से 17 घंटे में तय होती है। जबकि ओवरसीज एक्सपोर्ट के लिए वाया नोएडा रूट पर दूरी में 100 किमी और समय मे औसतन तीन से चार घंटे की बचत हो जाएगी। यही नहीं, ?गोरखपुर एयरपोर्ट से जेवर की सीधी कनेक्टिविटी होने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा जाने वाले व्यापारियों, विद्यार्थियों व आम यात्रियों को अब दिल्ली उतरने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे यात्रियों के समय की बचत होगी। वहीं, नोएडा से आने वाले यात्रियों को भी ऐसा ही लाभ मिलेगा। जेवर का इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के औद्योगिक और सॉफ्टवेयर के स्थापित हब नोएडा-ग्रेटर नोएडा को इन दोनों सेक्टर में उभरते हब गोरखपुर के बीच सीधी कनेक्टिविटी देगा।

## तमंचा जब्त, युवक हिरासत में

**इकदिल, इटावा।** उपनिरीक्षक मंजीत सिंह ने बताया की गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुगलपुर नरैनी के आगे पुलिया के पास से सुर्जेश यादव निवासी नगला पंछी को पकड़ लिया गया। तलाशी में उस के पास से 315 बोर का तमंचा समेत 1 जिंदा व 1 मिस कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के ?खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की है।

**युवक से तमंचा बरामद:** उपनिरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि सरसईनावर तिराहे पर गश्त के दौरान मुखबिर से एक संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिली थी। जांच में पहुंची टीम ने मौके से सुमित निवासी सरसईनावर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। युवक के पास से 315 बोर का तमंचा व 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**मझगांवा, गोरखपुर।** गोरखपुर-वाराणसी नेशनल हाईवे पर शनिवार की शाम एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। गगहा थाना क्षेत्र के सिलनी पुलिया के पास सड़क पार कर रहे एक 32 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के मुताबिक, सरवन (32) पुत्र पूर्णवासी, शनिवार शाम सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सरवन सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत दौड़कर उसकी मदद की। आसपास के लोगों ने आनन-फानन में घायल सरवन को सीएचसी गगहा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण का हुआ आयोजन



- अनिल सिंह विधायक पुरवा ने मां शारदा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया

**असोहा, उन्नाव (वीओएल)।** बीआरसी मुख्यालय पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों व योजनाओं के विषयों पर आधारित ग्राम प्रधान व स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण का एकदिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल सिंह विधायक पुरवा द्वारा मा शारदा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया विधयाक का स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर ने बुके व स्मृति चिन्ह देकर किया। विद्यालय विकास में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 40 ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया विकासखंड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच शिक्षक शिक्षामित्र और 11 रसोइयों का सम्मान किया गया। विधायक अनिल सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जनप्रतिनिधियों की कर्मठता अधिकारियों की कार्य कुशलता, शिक्षकों की कर्तव्य निष्ठा बच्चों की प्रतिभा सुखद सुंदर सशक्त देश समाज के मूलभूत आधार है खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह ने कहा की विकासखंड को एक उन्नत गौरवपूर्ण प्रेरक आयाम पर स्थापित करना मेरी प्राथमिकता है। इस कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व विद्यालयों को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन अजीत सिंह व सभ्यता वाजपेई ने किया कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख आनन्द गुप्ता महेंद्र लोधी गोविंद लोधी दिनेश कंवजिया धुंनर प्रसाद एआरपी प्रवीण कुमार अन्नपूर्णा दीक्षित मुकेश शुक्ला रणंजय सिंह संदीप द्विवेदी रामकरण मोर्य सहित अन्य अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रही।

## नारायन कॉलेज में जिला विज्ञान क्लब आयोजित

**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स के ऑडिटोरियम में जिला विज्ञान क्लाब द्वारा गणित को रूचिकर बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन हआ। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के गणित एवं भौतिक विषय के प्रवक्ताओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों के माध्यम से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि इं. हरिकिशोर तिवारी अध्यक्ष उ.प्र. राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं चेयरमैन नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सम्मानित अतिथि डा. एनके शर्मा, प्रवक्ता भौतिक विज्ञान, चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर, डा. मुकेश यादव, ए.डी.आई.ओ.एस., जिला समन्वयक विज्ञान क्लब, डा. धर्मेन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स, आशीष राजपूत प्रवक्ता इंजीनियरिंग कॉलेज, गुफरान अहमद, प्रधानाचार्य इस्लामियां इंटर कॉलेज, डा. शिवशंकर प्रधानाचार्य जिला पंचायत महाविद्यालय हैंवरा, डा. उमेश यादव प्रधानाचार्य, चित्रगुप्त गुप्त इंटर कालेज, ब्रजेश कुमार प्रधानाचार्य इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज सरैय्या इटावा एवं समस्त रिसोर्स पर्सन ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके किया। कार्यक्रम समन्वायक डा. मुकेश यादव तथा डा. धर्मेन्द्र शर्मा ने समस्त अतिथिगणों को माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथिगणों के सम्मान में विद्यालय के संगीत शिक्षक श्री कृष्णकांत एवं छात्रों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इंजी. हरिकिशोर तिवारी जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस प्रतिबद्ध है।

## जमीन से हटा अवैध कब्जा, भूमि खाली करायी

**हिलौली, उन्नाव।** जिले की मौरावां आदर्श नगर पंचायत में सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटा दिया गया है। तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर लगभग ढाई बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यह कार्रवाई काजीगढ़ी के समीप नहर कोठी के पास की गई। यह मामला तब सामने आया जब कस्बे के इसराइल अली पर नगर पंचायत की लगभग ढाई बीघा सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग करने का आरोप लगा। इसराइल अली के नाम पर 17 बिस्वा जमीन दर्ज है, लेकिन उन्होंने गाटा संख्या 2382 (रास्ते के लिए आरक्षित) और गाटा संख्या 2277 (नवीन परती) की जमीन पर कब्जा कर रखा था। तहसील प्रशासन ने लगभग दो महीने पहले अवैध कब्जेदारों को नोटिस जारी किया था, जिसका कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद, पुरवा तहसीलदार मनीष कुमार द्विवेदी, नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी और लेखपाल निशांत वर्मा ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलवाया। इस दौरान नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी संतोष चतुर्वेदी, मधुकर बाबू और थाना अध्यक्ष कुमार बहादुर सिंह भी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस का आयोजन

**इटावा।** माह के चतुर्थ शनिवार के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस थाना दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना बढ़पुरा एवं थाना पछायगांव पर जनशिकायतों को सुना तथा थाना दिवस के अवसर पर आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, सीओ आयुषी सिंह एवं पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्टंटबाजी करते दो युवकों को पकड़ा

**इटावा।** एसआई मंगल सिंह ने बताया कि बुधवार शाम नुमाइश में चेकिंग के दौरान सलमान व समीर पुलिस लाइन की तरफ से बाइक को लहराते हुए निकले। पुलिस ने बाइक सवारों का पीछा कर दोनों को मोतीझील के पास हिरासत में लिया। परीक्षण में दोनों नशे की हालत में पाए गए। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर बाइक को सीज कर कार्रवाई की है।

## शराब बेचते युवक को हिरासत में लिया

**इटावा।** एसआई काशिफ हनीफ ने बताया कि टीटी तिराहे पर गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पहुंचकर सचिन उर्फ जूली को हिरासत में लिया। युवक के पास से मौके पर 19 देसी शराब के क्वार्टर बरामद हुए। पुलिस ने आरोपित के ?खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर की है।

# यूनिसेफ की टीम ने किया नवाचार का सम्मान

- औरास के विद्यालय में विज्ञान प्रोजेक्ट की शूटिंग
- एलडीआर आधारित स्वचालित लाइट मॉडल में प्रदीप वर्मा के निर्देशन में बच्चों ने दिखायी वैज्ञानिक प्रतिभा



**उन्नाव।** विकासखंड औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में शनिवार को उस समय विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला, जब यूनिसेफ की टीम ने विद्यालय पहुंचकर एलबीडी के अंतर्गत बच्चों द्वारा तैयार एलडीआर आधारित स्वचालित लाइट प्रोजेक्ट की शूटिंग की। यह प्रोजेक्ट अब मॉडल वीडियो के रूप में पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। प्रदेश में चयनित 59 प्रोजेक्ट्स में से 13 प्रोजेक्ट इसी विद्यालय में शूट किए जाने से यह उपलब्धि और भी उल्लेखनीय बन गई है। यूनिसेफ टीम के हर्षित व अनुज के साथ कैमरा टीम ने प्रोजेक्ट की विस्तृत रिकॉर्डिंग की। शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं अनंत, राजकुमार, खुशी व समरीन ने मिलकर यह प्रोजेक्ट तैयार किया। एलडीआर (लाइट डिपेंडेंट रेजिस्टर) पर आधारित इस सिस्टम में प्रकाश के अनुसार लाइट स्वतः ऑन-ऑफ होती है। शूटिंग के दौरान यूनिसेफ टीम ने बच्चों से विज्ञान एवं एलडीआर तकनीक को लेकर संवाद किया। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अपने मॉडल की कार्यप्रणाली प्रस्तुत की। इस दौरान उन्होंने वायर सोल्डिंग, सर्किट निर्माण व परीक्षण कार्यों में विशेष रुचि व उत्साह दिखाया। प्रोजेक्ट की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह स्वचालित लाइट सिस्टम बिजली की अनावश्यक खपत को कम करने के साथ ही विद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण का किफायती और प्रभावी माध्यम बन सकता है। बच्चे स्वयं इस मॉडल को विद्यालय में प्रयोग में लाकर विज्ञान को व्यवहारिक रूप दे रहे हैं, जिससे उनमें नवाचार व आत्मनिर्भरता की भावना विकसित हो रही है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा गया। बच्चों ने दस्ताने पहनकर सावधानीपूर्वक उपकरणों का प्रयोग किया। विद्यालय परिवार के अनुसार, इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ उन्हें व्यवहारिक शिक्षा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रही हैं। जल्द ही विद्यालय के छात्र-छात्राएं यूनिसेफ टीम के समक्ष वर्मी की सहायता से प्राकृतिक खाद निर्माण की प्रक्रिया का प्रदर्शन करेंगे, जिससे खेतों की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी तथा रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग में कमी लाने की दिशा में एक सार्थक पहल होगी।


**बेदखली/सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने बडे पुत्र हंसराज को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरा परिवार को किसी भी तरह का कोई सरोकार नहीं होगा। चंद्र मोहन वर्मा पुत्र पितई निवासी पिपरी थाना असोहा जिला उन्नाव।

**सूचना**

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र अंकुश वर्मा को उसके गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। विनोद कुमार वर्मा पुत्र स्व. छेदीलाल निवासी-ग्राम व पोस्ट पटरंगा, अयोध्या, हाल पता मं.न. 54/572, विमल नगर, कमता, चिनहट, लखनऊ।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं शपथकर्ता हरीलाल यादव पुत्र स्व. मुनेश्वर यादव निवासी-अकोलहीया, पोस्ट-रायगंज, जनपद गोरखपुर, सूबेदार पद पर कार्यरत था। जिसका नंबर J C 256892M है। मुझ शपथ कर्ता के पत्नी भवती देवी (BHAWATI DEVI) हैं,जिसके आधार कार्ड, पैन कार्ड, डिस्चार्ज बुक व परिवार रजिस्टर में यहीं नाम दर्ज हैं। जबकि मुझ शपथकर्ता हरीलाल यादव के P.P.O. में पत्नी का नाम त्रुटिवश BHAVNTI DEVI दर्ज हो गया हैं। मेरे पत्नी को आधार कार्ड में दर्ज उसके सही नाम भवती देवी (BHAWATI DEVI) से ही जाना व पहचाना जाए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत- अमरुपुर, वि.ख.-प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 — दिनांक-28.03.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत अमरुपुर, विकासखंड प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर में राज्य वित्त/पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक- 29.03.2026 से दिनांक- 04.04.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत अमरुपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 04.04.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | अमरूपुर पंचायत भवन के सामने इंटरलाकिंग कार्य। माप- 200 मीटर। | 1.90 लाख रुपए | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | सामुदायिक शौचालय अमरूपुर मरम्मत कार्य। 1 नग। | 1.35 लाख रुपये। | ईंट, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट, सीमेंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- अमरुपुर, वि.ख.- प्रतापपुर कमैचा
जनपद-सुलतानपुर

संक्षेप

## डीजल पेट्रोल भराने को लेकर पंपों पर जुटी भीड़

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में खाड़ी युद्ध की तपिश से पेट्रोलियम पदार्थों की बढी मांग ने किसानों को गहने गिरवी डालकर डीजल भराने के लिए मजबूर कर दिया है जिसके चलते लोग काम धंधा छोड़कर डीजल पेट्रोल और गैस लेने के लिए लाइन में लगे हैं। हर रोज नई गाइड लाइन के चलते लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई जिसके चलते किसान गहने गिरवी डालकर खेती-बाड़ी के लिए डीजल गैस की व्यवस्था करने में जुटा है। पंप संचालकों ने ड्रमो में डीजल भरने से रोक लगा कर पेट्रोल की अधिकतम सीमा ?5हजार तक देने का प्रतिबंध लगा दिया है जिससे लोग डीजल के बाद पेट्रोल का भी स्टाक करने में लग गए हैं जिसके चलते पेट्रोल पंप पर लंबी-लंबी लाइन लगी है कई पेट्रोल पंप पर आपूर्ति का टोटा है नाम नाप छापने पर पंप मालिक ने बताया पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति न मिलने से संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

## छेड़छाड़ की शिकायत पर मारपीट, केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए खेत पर गई किशोरी से छेड़छाड़ और दुराचार की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। मां के अनुसार, उनकी बेटी खेत पर गई थी, तभी गांव के ही एक युवक ने उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करते हुए दुराचार का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकला। जाते समय उसने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद परिजनों ने थाना पुलिस को तहरीर दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद 25 मार्च को पीड़ित पक्ष ने लखीमपुर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। इस संबंध में थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मच्छरदानी में लगी आग से महिला झुलसी, हालत गंभीर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैठिया में आग लगने की घटना में एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्राम भैठिया निवासी मनोहर की पत्नी रामगुनी (55) शुक्रवार रात मच्छरदानी लगाकर सो रही थीं। सुबह के समय किसी कारणवश मच्छरदानी में आग लग गई, जिससे देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और महिला उसकी चपेट में आ गई। परिजनों ने किसी तरह आग बुझाई और महिला को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुकी थीं। तत्काल उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# डीएम ने हरगांव के ककराही उपकेंद्र का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत उस समय उजागर हो गई, जब जिलाधिकारी डा० राजागणपति आर ने विकास खंड हरगांव के ककराही उपकेंद्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में उपकेंद्र तो खुला मिला, लेकिन कोई भी कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं था। सबसे चैंकाने वाली बात तब सामने आई, जब कागजों में उपकेंद्र पर 6 प्रसव दिखाए गए, जबकि मौके की स्थिति देखकर साफ प्रतीत हुआ कि यहां लंबे समय से कोई प्रसव हुआ ही नहीं। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे भ्रामक और संदिग्ध सूचना माना। निरीक्षण के दौरान डा० संजय गौड़ (अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव) द्वारा दी गई जानकारी पर भी सवाल खड़े हो गए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि प्रसव हुए हैं तो उनके ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएं, अन्यथा गलत सूचना देने पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उपकेंद्र की साफ-सफाई की स्थिति भी बेहद खराब पाई गई। साथ ही, वहां तैनात तीन एएनएमकृकिरन देवी, संतोषी देवी और एकता राजकृबिना सूचना अनुपस्थित मिलीं और अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह पाई गईं। इस पर डीएम ने तीनों का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके अलावा, अधीक्षक और बीपीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए हैं। डीएम ने साफ कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही और झूठी रिपोर्टिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है और अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कागजों में दिखाए जा रहे आंकड़ों की सच्चाई क्या है।

## डीएम से वार्ता बेनतीजा, अब कोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे किसान




सीतापुर। ग्राम हिण्डौरा के पीड़ित किसानों और प्रशासन के बीच चल रही तनातनी अब और तेज हो गई है। शनिवार को जिला मुख्यालय पर चल रहे धरने के बीच किसानों की जिलाधिकारी से हुई वार्ता पूरी तरह बेनतीजा साबित हुई।

वार्ता के बाद किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिली और उन्होंने आंदोलन को और तेज करने का संकेत दिया।

धरना स्थल पर मौजूद डॉ. संदीप पाण्डेय ने बातचीत के बाद प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिन किसानों के खेतों को उजाड़ा गया, अब उन्हीं के अभिलेखों को फर्जी बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित किसान आजादी के बाद से लगातार उसी भूमि पर खेती करते आ रहे हैं और नियमित रूप से लगान भी अदा करते रहे हैं, इसके बावजूद प्रशासन उनकी वैधता को ही नकार रहा है। डॉ. पाण्डेय ने यह भी आरोप लगाया कि जिलाधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे न्याय की उम्मीद खत्म होती नजर आ रही है। उन्होंने साफ कहा कि अब प्रशासन से किसी तरह की निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद नहीं बची है। उन्होंने घोषणा की कि किसान अब न्याय के लिए अदालत की शरण लेंगे और कानूनी लड़ाई शुरू करेंगे। वहीं धरना दे रहे किसानों ने भी दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक उन्हें उनका हक और मुआवजा नहीं मिल जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर दरी बिछी है, चूल्हे जल रहे हैं और किसानों का इरादा साफ हैकृयह लड़ाई अब सड़क से अदालत तक लड़ी जाएगी।

## 151 कन्याओं का पूजन कर कराया भोज



पिपरिया धनी खीरी। वीओएल। नवरात्रि समापन के साथ ही क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों की धूम रही। गोला क्षेत्र के ग्राम अंबरपुर ग्रंट में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। कार्यक्रम का आयोजन ईंट भट्ठा मालिक पलविंदर सिंह द्वारा कराया गया। सुबह से ही पूजा-अर्चना के बाद 151 कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। इसके बाद आयोजित भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद में हलवा, पूड़ी और सब्जी वितरित की गई, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से ग्रहण किया। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह, अंशुल यादव, ललित वर्मा, पवन कुमार, श्रीकांत, ग्रंट साहबगंज के प्रधान सुदेश कुमार, समाजसेवी अमरजीत सिंह, नवनीत कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल के मेधावियों का सम्मान



सीतापुर। गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के पीठाधीश्वर साकेत मिश्रा ने कहा कि देश की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम हैकृदेश के भविष्य यानी बच्चों को संवारना और सशक्त बनाना। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कक्षा च्ळ में वरुण प्रथम, अविका शुक्ला द्वितीय और अंशवेश पटेल तृतीय रहे। नर्सरी में अर्जुन मिश्रा, अव्युक्त सिंह व रितिक गुप्ता संयुक्त रूप से प्रथम, श्रेयांश सिंह द्वितीय तथा शनविका तृतीय रहीं। स्ज्ञळ में ओमांश प्रथम, रियांश राठौर द्वितीय व काव्या रस्तोगी तृतीय रहीं। न्ज्ञळ में अदिति अवस्थी व राघव मिश्रा प्रथम रहे। इसी क्रम में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें आद्विका पटेल, अद्वैत तिवारी, सात्विक, कार्तिक शुक्ला, लविश गुप्ता, शिवराज चैहान, अक्षय कनोजिया, पंखुड़ी व अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्वच्छता, उपस्थिति, खेल, संगीत, नृत्य व योग में भी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से शिवराज सिंह चैहान को हेड बॉय, पंखुड़ी वैष को हेड गर्ल और आद्विक सक्सेना को सबसे आत्मविश्वासी छात्र घोषित किया गया। कार्यक्रम में सह-पीठाधीश्वर पूनम मिश्रा, प्रिंसिपल नीरा मिश्रा व वाइस चेयरमैन तत्सत मिश्रा सहित समस्त स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नवनिर्मित हैण्डलूम इकाई का शुभारंभ

जिला संवाददाता(vol)

पलियाकलां खीरी। प्रमुख सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन



उत्तर प्रदेश द्वारा दुधवा के ग्रासलैण्ड, सोलर पंप आदि कार्यों का किया गया निरीक्षण ।तदुपरांत विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गई बैठक एवं विश्व प्रकृति निधि के सहयोग से चंदनचौकी के परसिया गॉव में नवनिर्मित हैण्डलूम इकाई का किया गया शुभारंभ।

दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के अंर्तगत कराए गए विभिन्न कार्यों का वी0 हेकाली झिमोमी, प्रमुख सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा किया गया निरीक्षण, दुधवा अधिकारियों के साथ बैठक कर कराए गए कार्यों की ली गई विस्तृत जानकारी। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के कार्यों का निरीक्षण करने के उपरांत

- प्रमुख सचिव पर्यावरण वन व जलवायु परिवर्तन उप्र. ने दुधवा के कार्यों का किया निरीक्षण कर ली बैठक

अपराहन में प्रमुख सचिव महोदया, किशनपुर वन्य जीव विहार पहुॅची। किशनपुर में डॉ0 एच0 राजा मोहन, मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर खीरी एवं जगदीश आर0, उप निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी द्वारा शाकाहारी वन्य जीवों उचित खाद्य प्रबंधन की दृष्टि से कराए गए फांटा प्रबंधन के कार्यों का तथा पेयजल व्यवस्था को बेहतर किए जाने के दृष्टिगत लगाए गए सोलर पंप, का निरीक्षण किया। इसी क्रम में मानव वन्य जीव संघर्ष की स्थितियों पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत कराई गई चेनलिंक फेंसिंग कार्यों का जानकारी ली। बैठक में मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड निदेशक, दुधवा, उपनिदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के साथ-साथ महावीर सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक, दुधवा, धर्मेन्द्र द्विवेदी, वन्य जीव प्रतिपालक, दुधवा, दीपक कुमार पाण्डेय, उप प्रभागीय वनाधिकारी, बेलरायां, समस्त क्षेत्रीय वन अधिकारी, विश्व प्रकृति निधि के प्रतिनिधि एवं पर्यटन स्टाफ उपस्थित रहे।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्कूल चलो अभियान के तहत आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर में




जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराना और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।

रैली बैंड-बाजे के साथ क्षेत्र में निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने ह्यस्कूल चलो-स्कूल चलो, ह्यआधी रोटी खाओ, बच्चों को पढ़ाओ, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को शिक्षा का महत्व बताया। रैली में शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और छात्र उत्साह के साथ शामिल हुए। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेश कश्यप ने कहा कि शिक्षा जीवन की दिशा देने वाली सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही समाज और देश के विकास में प्रभावी भूमिका निभा सकता है, इसलिए प्रत्येक बच्चे का विद्यालय जाना आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और उनकी पढ़ाई पर ध्यान दें। साथ ही बताया कि विद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह सके।

## प्रभारी डीएम ने सुनी फरियाद

लखीमपुर खीरी। प्रभारी डीएम अभिषेक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में थाना कोतवाली सदर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संयुक्त रूप से दोनों अधिकारियो द्वारा थाना समाधान दिवस में आये फरियादियों की शिकायतो को गंभीरता से लेते हुए प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। कोतवाली सदर पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर



फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

## मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



लखीमपुर खीरी। 10-दिवसीय मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 19 मार्च से प्रारंभ हुआ मितौली ब्लॉक की नगरा ग्राम पंचायत की कुल 25 महिलाओं ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन के साथ-साथ उद्यमिता विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन समारोह के अवसर पर प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता एवं वित्तीय साक्षरता सलाहकार लखीमपुर खीरी रतीश कुमार द्वारा इंडसेटी निदेशक पूजा शुक्ला की उपस्थिति में प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## पेट्रोल पंप पर ऑनलाइन भुगतान न लेने का नोटिस चस्पा




लखीमपुर खीरी शहर के संकटा देवी पेट्रोल पंप पर पंप मालिक ने ऑनलाइन भुगतान न लेने का नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस चस्पा होते ही पेट्रोल डीजल लेने आए ग्राहकों में खलबली मच गई। एक तरफ डीजल पेट्रोल के लिए पेट्रोल पंपों पर पहले से लाइन लगी हुई है। दूसरी तरफ पेट्रोल डीजल की बढ़ती मांग को देखते हुए शनिवार को लखीमपुर शहर के संकटा देवी पेट्रोल पंप पर नोटिस लगा दी गई की ऑनलाइन भुगतान मान्य नहीं होगा। एक तरफ प्रधानमंत्री डिजिटल इंडिया की बात कर रहे हैं दूसरी और पेट्रोल पंप के मालिक डिजिटल इंडिया पर पलीता लगा रहे हैं।

## पान की दुकानों पर 150 रुपये लीटर बिक रहा पेट्रोल

सकरन/सीतापुर। सकरन कस्बा सकरन में पेट्रोल-डीजल की किल्लत ने अब कालाबाजारी का खुला रूप ले लिया है। पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म होते ही



पान और परचून की दुकानों पर खुलेआम 150 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से पेट्रोल बेचा जा रहा है, जिससे आम जनता की जेब पर सीधा डाका डाला जा रहा है। बताया जा रहा है कि कस्बा स्थित रामकिसुन फिलिंग स्टेशन और उमराकला के किसान सेवा केंद्र पर शुक्रवार शाम से ही पेट्रोल-डीजल उपलब्ध नहीं है। इसके चलते वाहन स्वामियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर, क्षेत्र में ईंधन की कमी की अफवाह फैलते ही कुछ लोगों ने बड़ी मात्रा में पेट्रोल घरों में स्टोर कर लिया और अब ऊंचे दामों पर बेचकर मुनाफाखोरी में जुट गए हैं। सिरकिंडा, दुगाना, उमरा, प्यारापुर, कोनसर, मोहलिया, हरैया, मदनापुर, महाराजनगर, गजनीपुर, सकरन, सुमरावां, काजीपुर और गोडियन पुरवा सहित कई चौराहों पर यह अवैध धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। मजबूरी में लोग महंगे दामों पर पेट्रोल खरीदने को विवश हैं। ग्रामीणोंकृसुधीर कुमार, अनिल कुमार, घनश्याम और अजीतकृने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द सख्त कदम नहीं उठाए गए तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

# बाइक की टक्कर से भड़का खूनी संघर्ष बीच-बचाव में महिला की पीटकर हत्या



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र के बघमरा गांव में बाइक टक्कर के बाद हुए विवाद में महिला की मौत का मामला तूल पकड़ गया। परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करने में देरी का आरोप लगाते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया और उसे घर पर ही रख लिया। इससे गांव में तनाव की स्थिति बन गई।

शुक्रवार देर रात बाइक टक्कर को लेकर दो पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर 55 वर्षीय कमला देवी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में परिवार के अन्य लोग भी घायल हुए हैं। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अनुराग पुत्र संतोष कुमार निवासी मूड़ा जवाहर तथा मिश्रीलाल, बसंत, पंकज और दिनेश पुत्रगण बाबूराम निवासी बघमरा के खिलाफ भीड़ द्वारा हत्या, हत्या का प्रयास और जानबूझकर मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी सुनील कुमार मलिक ने बताया कि पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## चैत्र नवरात्र महायज्ञ के उपरांत निकली शोभा यात्रा



सिंगाही खीरी। ब्लॉक निघासन के ग्राम सिंगहा खुर्द में चल रहे चैत्र नवरात्र महायज्ञ का समापन शनिवार को धूमधाम के साथ हुआ। इस अवसर पर गाजे-बाजे के साथ मूर्ति विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए सरयू नदी मोतीपुर पहुंची।

जहां विधि विधान से नदी में मूर्ति विसर्जित की गई। शनिवार मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम के दौरान निकाली गई शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का खासा उत्साह देखने को मिला। जयकारों और भक्तिमय माहौल के साथ यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए सरयू नदी के तट पर पहुंची जहां पर आचार्यों ने विधि-विधान के साथ मूर्ति विसर्जन कराया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, राम मोहन दीक्षित, सुभाष वर्मा, सोनू चौधरी, रामप्रीत गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन के सफल समापन पर ग्रामीणों ने सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

## ऐतिहासिक चैती मेले का भव्य आगाज, परंपरा और रौनक से सराबोर हुई छोटी काशी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी में शनिवार देर शाम ऐतिहासिक चैती मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। नगर पालिका प्रशासन द्वारा आयोजित मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार ने फीता काटकर किया।

मेले के प्रथम गेट पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ह्यरिकूंह्ण और अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के पश्चात अतिथियों ने बैंड-बाजों के साथ मेला परिसर का भ्रमण किया और सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि चैती मेला छोटी काशी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है। इस परंपरा को जीवित रखना और आगे बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है और स्थानीय संस्कृति को नई पहचान मिलती है। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ने बताया कि मेले के आयोजन में साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और नागरिकों से मेले की गरिमा बनाए रखने की अपील की ।पुलिस अधीक्षक ख्याति ने अपने संबोधन में कहा कि मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मेला परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात है और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने लोगों से शांति और सहयोग बनाए रखने की अपील की ।मेले के शुभारंभ के साथ ही दूर-दराज से आए दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा ली हैं। झूले, खेल-तमाशे, सर्कस और खानपान की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। बच्चों, महिलाओं और युवाओं में मेले को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को भी अलर्ट रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। अंत में पालिकाध्यक्ष ने सभी अतिथियों, कर्मचारियों और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए मेले को सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि, सभासद और अन्य लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## हादसे में चाचा भतीजा घायल

जौनपुर। गौरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चाचा-भतीजा घायल हो गए। हादसा प्रसाद स्कूल के पास हुआ, जब दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। घटना में सेवईनाला निवासी 34 वर्षीय प्रदीप यादव पुत्र मंगरू यादव के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार भतीजा 13 वर्षीय अंश यादव पुत्र गुड्डू यादव को मामूली चोटें आई हैं। दोनों किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चैकिया जा रहे थे, तभी रास्ते में हादसा हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं अंश यादव का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

## पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर को लगी गोली, घायल

आजमगढ़। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के छिछोरी के पास शुक्रवार की रात पुलिस से साथ हुई मुठभेड़ में गोली लगने से एक पशु तस्कर घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए पशु तस्कर के पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए। 10 दिन पूर्व क्षेत्र के इमलीपुर गांव के सिवान में प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिले थे। जिस संबंध में पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने बताया कि शुक्रवार की रात को चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पशु तस्कर तबरेज क्षेत्र के जलालुद्दीन पट्टी मार्ग से छिछोरी की ओर आ रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने छिछोरी गांव के पास घेराबंदी कर दी। कुछ देर बाद एक संदिग्ध व्यक्ति को आते देख उसे रोकने का प्रयास किए। इस दौरान उसने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तबरेज निवासी मोहम्मदपुर थाना बिलरियागंज के दाएं पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बिलरियागंज सीएचसी में घायल पशु तस्कर को भर्ती कराया गया है।

## सुदामा चरित की कथा का किया भावपूर्ण वर्णन

आजमगढ़। मिल्कीपुर क्षेत्र में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को श्रीधाम वृंदावन से आए कथा व्यास ने सुदामा चरित एवं राजा नृग की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। श्रद्धालु इन प्रसंगों को सुनकर भावविभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता, सादगी और भगवान के प्रति अटूट विश्वास ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम के आगे सब कुछ न्योछावर कर देते हैं। इस अवसर पर जयप्रकाश सिंह, डॉ. अवनीश सिंह, अशोक सोनी, डॉ. अतुल कुमार सिंह, अंकित सिंह, गोपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# आत्मनिर्भर बनने के लिए महिलाओं की आर्थिक मजबूती जरूरी



आजमगढ़। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को जिला महिला चिकित्सालय, आजमगढ़ में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिका राजन द्वारा बताया गया कि महिलाओं को सुरक्षा, समानता और गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए कई कानूनी अधिकार प्राप्त है, जैसे घरेलू हिंसा से सुरक्षा, समान वेतन, सम्पत्ति का अधिकार, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के खिलाफ कानूनी और मुफ्त कानूनी सहायता। सचिव द्वारा बताया गया कि समान कार्य के लिए महिलाओं को पुरूषों के बराबर वेतन पाने का कानूनी अधिकार है। इसी क्रम में हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत बेटियों को पिता के सम्पत्ति में बेटों के बराबर अधिकार प्राप्त है। महिलाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा से संचालित योजनाओं जैसे निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, मध्यस्थता द्वारा वादों को आपसी सहमति से निपटाने आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई और महिलाओं को पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में जागरूक किया गया। इस एक्ट का उद्देश्य भ्रूण लिंग जॉच पर रोक लगाने, कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करने तथा समाज में घटते लिंगानुपात के प्रति आमजन मानस को जागरूक करना है। उपस्थित महिलाओं को यह भी बताया गया कि वे कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध आवाज उठायें। सचिव द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत कन्या जन्मोत्सव में केक कटवाकर उपस्थित 10 नवजात बच्चियों को बेबी किट मिठाई व माला वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि महिलाओं सर्वप्रथम आर्थिक रूप से मजबूत होना की बहुत जरूरत है, इससे वह आत्मनिर्भर हो सकती है। जिला प्राबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह द्वारा बेटी बचाओं- बेटी पढ़ाओं योजना पर प्रकाश डाला गया तथा कन्या सुमंगला योजना के बारे में भी बताया गया। शिविर में केक काटकर तथा महिलाओं को बेबी किट व मिठाई देकर कन्या जन्मोत्सव भी मनाया गया। उन्होने कहा कि बेटियां की शिक्षा का हमें पूरा ध्यान रखना चाहिए, सरकार इन्हें बढ़ाने तथा पढ़ाने के लिए सदैव तत्पर है, जिसके संदर्भ में शासन की महत्वपूर्ण योजना कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## बुनकर विपणन केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण



आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने थाना मुबारकपुर क्षेत्रान्तर्गत मुहल्ला कटरा में बन रही साड़ियों को देखने के लिए हथकरघा व पावरलूम का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने हथकरघा व पावरलूम पर बनने वाली साड़ियों की गुणवत्ता के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने मजदूरों से उनकी मजदूरी के बारे में भी जानकारियां ली।

जिलाधिकारी ने कहा कि रेशमी नगरी मुबारकपुर में बनने वाली साड़ियाँ बनारसी साड़ियों के नाम से जाना जाता है, जिसे मुबारकपुर वासियों ने आज भी जिंदा रखा है। जिलाधिकारी साड़ी व्यवसाईयों से बातचीत करते हुए रेशमी नगरी में बनी साड़ियों के कीमत, आयात व निर्यात के बारे में भी जानकारी लिया। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा मुबारकपुर थाने के बगल में बने बुनकर विपणन केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर सभी 133 दुकाने बंद मिली, जिसको लेकर के जिलाधिकारी ने काफी नाराजगी व्यक्त। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए यह विपणन केंद्र बना हुआ है, उसका सदुपयोग नहीं हो रहा है, जिसके लिए टीम गठित करते हुए प्रमुख सचिव हथकरघा विभाग को पत्र लिखकर इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी और पात्र व्यक्तियों को विपणन केंद्र में बनी दुकानें आवंटित कराई जाएंगी। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी नगर मधुबन कुमार सिंह, थानाध्यक्ष मुबारकपुर एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# अवैध खनन से वरुणा और बसुही नदी पर संकट



जौनपुर। सुरेरी क्षेत्र के लगभग डेढ़ दर्जन गांव, जो वरुणा और बसुही नदी के किनारे बसे हुए हैं, इन दिनों अवैध खनन की वजह से गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं।

खासकर राईपुर, मलेथू, हीरापट्टी, सुरेरी, कोचारी, भानपुर, जगदीशपुर और परमालपुर जैसे गांव इस समस्या से सीधे प्रभावित हो रहे हैं। बसुही नदी किनारे बसे अड़ियार, कठवतिया, नूरपुर, सरायडीह, पट्टी जिया, सराय डीह, जामडीह, काकोपुर, पट्टीभरत राय,कमरुद्दीनपुर आदि गांवों में भी अवैध खनन के चलते नदी के अस्तित्व पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इन इलाकों में लगातार हो रहे खनन से नदी की धारा कमजोर पड़ती जा रही है और कटाव तेजी से बढ़ रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि खनन विभाग, पुलिस और खनन माफियाओं की मिली भगत से लगातार अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे वरुणा और बसुही नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। ग्रामीणों के अनुसार, दिन-रात जेसीबी और ट्रैक्टरों के माध्यम से नदियों से बालू और मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे नदियों की धारा प्रभावित हो रही है और किनारों का कटाव तेजी से बढ़ रहा है। यह भी आरोप है कि राईपुर गांव में खनन कारोबारीयों द्वारा लगभग 10 फीट गहरा गड्ढा खोदकर बड़े पैमाने पर मिट्टी निकाल ली गई है। यह गड्ढा सुरेरी-भदोही मुख्य मार्ग के ठीक बगल में स्थित है, जिससे राहगीरों और स्कूली छात्रों का काफी संख्या में आना-जाना रहता है, और उनके लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। बताया जा रहा है कि यह गड्ढा लगभग 5 से 10 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है, जिससे इलाके में दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। इससे न केवल जमीन की उपजाऊ क्षमता प्रभावित हो रही है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। इस अवैध खनन का असर अब गांवों तक पहुंचने लगा है। कई स्थानों पर खेतों का कटाव हो रहा है और नदी किनारे बसे घरों पर भी खतरा मंडरा रहा है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को इसकी शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे अवैध खनन कारोबारीयों के हौसले बुलंद हैं और वे खुलेआम नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो न केवल नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ेगा, बल्कि क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गांवों की जमीन और जीवन भी संकट में आ जाएगा। उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं ने कहा कि यदि अवैध खनन हो रहा है तो संबंधित थाने से बात कर रोकवाया जाएगा।

## रास्ते और सीवर लाइन को बंद करने का विरोध किया



जौनपुर। नगर के तारापुर तकिया मोहल्ले में एक पुराने रास्ते और सीवर लाइन को बंद करने के प्रयास को लेकर विवाद गहरा गया है। मोहल्ले के निवासियों ने अपने पड़ोसी कल्लू शाह और उनके साथियों पर रास्ता रोकने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र से शिकायत की है। यह घटना 26 मार्च को हुई थी। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि यह रास्ता उनके आवागमन का एकमात्र मार्ग है। इसी रास्ते के नीचे से मोहल्ले का सीवर नाला भी गुजरता है, जिससे गंदा पानी और बरसात का पानी बहता है। आरोप है कि कल्लू शाह इस रास्ते को बंद कर बरसाती पानी के बहाव को भी रोकना चाहते हैं, जिससे क्षेत्र के निवासियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।इस रास्ते को लेकर पूर्व में भी कई बार विवाद हो चुका है। 26 मार्च को कल्लू शाह कथित तौर पर अपने साथियों के साथ रास्ते और सीवर को बंद करने के इरादे से ईंटें रखने लगे। जब निवासियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो उन्हें गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई।निवासियों ने प्रशासन से कल्लू शाह पुत्र खलील और उनके साथियों को रास्ता तथा सीवर नाला बंद करने से रोकने का आग्रह किया है। उन्होंने रास्ते पर किसी भी प्रकार का अवरोध या दीवार बनाने से रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## हाईवे पर कोयले से लदा ट्रक पलटा



जौनपुर। बदलापुर तहसील के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 731 (जौनपुर-सुल्तानपुर मार्ग) पर कलिंजरा मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रक पलट गयी। बताया जा रहा है कि कोयले से लदा यह ट्रक सुल्तानपुर की ओर जा रहा था, तभी कलिंजरा मोड़ के समीप चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। ट्रक कोयले से भारी मात्रा में लदा हुआ था। मोड़ पर असंतुलित होने के कारण यह हादसा हुआ। ट्रक पलटने के बाद भारी मात्रा में कोयला सड़क किनारे फैल गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी बड़े जान-माल के नुकसान की तत्काल सूचना नहीं मिली है, लेकिन मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और प्रशासन मौके पर पहुंचे। भारी-भरकम ट्रक को उठाने और रास्ता साफ करने के लिए हाइड्रा क्रेन को बुलाया गया है। क्रेन की मदद से ट्रक को सीधा करने और कोयले को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

## शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




मीरजापुर। विकास खंड लालगंज क्षेत्र के बीआरसी सभागार लहंगपुर में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को मुख्य धारा से जुड़ने के लिए शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में आरंभ हुआ।

इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जो बच्चे किसी विद्यालय से बाहर हो गए हैं। उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए नोडल शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशिक्षण में दिए जा रहे हैं बिंदुओं को गम्भीरता से आत्मसात कर बच्चों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई लालगंज अध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विद्यालय से जोड़ना हम सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हैं। एआरपी ईश्वर चंद्र ने प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान उनके नामांकन तथा उन्हें स्तरानुसार शिक्षा प्रदान करने के लिए विशेष राजनीति अपनाई जा रही है। एआरपी बृजेश मणि तिवारी द्वारा आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अंग्रेजी शिक्षण के मुख्य बिन्दुओ पर चर्चा की गई जिसमें लर्न अल्फाबेट, थिंग्स अराउंड अस, कलर्स अराउंड अस, पोएम, स्टोरी, रिकैपिचुलेशन, टीचिंग ऑफ पोएट्री, टीचिंग ऑफ प्रोज, टीचिंग ऑफ कंपोजीशन आदि बिन्दुओं को गहनता सें चर्चा परिचर्चा की गई।एआरपी वीरेंद्र सोनकर प्रियंका द्विवेदी, स्वाति सिंह ने विशेष प्रशिक्षण और संघनित पाठ्यक्रम पर आधारित आधुनिक शिक्षण तकनीकों को स्पष्ट किया।

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। जनपद में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार एवं अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 28 मार्च 2026 को जनपद के 100 विभागीय स्टेकहोल्डर का आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर तथा जनपद के सिटी तथा कोन ब्लॉक से संबंधित 50-50 महिलाएं, कुल 100 महिला स्वयं सहायता समूह की प्रमुख महिलाओं का एक दिवसीय कार्यशाला, प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा महिला स्वयं सहायता समूह की प्रमुख महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना निदेशक डीआरडीए अजय कुमार सिंह, द्वारा अवगत कराया गया की आपदा प्रबंधन का मूल आधार क्षमता निर्माण पूर्व तैयारी तथा समन्वित प्रतिक्रिया है।

किसी भी आपदा से होने वाली जन-धन की क्षति को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय पूर्व तैयारी एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन है। यदि संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन एवं समुदाय स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण, संसाधन एवं जागरूकता उपलब्ध हो तो आपदा के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सामान्यतः हम उन आपदाओं पर अधिक ध्यान देते हैं जो बार-बार घटित होती हैं, जबकि आपदा प्रबंधन की दृष्टि से उन संभावित आपदाओं के लिए भी तैयारी आवश्यक है जो कम घटित होती हैं, परंतु घटित होने पर अत्यधिक विनाशकारी हो सकती हैं। इसलिए बहु-आपदा दृष्टिकोण अपनाना समय की आवश्यकता है। जनपद मीरजापुर में बाढ़ एक प्रमुख आपदा है, जिसमें की प्रशासन तथा पुलिस की मुस्तैदी से क्षति न्यून रहती है और इसके विपरीत, डूबने से होने वाली मृत्यु की घटनाएं यह संकेत देती हैं कि डूबना जनपद की एक गंभीर एवं उपेक्षित आपदा है, जो अधिकांशतः लापरवाही, सुरक्षा उपायों की अनदेखी तथा जागरूकता के अभाव के कारण घटित होती है। घाटों, नदियों, तालाबों एवं जलाशयों के आसपास सावधानी बरतने तथा स्थानीय स्तर पर बचाव उपायों को



मजबूत करने पर बल दिया जाना उचित रहता है। जब तक आम जनता को आपदा जोखिम, बचाव के उपायों तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक पूर्ण सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों एवं स्थानीय समुदायों को भी इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल किया जाना चाहिए। आपदा के समय सभी विभागों प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, नगर निकाय, विद्युत, परिवहन आदि का त्वरित एवं समन्वित सहयोग अत्यंत आवश्यक होता है। समय पर सूचना का आदान-प्रदान, संसाधनों की उपलब्धता तथा स्पष्ट दायित्व निर्धारण से राहत एवं बचाव कार्य अधिक प्रभावी बनता है। इसी क्रम में एनडीआरएफ से आए वक्ता टीम कमांडर राहुल वर्मा द्वारा विभिन्न प्रकार की आपदाओं के साथ-साथ डूबने एवं सर्पदंश से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सर्पदंश की स्थिति में किसी भी प्रकार की झाड़-फूंक या तांत्रिक उपचार पर विश्वास न करें, बल्कि तत्काल निकटतम चिकित्सालय में उपचार कराना ही जीवन रक्षक उपाय है। इसके अतिरिक्त उन्होंने आपदा के समय विभिन्न विभागों की भूमिका, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों पर भी प्रकाश डाला।

यूनिसेफ के आपदा प्रबंधन सलाहकार घनश्याम मिश्र ने आपदा प्रबंधन में बच्चे और महिलाए जो कि सबसे नाजुक वर्ग के अंतर्गत आती है, उनके ऊपर विशेष ध्यान देने कि आवश्यकता है, पर चर्चा किया। जनपद मीरजापुर के नेशनल फेमली हेल्थ सर्वे के आकड़ों के आधार पर बताया कि जनपद में कुपोषित बच्चे जिसे स्टेंटेड और वेस्टेड कहते हैं उनकी संख्या राज्य के अनुपात में बहुत ज्यादा है, इसी प्रकार महिलाएं भी अतिकुपोषित है जिनमें खून की कमी है, ऐसे में किसी आपदा के समय में जब भोजन, आवासन व स्वच्छता आदि में समस्या होती है तो ऐसी स्थिति में इनकी स्थिति और भी खराब हो सकती है और यह स्थिति लंबे समय तक बने रहने से जानलेवा स्थिति भी बन जाती है। इसी तरह के अनेक उदाहरण लेकर आपदा प्रबंधन के बुनियादी तत्वों के बारे में चर्चा की। अग्निकांड विभाग से आए अग्निशमन अधिकारी अनिल प्रताप सरोज ने ग्रीष्म ऋतु का उल्लेख करते लू के रोकथाम के उपायों के सम्बन्ध में चर्चा करने के उपरांत तथा फायर एक्टिंग्विशर एवं अग्निकांड के रोकथाम के उपायों के सम्बन्ध में आए हुए विभागीय हितधारकों को प्रशिक्षित किए '

कार्यक्रम में पीडी डीडीआरडीए अजय कुमार सिंह, यूनिसेफ से सलाहकार घनश्याम मिश्रा, डीसीएनआरएलएम रमा शंकर सिंह, खंड विकास अधिकारी सिटी मुनीश सिंह, एनडीआरएफ से इंस्पेक्टर राहुल वर्मा एवं उनकी टीम, अग्निशमन अधिकारी अनिल सरोज, आपदा विशेषज्ञ अंकुर गुप्ता तथा विभागीय प्रतिभागियों के रूप में जनपद की सभी स्वास्थ्य इकाइयों से 1 डॉक्टर, पशु चिकित्सा विभाग से सभी विकास खंडों से पशु चिकित्साधिकारी, कृषि विभाग तथा पंचायत राज विभाग एवं ग्राम विकास विभाग से संबंधित एडीओ तथा कृषि विभाग के सभी एसटीए एवं सेकंड सेशन में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक सिटी एवं कोन की 100 महिला स्वयं सहायता प्रमुख तथा आपदा मित्र मनीष साहनी, विकास कुमार, ओमनाथ, राजू साहनी, श्याम बाबू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किया गया।

# किशोरी के साथ चार युवकों ने किया दुराचार, दी तहरीर

जौनपुर। मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शौच करने गए किशोरी के साथ नकाबपोश चार युवकों ने गेहूं के खेत में सामूहिक दुष्कर्म किया, जब हालत गंभीर हो गई तो खेत में ही दुष्कर्मी युवती को छोड़कर फरार हो गए। घटना तीन दिन पहले रात की बताई जाती है। बताया जाता है कि एक गांव में 26 मार्च की रात 9 बजे नाबालिक लड़की शौच के लिए घर के बगल में गई हुई थी। जहां पर चार युवक उसको जबरदस्ती घर से 500 मीटर दूर गेहूं के खेत में उठा ले गये और वहां बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। जब हालत गंभीर हो गई तो चारों छोड़कर फरार हो गए। इधर रात अत्यधिक होने के कारण जब किशोरी घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू किया तो गंभीर अवस्था में उसे घर से 500 मीटर दूर गेहूं के खेत में पड़ी हुई मिली। आरोप है कि जाते जाते नकाबपोश युवकों ने नाबालिग को धमकाया कि अगर किसी से बताया तो पूरे परिवार को जान से मारकर खत्म कर देंगे। चारों युवकों के डर से परिजनों ने किसी से भी घटना की जानकारी नहीं दिया और युवती की इलाज करवाया इसके बाद घटना का पता आसपास के लोगों ने पुछ ताछ करने के बाद परिवार वालों को हिम्मत दिया और शुक्रवार की शाम पीड़ित युवती को लेकर कोतवाली पुलिस के पास पहुंचकर सामूहिक दुष्कर्म करने की तहरीर दिया। पुलिस तहरीर पाने के बाद परिजनों से पहली तहरीर हटवा दिया और आरोप है कि दूसरी तहरीर लिखवाई गई। मामला सामूहिक दुष्कर्म का था इसलिए पुलिस ने पीड़ितों से कहा कि इसकी जांच की जाएगी तब कार्रवाई होगी। पीड़ित युवती का मेडिकल मुआयना तक नहीं कराया गया था बल्कि उसकी मां को साथ में कोतवाली परिसर में ही बैठाया गया था। परिजनों की मानो तो पुलिस तीन युवकों को पूछताछ के लिए ले आई है।

## इण्टर लाकिंग और नाली का लोकार्पण

जौनपुर। नगर पालिका परिषद, अन्तर्गत वार्ड हुसैनाबाद पी०डब्लू०डी० कालोनी में तारकेश्वर नाथ मन्दिर से आवास संख्या-डी 73 अमित सिंह के



मकान होते हुए विकास चन्द्र श्रीवास्तव के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य 15.02 लाख, मछलीशहर पड़ाव बाबाजी कुटिया के पास इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य 8.41 लाख, वार्ड कटघरा मो० तारापुर कालोनी में उपेन्द्र सिंह के मकान से गुलाव यादव के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य 2.35 लाख तथा मो० खानपुर अकबर में नरेश कुमार के मकान से बहवा तक 900 एम०एम० डाया हम पाईप द्वारा जलनिकासी कार्य 14.11 लाख का लोकापर्ण अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, श्रीमती मनोरमा मौर्या द्वारा किया गया। कार्यालय अधीक्षक, खुश्बू यादव जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, देवानन्द मौर्या, मनोज कुशवाहा, सत्येन्द्र सिंह, मनीषकुमार सिंह, इन्द्रजीत मौर्य, भूवनिन्द्र यादव, धीरज सैनी, गुलजार अली, विजय यादव, दीपक शुक्ला, अमन यादव, विशाल, बेचन यादव आदि उपस्थित थे।

## महिला जागरूकता के लिए महिला पुलिस कर्मियो ने निकाली बाइक रैली

आजमगढ़। पुलिस लाइन से शनिवार को महिला पुलिस कर्मियो ने बाइक रैली निकाल कर महिला सुरक्षा के लिए जागरूक किया। मिशन शक्ति फेज पांच के द्वितीय चरण के तहत महिला पुलिस बाइक रैली का भव्य आयोजन किया गया। सीओ सदर आस्था जायसवाल और महिला थानाध्यक्ष प्रज्ञा सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखा कर बाइक रैली को रवाना किया। बाइक रैली पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर घंटाघर चैराहा, अग्रसेन चैराहा, गांधी तिराहा, रैदोपुर तिराहा, कलेक्ट्रेट चौराहा सहित प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी, जहां रैली के माध्यम से आमजन, विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया। सीओ सदर आस्था जायसवाल ने कहा कि मिशन शक्ति फेज पांच के तहत महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना प्राथमिकता है। इस अभियान के अंतर्गत एंटी-रोमियो टीमों की ओर से नियमित चेकिंग की जाएगी। विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्रामीण क्षेत्रों में चैपाल आयोजित कर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी गुरु ज्ञान चंद्र पटेल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रन फॉर एम्पावरमेंट बना आत्मविश्वास और सुरक्षा का प्रतीक

सीतापुर। जनपद की सड़कों पर शनिवार सुबह एक अलग ही ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला, जब ह्यरन फॉर एम्पावरमेंटह्व कार्यक्रम के तहत सैकड़ों कदम एक साथ नारी सशक्तिकरण के संदेश के लिए आगे बढ़े। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत आयोजित इस दौड़ ने महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की एक मजबूत तस्वीर पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे महिला थाना क्षेत्र से हुआ, जहां अपर पुलिस



अधीक्षक उत्तरी आलोक कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों, रिक्रूट महिला आरक्षियों और स्कूली छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। दौड़ का उद्देश्य केवल शारीरिक गतिविधि तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनमें आत्मविश्वास का संचार करना भी था। प्रतिभागियों के चेहरे पर उत्साह और दृढ़ संकल्प साफ झलक रहा था, जो यह संदेश दे रहा था कि आज की नारी हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित जागरूकता सत्र में बालिकाओं को महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 और 112 की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें बताया गया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में वे बिना हिचक इन सेवाओं का उपयोग कर सकती हैं। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि रन फॉर एम्पावरमेंट केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि महिलाओं को निडर होकर आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सीतापुर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह आयोजन न केवल एक कार्यक्रम रहा, बल्कि समाज को यह संदेश देने में सफल रहा कि जब नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा।

## एक भी प्रार्थना पत्रों का नहीं हुआ निस्तारण

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना परिसर में समाधान दिवस तहसीलदार दीक्षा पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल मात्र दो प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए निस्तारण एक का भी नहीं हो सका। निस्तारण करने हेतु तहसीलदार दीक्षा पांडे ने पुलिस एवं राजस्व टीम को मौके पर भेज कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। तहसीलदार दीक्षा पांडे ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि फरियादी को बार-बार तहसील एवं थाने का चक्कर न लगाना पड़े जिससे फरियादियों द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्रों के गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के लिए मौके पर जाकर दो गवाहो के समक्ष मामले का निस्तारण करते हुए समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

संक्षेप

## भाजपा के पूर्व महामंत्री सुभाष यादव का निधन

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर महामंत्री सुभाष यादव का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया, वह विभिन्न पदों पर रहकर संगठन का कार्य किया आपकी तीन विवाहित पुत्रियां हैं भतीजे शिवम ने दी मुखाग्नि, जिस समय भाजपा में गिने-चुने चेहरे नगर में कार्य करते थे उसे समय के सुभाष जी नेता थे चुनाव के दौरान नुक्कड़ सभा का संचालन करने वाले कुशल वक्ता के रूप में सुभाष यादव की पहचान थी, भाजपा का पक्ष मजबूती से रखकर संगठन को मजबूती प्रदान करने वाले सुभाष यादव का देवकली स्थित शिवाय अस्पताल में हुआ निधन ,कई दिनों से बीमार चल रहे थे, जमतरा घाट पर हुआ अंतिम संस्कार, ऋषि टोला स्थित आवास पर शोक प्रकट करने वालों का लगा रहा जमावड़ा , नम आंखों ने दी अंतिम विदाई, सुभाष यादव के निधन पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, वीर भानु प्रताप सिंह, अधिवक्ता परिषद के प्रांत अयोध्या उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में 87 शिकायतें मिलीं, 19 शिकायतों का निस्तारण



देवरिया। जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को हुथाना समाधान दिवसहु का आयोजन किया गया, जिसमें आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण का प्रयास किया गया। खास तौर पर देवरिया सदर कोतवाली में समाधान दिवस के दौरान लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया।

गोरखपुर परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक एस. चन्नप्पा ने थाना मदनपुर पहुंचकर जनसमस्याओं को सुना और राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर जाकर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर हरिराम यादव भी उपस्थित रहे।

वहीं देवरिया सदर कोतवाली में एडीएम सदर श्रुति शर्मा, प्रभारी निरीक्षक राकेश राय एवं राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जहां फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और कई मामलों का तत्काल निस्तारण कराया गया।पुलिस अधीक्षक देवरिया संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर डेस्क सिस्टम के तहत हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा अलग-अलग डेस्क लगाकर शिकायतें सुनी गईं।इस व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ाने, जवाबदेही तय करने और जनसुनवाई को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

समाधान दिवस के दौरान पूरे जनपद में कुल 87 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 19 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के त्वरित समाधान के लिए राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं इस अवसर पर पुलिस एवं राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे, जिन्होंने जनता की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई।

# हरे कृष्ण मंदिर में राम नवमी पर हुए विविध आयोजन



कसया, कुशीनगर। रामनवमी के अवसर पर कसया के हरेकृष्ण मंदिर में शुक्रवार देर रात्रि को सम्पन्न नाट्य मंचन में स्थानीय कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र की सजीव प्रस्तुति की। राम जन्म प्रसंग, वनवास के दौरान केवट राम संवाद, सोहर व भजन की प्रस्तुति देख सुन दर्शक भावविभोर हो उठे।जय श्री राम के उद्घोष से पांडाल गूंज उठा। लोगों ने कलाकारों की सराहना की। अभिषेक व आरती पश्चात प्रसाद वितरण से कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके पूर्व गोविंद गोपाल दास ने कथा में कहा कि प्रभु श्री राम का जीवन त्याग, कर्तव्यपरायणता, प्रेम और आदर्शों की सर्वोच्च मिसाल है।

इसलिए वह पुरुषोत्तम कहे गए।अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र के रूप में जन्मे राम ने अपने पिता के वचनों को निभाने के लिए 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया, रावण का वध कर धर्म की स्थापना की और प्रजा-वत्सल राजा के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया। नाट्य मंचन में राम की भूमिका में अनुभव वर्मा, लक्ष्मण बने आदित्य, सीता बनी जिया जायसवाल, केवट संजय साहनी, केवट की पत्नी की भूमिका में सुहानी और निषाद राज गुह की भूमिका निभा रहे केशव के अभिनय की सभी ने सराहना की। राम जन्म प्रसंग में गौरव, लाडली, मानसी, महेश, अनन्या पात्रों की भूमिका निभाई।

इसके पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि राम ने पुत्र, भाई, पति और राजा के रूप में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार, ओमप्रकाश जायसवाल, सभासद राजेश मद्धेशिया ने कथा व्यास का अभिनंदन किया।

## बिहार सीमा पर चेक पोस्ट, तस्करों के लिए बना ग्रीन कॉरिडोर

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सल्लहपुर स्थित राजा देवी महिला महाविद्यालय के निकट यूपी-बिहार सीमा पर बना चेक पोस्ट इन दिनों अपनी हुमीन सेवाहु के लिए चर्चा में है। हालात ऐसे हैं कि चेक पोस्ट पर पुलिस की मौजूदगी ढूंढना वैसा ही है जैसे दिन में तारे खोजना—कागजों में चमकते, जमीन पर गायब।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह चेक पोस्ट सुरक्षा के लिए कम और सजावट के लिए ज्यादा प्रतीत होता है। हुयहां तैनातीहु शायद सिर्फ फाइलों में होती है, क्योंकि मौके पर तो कोई पुलिस कर्मी नजर नहीं आता। नतीजा यह कि इस रास्ते से गौ तस्कर, वाहन चोर और शराब तस्कर बेखौफ होकर अपना कारोबार संचालित कर रहे हैं—मानो उन्हें प्रशासन की ओर से हुफ्री पासहु मिल गया हो।दिन हो या रात, हालात जस के तस हैं। तस्करों का आत्मविश्वास इतना बढ़ चुका है कि उन्हें अब किसी चेकिंग या रोक-टोक का डर नहीं। क्षेत्रीय लोगों का तंज है कि हुयह चेक पोस्ट नहीं, बल्कि तस्करों के लिए हुग्रीन कॉरिडोरहु बन चुका है। लोगों का कहना है कि इस पोस्ट पर पुलिस अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में इतने व्यस्त हैं कि इस शोपीस चेक पोस्ट की सुध लेने का समय नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सीमा पर सुरक्षा ही न हो, तो चेक पोस्ट का औचित्य क्या रह जाता है? अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस हुमूक दर्शकहु बने चेक पोस्ट को कब तक जागृत कर पाते हैं, या फिर यह यूं ही तस्करों की सहूलियत का प्रतीक बना रहेगा।

## कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना अभियान का उद्देश्यः शशांक मणि




देवरिया : शनिवार, भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान भटनी नगर पंचायत में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पार्टी कार्यकताओं के लिए था। इस महाअभियान के दौरान कुल 7 वर्ग आयोजित किए गए।इनमें पार्टी के कार्यकताओं को संगठन की संरचना, विचारधारा के सिद्धांत और कार्यशैली से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया।मुख्य वक्ता के रूप में सदर सांसद शशांक मणि ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाअभियान का उद्देश्य कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाना और उन्हें सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सजग प्रहरी बनाना है। ताकि वे आमजन तक जानकारी पहुंचाकर संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत कर सकें।इस दौरान डा अर्चना पांडे, गंगा सिंह कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, हितेंद्र तिवारी, अमित तिवारी, आशीष पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

भटनी (देवरिया)।जनपद में अपराध एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत भटनी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक देवरिया संजीव सुमन के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमान श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष भटनी मृत्युंजय राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।शनिवार को उ0नि0 बांके यादव मय हमराह हे0का0 संजय कुमार व हे0का0 संजय सिंह यादव क्षेत्र में गश्त एवं चेकिंग कर रहे थे।इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना भटनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 22/2026 से संबंधित वांछित अभियुक्तों को लल्लन तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों में अर्जुन यादव (30 वर्ष), अजीत यादव (26 वर्ष) पुत्रगण परमानंद यादव तथा रोहित कुशवाहा (23 वर्ष) पुत्र केशव कुशवाहा निवासी धर्मखोर बाबू, थाना भटनी, जनपद देवरिया शामिल हैं।पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय देवरिया के समक्ष पेश करने हेतु रवाना कर दिया।गिरफ्तारी करने वाली टीम में शामिल उपनिरीक्षक बांके यादव, हेड कांस्टेबल संजय कुमार एवं हेड कांस्टेबल संजय सिंह यादव रहें।

## गरीबी को मात देकर शत्रुघ्न गुप्ता ने पाई सफलता असम राइफल में चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर

देवरिया। जनपद के रामपुर कारखाना क्षेत्र के बरियारपुर थाना अंतर्गत पांडेपुर गांव निवासी शत्रुघ्न गुप्ता ने अपनी मेहनत, लगन और संघर्ष के दम पर असम राइफल में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिल रहा है।शत्रुघ्न गुप्ता एक बेहद साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता गेना गुप्ता और बड़े भाई टैम्पू चलाकर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित आय और संसाधनों के बीच परिवार का गुजारा करना ही एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन इन कठिन परिस्थितियों ने शत्रुघ्न के हौसले को कभी कमजोर नहीं होने दिया।बताया जाता है कि शत्रुघ्न पढ़ाई के साथ-साथ अपने पिता और भाई के काम में भी हाथ बंटाते थे, ताकि परिवार की आर्थिक स्थिति को संभालने में मदद मिल सके। दिनभर मेहनत करने के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी लगातार जारी रखी। संसाधनों की कमी के बावजूद उनकी लगन और आत्मविश्वास ने उन्हें आगे बढ़ने की ताकत दी।कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर आखिरकार शत्रुघ्न ने वह मुकाम हासिल कर लिया, जिसका सपना उन्होंने वर्षों पहले देखा था। असम राइफल में चयनित होने के बाद उनके घर और गांव में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि शत्रुघ्न ने यह साबित कर दिया कि अगर इंसान के इरादे मजबूत हों तो कोई भी कठिनाई उसे सफलता पाने से नहीं रोक सकती।शत्रुघ्न गुप्ता की यह सफलता आज के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनकर उभरी है। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि कठिन परिस्थितियां चाहे जितनी भी हों, मेहनत, धैर्य और लगन से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## स्क्रब टायफस एवं लेप्टोस्पायरोसिस से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील

कुशीनगर। उप कृषि निदेशक अतिंद्र सिंह ने जनपद के समस्त कृषक बंधुओं एवं आम जनमानस से अपील किया है कि चूहा एवं छछूंदर से फैलने वाले स्क्रब टायफस एवं लेप्टोस्पायरोसिस जीवाणु जनित संक्रामक रोग हैं। वर्तमान समय में खेतों में बुआई का कार्य प्रारम्भ होने के कारण चूहे स्वाभाविक रूप से खेतों से घरों की ओर आने लगते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की संभावना बढ़ जाती है। अतः इन रोगों की रोकथाम एवं चूहों के प्रभावी नियंत्रण हेतु निम्नलिखित उपाय अपनाए जाने की सलाह दी है।

उन्होंने बताया कि चूहेदानी का प्रयोग करते हुए उसमें आकर्षक चारा जैसे रोटी, बिस्किट, डबल रोटी आदि रखकर चूहों को पकड़ें तथा उन्हें सुरक्षित रूप से जमीन में गाड़ दें। जिंक फास्फाइड 80 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. को 1 ग्राम सरसों के तेल एवं 48 भाग भूने हुए चना, गेहूं या चावल में मिलाकर चूहों के बिलों में डालें। एल्यूमीनियम फास्फाइड रसायन की 3झ4 ग्राम मात्रा प्रत्येक जीवित बिल में डालकर बिल को बंद कर देने से निकलने वाली फॉस्फीन गैस से चूहों का प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है।ब्रोमोडियोलॉन 0.005 प्रतिशत से बने बिस्किट की लगभग 10 ग्राम मात्रा प्रत्येक जीवित बिल में डालकर बंद कर देने से चूहे उसे खाकर नष्ट हो जाते हैं।

जिंक फास्फाइड 80 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. जनपद के समस्त विकास खण्डों में स्थापित राजकीय कृषि रक्षा इकाई/बीज भण्डार पर मात्र 7.00 रुपये (प्रति 10 ग्राम पैकेट) की दर से उपलब्ध है, जिसे कृषकगण क्रय कर सकते हैं। उपरोक्त रसायनों में विषैले तत्व पाए जाते हैं, अतः इनके उपयोग में विशेष सावधानी बरती जाए तथा इन्हें बच्चों एवं पशुओं की पहुंच से दूर रखा जाए। उप कृषि निदेशक ने जनपद के किसानों एवं नागरिकों से पुनः अपील की है कि अपने घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा चूहों के नियंत्रण हेतु वैज्ञानिक उपाय अपनाकर स्वयं एवं परिवार को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखें।

# ई-पेमेंट से भुगतान के लिए आवश्यक निर्देश जारी

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के दृष्टिगत जनपद के समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों/कार्यालयाध्यक्षों को प्रदेश के कोषागारों में लागू ई-पेमेंट प्रणाली के अंतर्गत आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं।जारी निदेशों के अनुसार अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 से समस्त शासकीय भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से किया जा रहा है तथा शासन द्वारा समय-समय पर इस संबंध में दिशा-निर्देश निर्गत किये जाते रहे हैं। शासनादेश दिनांक 12.03.2026 के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त बजट के सापेक्ष समयबद्ध भुगतान एवं देयकों के सुचारू निस्तारण हेतु विभिन्न निर्देश निर्धारित किये गये हैं-समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने समस्त बिल अनिवार्य रूप से दिनांक 25 मार्च 2026 तक कोषागार में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किए जाने, तथा कोषागार द्वारा उक्त तिथि तक प्राप्त बिलों की आवश्यक जाँच के उपरांत मासिंग की कार्यवाही करते हुए ई-पेमेंट के माध्यम से दिनांक 31 मार्च 2026 तक भुगतान हेतु अथराइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। दिनांक 31 मार्च 2026 को पारित बिलों का ई-पेमेंट ट्रांजेक्शन अप्रूवल सायं 17:00 बजे तक ही किया जा सकेगा। निदेशों में यह भी कहा गया है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में प्रस्तुत किये जाने वाले देयकों को संबंधित कार्यालय/आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा नियमानुसार तैयार कर आवश्यक स्वीकृति आदेश एवं वांछित प्रपत्रों सहित प्रस्तुत किया जाये, जिससे भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार का विलम्ब या व्यवधान उत्पन्न न हो। यदि किसी कारणवश दिनांक 25 मार्च 2026 तक बिल कोषागार में प्रस्तुत नहीं किये जा सके हैं, तो ऐसे बिल दिनांक 31 मार्च 2026 को अपराह्न 15:00 बजे तक ही कोषागार में प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

# जिला कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक संपन्न




देवरिया । जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक भवन पर सम्पन्न हुई। उक्त बैठक प्रदेशीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार प्रदेशीय पर्यवेक्षक प्रदेशीय मंत्री श्रीधर मिश्रा एवं मंडलीय पर्यवेक्षक मांडलिक मंत्री बस्ती चंद्रिका सिंह की देख रेख में ब्लॉक वार समीक्षा की गयी। सभी ब्लॉक से जाने वाले शिक्षकों के ट्रेन टिकट एवं वाहन संख्या का ब्यौरा प्राप्त किया गया।प्रदेशीय मंत्री श्रीधर मिश्रा ने कहा कि आर टी ई लागू होने के वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टी ई टी अनिवार्य किए जाने एवं अर्हता नहीं धारण किए जाने पर पद से हटाने के आदेश को अन्याय पूर्ण है।शिक्षकों के अस्तित्व का सवाल है शिक्षक अपने हक के लिए सड़क से लेकर संसद तक आवाज पहुंचाएंगे। मांडलिक मंत्री बस्ती चंद्रिका सिंह ने कहा कि टीईटी का मुद्दा राष्ट्रीय मुद्दा है।इस मुद्दे पर टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया सफलता मिलने तक चुप नहीं बैठेगा। शिक्षकों की महारैली 4 अप्रैल 26 को रामलीला मैदान दिल्ली में किया जाएगा। 22 मार्च 26 को प्रदेश की बैठक में निर्देश दिया गया कि रामलीला मैदान दिल्ली में 16 राज्यों के शिक्षक लाखों की संख्या में शामिल होंगे। जिसमे उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे महत्व पूर्ण है।जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 4 अप्रैल 26 रामलीला मैदान दिल्ली में होने वाला महारैली टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले पूरे देश के शिक्षकों के भविष्य के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ है। अभी तक 16 राज्यों के संगठनों ने अपना समर्थन दिया है । जूनियर अध्यक्ष रामा जी यादव ने कहा कि जनपद से एक हजार शिक्षक रामलीला मैदान दिल्ली में प्रतिभाग करेंगे। प्रत्येक ब्लॉक से न्यूनतम 50 शिक्षक जाने को तैयार रहें।इसके लिए जाने वाले शिक्षकों की वाहन या ट्रेन जिस साधन से जाना है वे जिला संगठन को अवगत करा दे।वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी आंदोलन शिक्षकों की राष्ट्रीय फलक की समस्याओं के समाधान हेतु अग्रणी भूमिका निभाएगा।बैठक का संचालन जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल एवं जिला मीडिया प्रभारी संदीप कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक को जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश मणि, उपाध्यक्ष बैजनाथ पति त्रिपाठी, विनोद कुमार मिश्रा , सफीक अहमद खान, जयप्रकाश सिंह , नित्यानंद यादव , संजय कुमार मिश्र ने संबोधित किया। , ओम प्रकाश शुक्ला, रामनिवास यादव, विजय शंकर यादव, सरिता जायसवाल , लालकृष्ण सिंह , रमेश कुमार यादव , दिलीप प्रताप शुक्ल, ब्रजेश राव , सत्येंद्र सिंह , नरेंद्र यादव , रमेश प्रताप यादव , अरुण दुबे , रामसिंगार यादव , कृष्ण कुमार सिंह, पुरुषोत्तम , योगेश कुमार तिवारी , गोविंद मिश्रा , धर्मेंद्र सिंह , रामनाथ प्रसाद, सत्यप्रकाश सिंह , सुशील यादव , आशुतोष शाह ,सुभाष यादव , सुशील सिंह , अरुण तिवारी, आलोक सिंह , मनोज कुमार , रवींद्र यादव , हरिवंशनाथ तिवारी , सूर्यकांत पाण्डेय , आलोक कुमार सिंह , राष्ट्रपति शुक्ला , जय प्रकाश कुशवाहा, राजेश कुमार, शिवचंद प्रजापति ,जीतू कन्नौजियाआदि शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पॉक्सो एक्ट के तहत सपोर्ट पर्सन की त्रैमासिक बैठक



देवरिया। उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिये गये दिशा-निर्देश क्रे क्रम में आज जनपद न्यायालय के केन्द्रीय सभागार कक्ष में माननीय जनपद न्यायाधीश श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्षता में पॉक्सो अधिनियम के अर्न्तगत ह्यह्यसपोर्ट पर्सनकी सेवाओं के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु त्रैमासिक बैठक का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि बच्चों के यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम, का उद्देश्य 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन उत्पीड़न, यौन शोषण और लैंगिक अपराधों से बचाना है।स

साथ ही, न्यायिक प्रक्रिया के हर चरण में बच्चे के हितों की रक्षा करना और अपराधों की रिपोर्टिंग, साक्ष्य दर्ज करने, जांच और विशेष न्यायालयों के माध्यम से त्वरित सुनवाई के लिए बाल-हितैषी तंत्रों को शामिल करना है। उन्होने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित हो इस हेतु न्यायपालिका और प्रशासन दोनों को प्रतिबद्ध होना चाहिए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश-पाक्सो) श्री बीरेन्द्र सिंह द्वारा पोक्सो अधिनियम एवं पोक्सो नियमों के तहत प्रक्रियाओं और प्रावधानों के सम्बन्ध में तथा सहायक व्यक्तियों के कामकाज में आ रही चुनौतियों, कमियों और अच्छी प्रथाओं व बच्चों के सम्बन्ध में हितधारकों की भूमिकायें और जिम्मेदारी तथा परिवार और सहायक व्यक्ति को आने वाली चुनौतियों के सम्बन्ध में अपनाये जाने वाली प्रथाओं के बारे में वर्णन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्रीमती शैलजा मिश्रा ने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा हेतु सभी संबंधित विभागों का समन्वित, उत्तरदायी एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को पोक्सो अधिनियम, 2012 के अंतर्गत मामलों की जांच प्रक्रिया, बाल पीड़ितों के साथ बाल-अनुकूल व्यवहार, साक्ष्य संकलन की विधि, न्यायालयीन प्रक्रिया के दौरान अपनाई जाने वाली संवेदनशील कार्यवाही तथा पीड़ितों को उपलब्ध विधिक सहायता सेवाओं के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिवीक्षा अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, चाइल्ड लाइन, वन स्टाफ सेण्टर, बाल कल्याण समिति के सदस्य, पॉक्सों मामलों से निपटने वाले चिकित्सा आदि उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पंचायत टीम का विरोध, आठ के खिलाफ तहरीर

जिला संवाददाता

भटनी (देवरिया)। नगर पंचायत द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। मामला नगर के चुड़ी गली एवं गांधी चौक से सोनारी गली तक का है, जहाँ नाली पर किए गए अतिक्रमण को हटाने पहुँची टीम को विरोध का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत प्रशासन नाली निर्माण की योजना के तहत अतिक्रमण हटाने का अभियान चला रहा था। इसी क्रम में अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कर्मचारी मौके पर पहुँचे और नाली पर किए गए कब्जे को हटाने लगे।बताया जाता है कि जैसे ही टीम गांधी चौक से सोनारी गली में नाली से अतिक्रमण हटाने लगी, उसी दौरान एक ही परिवार के कुछ लोग नगर प्रशासन से उलझ गए और विरोध करने लगे। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि लोग मारपीट पर उतारू हो गए, हालांकि मौके पर मौजूद अन्य लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया और बड़ी घटना टल गई।

इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो में विरोध कर रहे लोग यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि पहले नई नाली का निर्माण कराया जाए, उसके बाद पुरानी नाली को हटाया जाए। वहीं नगर प्रशासन का कहना है कि पुरानी नाली पर ही अतिक्रमण कर लिया गया है, ऐसे में दूसरी नाली का निर्माण कराना संभव नहीं है।कुछ लोग तो पुरानी नाली पर ही ईट साज कर अपनी दुकान संचालित कर रहे थें।

घटना के संबंध में अधिशासी अधिकारी द्वारा वीडियो साक्ष्य के साथ थाने में आठ लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है।

# संस्कृत साहित्य में मानव मूल्यों का दर्शन विषय पर संगोष्ठी संपन्न




कसया, कुशीनगर। निर्वाण सेवा संस्थान, कुशीनगर द्वारा नपा कुशीनगर क्षेत्र के सिसवा - महंथ स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के रामलीला मैदान में ह्लसंस्कृत साहित्य में मानव मूल्यों का दर्शनह्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. रविशंकर प्रताप राव ने अपने व्याख्यान में संस्कृत साहित्य की महत्ता बताते हुए कहा कि इसमें निहित मानवीय मूल्य समाज को दिशा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति और परंपरा को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता शिक्षक राजू कुमार मद्धेशिया ने अपने संबोधन में संस्कृत ग्रंथों में वर्णित आदर्शों एवं नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन मूल्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि अमित मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। अध्यक्षता करते हुए संस्था के कार्यक्रम समन्वयक हृदया नंद शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्था प्रबंधक एडवोकेट विजेंद्र कुमार राय के निर्देशन में भारतीय परम्परा, संस्कृत साहित्य को लेकर चलाए जा रहे बौद्धिक कार्यक्रम से समाज में जागरूकता बढ़ेगी। इस दौरान अशोक सिंह, रमेश मद्धेशिया, मनोज सिंह, डॉ. अम्बरीष विश्वकर्मा, गविश उपाध्याय, संजय सिंह, पवन गुप्ता, अभिषेक शर्मा, संगीतकार राम छबीला शर्मा, महेश गुप्ता, सोनू यादव सहित प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में शनिवार को जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, एनएचएआई, रोडवेज तथा चिकित्सा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक के प्रारम्भ में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता मुकेश वर्मा द्वारा विगत माह में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा प्रस्तुत की गई। उन्होंने जनपद में घटित विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कसया थाना क्षेत्र के बुद्ध मंदिर मार्ग स्थित नौका विहार के समीप मोटरसाइकिलों की आपसी टक्कर में एक 17 वर्षीय युवक की मृत्यु, रामकोला क्षेत्र में बोलेरो एवं डीसीएम की टक्कर से दुर्घटना तथा पटहेरवा क्षेत्र में मोटरसाइकिल दुर्घटना में 32 वर्षीय युवक की मृत्यु की घटनाएं दर्ज की गईं। साथ ही एनएचपीडब्ल्यूसी, गोरखपुर द्वारा पुलिया मरम्मत एवं सुरक्षा संबंधी कार्यों की जानकारी भी दी गई।

जिलाधिकारी ने मा० उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में सभी आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग की ओर से एआरटीओ मो० अजीम ने अवगत कराया कि पूर्व बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 20.03.2026 को स्कूल वाहनों की

**● सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी बनाने के निर्देश**

फिटनेस जांच हेतु विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 130 वाहनों का निरीक्षण किया गया। शिविर के दौरान चिकित्सा विभाग के सहयोग से नेत्र परीक्षण (आई कैम्प) भी आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर ओवरलोडिंग के विरुद्ध अभियान चलाते हुए चालान एवं राजस्व वसूली की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी श्री तंवर ने निर्देशित किया कि सभी स्कूल बसों की फिटनेस अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए तथा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को शामिल कर विद्यालय वाहनों की जांच अभियान को और तेज किया जाए। साथ ही प्रवर्तन कार्यवाहियों का व्यापक प्रचार-प्रसार मीडिया के माध्यम से कराया जाए।

बैठक में रोडवेज अधिकारियों, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि जिन वाहन चालकों एवं परिचालकों को दृष्टि दोष के कारण चश्मे की आवश्यकता है, उन्हें बिना चश्मा लगाए वाहन संचालन की अनुमति न दी जाए। पुलिस विभाग के यातायात निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि पड़रौना क्षेत्र में जाम की प्रमुख समस्या नहर के समीप बसों द्वारा अनियंत्रित रूप से यात्रियों को बैठाने एवं उतारने के कारण उत्पन्न होती है। इस पर जिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी एवं सतत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

संक्षेप

## पीड़ित परिवार को मिला आवासीय पट्टा प्रप्रत्र

धौरहरा खीरी। बीतें दिनों न्यायालय के आदेश पर प्रशासनिक अफसरों द्वारा एक ग्रामीण का घर जमींदोज करने की कार्रवाई से पीड़ित गरीब परिवार गांव में बनी पानी की टंकी पर चढा था, लेकिन मौके पर मौजूद प्रशासनिक अफसरों व अन्य के समझाने बुझाने व मुआवजा के आश्वासन के बाद परिवार नीचे उतरा था।इस मामले में तहसील प्रशासन ने करीब 20 दिनो बाद ग्राम प्रधान के प्रस्ताव के साथ तहसील प्रशासन ने शनिवार में पीड़ित परिवार को आवासीय पट्टा आवंटन पत्र सौंपा। जानकारी के मुताबिक बीतें दिनों क्षेत्र के परगना फिरोजाबाद के हसनपुर कटौली गांव में न्यायालय के आदेश पर पूर्व घाघरा नदी कटान पीड़ित ठाकुर बृजेश कुमार सिंह के घर को प्रशासनिक अफसरों ने जरिये जे सी बी से जमींदोज कर दिया था। जिससे नाराज होकर पीड़ित परिवार गांव में बनी पानी की टंकी पर चढ़ा था।टकी पर चढ़ने से प्रशासन हरकत में आया और मान मनौव्वल का खेल शुरू हुआ। हालांकि करीब दो-तीन घंटे के मान मनौव्वल व आश्वासन के बाद पीड़ित परिवार नीचे उतरा था।इसी कडी में करीब 20 दिनो बाद तहसील प्रशासन ने आवादी की गाटा व खसरा संख्या 503 मिनजुमला से 0.012 हेक्टेयर करीब 120 मीटर भूमि के पट्टा प्रप्रत्र पीड़ित परिवार को तहसील प्रशासन ने सौंपे। इस मामले में जानकारी देते हुए तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल ने बताया कि आज पीड़ित परिवार से मिलकर पीड़ित बृजेश सिंह की पत्नी सरोजिनी देवी के नाम तैयार दस्तावेज सौंपे गए।

## मजदूर की करंट लगने से मौत

सीतापुर। जिले के खैराबाद ब्लॉक के मानपुर थाना क्षेत्र स्थित भिमरी गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में टेंट मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब युवक रहिमाबाद में टेंट लगाने का काम कर रहा था। मृतक की पहचान राकेश कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह मजदूरी पर टेंट लगाने गया था। टेंट का गेट लगाते समय अचानक वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गए। राकेश की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। उनकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। राकेश अपने पीछे पांच बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं, जिनमें तीन बेटियां और दो बेटे शामिल हैं। उनकी सबसे बड़ी बेटी विवाह योग्य है, जबकि बाकी सभी बच्चे अभी छोटे हैं। राकेश ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले थे, ऐसे में उनकी मौत से परिवार पर आर्थिक संकट भी गहरा गया

## स्नातक की छात्रा ने फंदे से लटककर दी जान

इटावा। जिले में शनिवार को बीएससी (स्नातक) की एक छात्रा ने अपने घर के कमरे में फंदे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मडैयां ख्याली राम में शनिवार सुबह की है। पिता राजेंद्र सिंह की जब सुबह नींद खुली तो वह बेटी के कमरे के सामने से गुजर रहे थे कि तभी उनकी नजर फंदे से लटके शव पर पड़ी, जिसके बाद चीख-पुकार मच गई।सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह छात्रा यशोदा (18) का शव उसके कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा।अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## कानपुर में बिना पंजीकरण चल रहा मेडिकल सेंटर सीज

कानपुर। कानपुर के तहसील नर्वल क्षेत्र में बिना पंजीकरण संचालित निजी अस्पतालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में शनिवार को साढ़ क्षेत्र में संचालित गौरव मेडिकल सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें गंभीर अनियमितताएं मिलने पर उसे तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। यह कार्रवाई उपजिलाधिकारी नरवल विवेक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई।

# सोनभद्र विकसित भारत के संकल्प को कर रहा साकार

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री, हरदीप सिंह पुरी भारत सरकार द्वारा जनपद में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना की निधि से संस्तुत/स्वीकृत 100 विकास कार्यों का 3 करोड़ 94 लाख 40 हजार का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। श्री पुरी ने अपने संदेश में कहा कि जनपद सोनभद्र से उनका गहरा रिश्ता है तथा यह जनपद उन्हें अपने घर जैसा प्रतीत होता है, उन्होंने कहा कि आज का दिन उनके लिए अत्यन्त प्रसन्नता का है तथा जनपद सोनभद्र के विकास की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण दिन है। 64 कार्यों से जनपद के विकास को नई गति मिलेगी तथा जनपदवासियों के जीवन को अधिक सुखद एवं सुविधाजनक बनाने में योगदान प्राप्त होगा।

श्री पुरी ने कहा कि जनपद सोनभद्र आकांक्षी जनपद होने के बावजूद भी प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में निरंतर योगदान दे रहा है। अधिकारियों एवं जनता के सहयोग से नीति आयोग की रैंकिंग में जनपद के प्रदर्शन की सराहना भी की। बद्रीनाथ सिंह जिलाधिकारी ने अवगत कराया गया कि मंत्री द्वारा सांसद निधि के अंतर्गत कुल 100 विकास परियोजनाएं स्वीकृत करायी गई हैं, जिनमें प्रमुख रूप से 31 सार्वजनिक सोलर पेयजल संयंत्र, 34 सोलर हाईमास्ट लाइट, 20 विद्युत हाईमास्ट लाइट, 06 विद्युतीकरण कार्य, 02 इंटरलॉकिंग कार्य, 02 सड़क/पुलिया, 04 विद्यालयों में भवन निर्माण तथा 01 ओपन जिम शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से जनपद के विकास को नई दिशा मिलेगी तथा आमजन को व्यापक लाभ प्राप्त होगा। श्री सिंह ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी जनपद को उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से निरंतर लाभ मिलता रहेगा। कार्यक्रम में नन्दलाल गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि मंत्री ने जनपद सोनभद्र को गोद लेकर जनपद के विकास हेतु एक नई रूप रेखा तय की है जिसके माध्यम से गांवों को सार्वजनिक पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी, पेयजल की समस्या के निराकरण में काफी सहायता उपलब्ध होगी। इस अवसर पर उपस्थित जागृति अवस्थी मुख्य विकास अधिकारी, श्रवण कुमार राय परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला समाज कल्याण विभाग ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा सहित कार्यदायी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नाले में गिरने से श्रमिक की मौत

गाजियाबाद। जिले के विजय नगर थानाक्षेत्र में एक खुले नाले में गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मुरादाबाद जिले के चंदौसी कस्बे के निवासी वसीम (34) के रूप में हुई, जो वर्तमान में विजय नगर थाना क्षेत्र के मवई में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार रात को हुई यह घटना लेबर चौक के पास हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से मजदूर को नाले से बाहर निकाला।विजय नगर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मपाल सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि मजदूर नशे की हालत में था। वह नाले के किनारे बैठा था कि तभी नशे के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में गिर गया। अधिकारी ने बताया कि वसीम को तुरंत जिला सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## गांजा संग अभियुक्त गिरफ्तार




करमा, सोनभद्र।स्थानीय पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को केकराही स्थित एक अर्धनिर्मित कमरे में छापेमारी की गई। पुलिस को देखकर एक संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम छटाकू उर्फ छोटकू पुत्र मिश्री हरिजन निवासी ग्राम केकराही थाना करमा बताया। नियमानुसार तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा, 590/- नगद एवं एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। इस संबंध में थाना करमा पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## टीपीआरएस के बच्चे शैक्षिक भ्रमण पर पहुंचे महेशपुर रेंज



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं ने एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर महेशपुर रेंज में पहुंचने पर रेंजर ने स्वागत कर जंगल के जीव जंतुओं और पेड़ पौधों की जानकारी दी है। टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट से अंकित मिश्रा, पंकज शुक्ला, इजहार हुसैनअंसारी, रोहित गुप्ता, मनदीप सिंह, और किरण राठौड़ के साथ वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर बक्शीश सिंह के साथ विद्यालय के छात्र-छात्राएं एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर महेशपुर रेंज पहुंचे जहां रेंजर निर्भय प्रताप सिंह ने दल का भव्य स्वागत कर उन्हें जैव विविधता से पर पूर्ण प्राकृतिक परिवेश का नजारा दिखाया उन्होंने वन के प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में विस्तृत चर्चा की और बच्चों को जंगल के जीव जंतुओं के साथ-साथ वन संपदा की विस्तृत जानकारी देकर उनका उत्साहवर्धन किया है।

# डीजल व पेट्रोल की जमाखोरी न करें अन्यथा होगी कार्रवाई



सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन. सिंह ने अवगत कराया है कि वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न परिस्थितियों के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की जमाखोरी की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, साथ ही, कुछ तेल कंपनियों द्वारा क्रेडिट सुविधा समाप्त किए जाने के कारण कुछ पेट्रोल पम्प संचालकों द्वारा भुगतान न करने के चलते तेल की आपूर्ति न मिलने से कुछ पेट्रोल पम्पों के ड्राई होने की शिकायतें भी सामने आई हैं।

श्री सिंह ने कहा कि उपरोक्त परिस्थितियों में कुछ डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट द्वारा कृत्रिम अभाव उत्पन्न कर जनपद में प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न की जा सकती है, जिससे इंकार नहीं किया जा सकता। उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट संचालकों एवं जनसामान्य से अपील की है की जाती है कि किसी भी दशा में डीजल व पेट्रोल की अनावश्यक जमाखोरी न करें तथा किसी प्रकार की जमाखोरी में संलिप्त न रहें। साथ ही किसी भी प्रकार का भ्रम, अफवाह अथवा दुष्प्रचार न करें। यदि कोई व्यक्ति या संस्था इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को हीरालाल पुत्र इनरदेव, निवासी ग्राम चैनपुरा, थाना अधौरा, जनपद कैमूर भभुआ (बिहार) द्वारा डीजल का अवैध परिवहन कर बिहार राज्य में ले जाते समय जांच में मामला पकड़ा गया। प्रकरण में जिला पूर्ति अधिकारी के प्रस्ताव के आधार पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत कार्रवाई संपादित कराई गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून व्यवस्था एवं जनहित को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## श्री सिद्ध हनुमान जन्मोत्सव समारोह 2को

सोनभद्र। संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर श्री हनुमत जन्मोत्सव समारोह 02 अप्रैल 2026 दिन गुरुवार को भव्य समारोह के साथ मनाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए समारोह के संयोजक रामजी मोदनवाल ने बताया कि रावट्र्सगंज चैक के पास, संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में 02 अप्रैल दिन गुरुवार को सुबह 6.30 बजें से पूजा का शुभारंभ होगा, 7.30 बजे आरती होगी, सुबह 8 बजे नगर भ्रमण के लिए यात्रा का शुभारंभ होगा, सायं 7 बजें जन्मोत्सव आरती होगी एवं रात्रि 8 बजे से भण्डारा व प्रसाद वितरण होगा। उन्होंने उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक भक्त गणों के भाग लेने की अपील किया।

## पिकअप वाहन की ट्रेलर से टक्कर में मृतकों की संख्या बढ़कर 10 हुई

कौशांबी। जिले में श्रद्धालुओं को ले जा रहे एक पिकअप वाहन की राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रेलर-ट्रक से टकराने की दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 10 हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को हुए हादसे में पांच महिलाओं और तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी। शुक्रवार देर रात दो अन्य महिलाओं ने प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पिकअप में 28 लोग सवार थे, जिनमें से 10 लोगों की मौत के बाद 24 लोगों का इलाज जारी है।सिराथू के क्षेत्राधिकारी (सीओ) संतोष कुमार ने बताया कि सैनी थानाक्षेत्र के अटसराय गांव के पास शुक्रवार शाम को प्रयागराज से मुंडन करवा कर वापस फतेहपुर लौट रहे पिकअप की ट्रेलर से टकराने की दुर्घटना में पांच महिलाओं व तीन बच्चों सहित आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे में गंभीर रूप से घायलों को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल भेज दिया गया था, जहां देर रात इलाज के दौरान मैकी (55) व सिंधी (58) की मौत हो गई। इन मौतों के साथ ही हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 10 हो गई। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद सभी मृतकों के शव, फतेहपुर जिले स्थित उनके गांव भेज दिये गये और गांव में स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## फसल क्षति की सूचना देकर लाभ उठायें

जौनपुर। उप कृषि निदेशक ने बताया है कि हाल ही में हुई बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि और चक्रवात से बीमित किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत किसान अपनी फसल क्षति की सूचना दे सकते हैं। किसानों को फसल नुकसान की सूचना घटना के 72 घंटे के भीतर देनी होगी। इसके लिए टोल फ्री नंबर 14447 का उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा, किसान श्क्रॉप इंश्योरेंस ऐपश और व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 7065514447 के माध्यम से भी अपनी जानकारी साझा कर सकते हैं। योजनाओं से संबंधित विस्तृत और आधिकारिक जानकारी के लिए किसान फसल बीमा पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं।

## चीनी मिल हरगांव का पेराई सत्र संपन्न

सीतापुर। हरगांव कस्बे में स्थित अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड का पेराई सत्र शनिवार सुबह लगभग 7:45 बजे अंतिम पेराई के साथ संपन्न हो गया। इस सत्र में मिल ने किसानों के 1 करोड़ 90 लाख 53 हजार कुंतल से अधिक गन्ने की पेराई कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। समापन अवसर पर अधिशासी अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि पेराई सत्र को सफलतापूर्वक संचालित करने में केन, इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग सहित सभी विभागों का अहम योगदान रहा। अधिशासी उपाध्यक्ष (गन्ना) शरद सिंह ने बताया कि 21 मार्च से मिल गेट पर मुक्त गन्ना खरीद की जा रही थी और क्षेत्र के समस्त गन्ने की पेराई पूर्ण होने के बाद मिल को बंद किया गया। उन्होंने बताया कि पेराई सत्र 28 अक्टूबर 2025 को शुरू हुआ था, जो कुल 151 दिनों तक चला। इस दौरान मिल ने पिछले वर्ष की तुलना में 17 लाख कुंतल अधिक गन्ने की पेराई की। खास बात यह रही कि मिल 13 दिन कम चली, फिर भी प्रति दिन औसत पेराई सर्वाधिक रही। शरद सिंह ने किसानों से अपील की कि वे गन्ने की बुवाई के लिए उन्नत किस्म के बीजों का चयन करें और अस्वीकृत व डुप्लीकेट प्रजातियों जैसे 5009, 9709, 91269, 84212, 119, 160 की बुवाई से बचें। उन्होंने बेहतर उत्पादन के लिए उचित खाद व समय पर सिंचाई की सलाह भी दी। इस अवसर पर प्रमोद कुमार, अनिल शर्मा, गन्ना महाप्रबंधक संजीव राणा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सहकारी गन्ना विकास समिति सामान्य निकाय बैठक संपन्न

हरगांव/सीतापुर। सहकारी गन्ना विकास समिति हरगांव के सभागार में शनिवार को सामान्य निकाय की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी सत्र के कार्यों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष, संचालक मंडल व सामान्य निकाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश मिश्रा ने की, जबकि संचालन सचिव आनंद प्रकाश दुबे ने किया। सचिव ने पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। उन्होंने वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित आय 10 करोड़ 27 लाख 8 हजार रुपये तथा व्यय 9 करोड़ 78 लाख 79 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं वर्ष 2024-25 तक समिति को कुल 61 करोड़ 44 लाख 90 हजार रुपये का सकल लाभ प्राप्त हुआ है। सचिव ने बताया कि समिति से जुड़ी चीनी मिलोंकृहरगांव, ऐरा, कुंभी एवं अजबापुरकृको गन्ने की आपूर्ति सफलतापूर्वक की गई है। किसानों की सुविधा के लिए रिवॉल्विंग फंड की व्यवस्था भी की जा रही है, जिससे खाद व अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक डॉ. सुनील कनौजिया ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। वहीं अधिशासी उपाध्यक्ष (गन्ना) शरद सिंह ने किसानों को मिल की सुविधाओं से अवगत कराया। इस मौके पर उपाध्यक्ष नत्थाराम, महेंद्र दत्त मिश्रा, प्रदीप सिंह, यूनुस खान समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह संपन्न



सीतापुर। जनपद के सिधौली विकास क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय मिजार्पुर माफी में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं कक्षा 5 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत व सम्मान भी किया गया। समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही शैक्षिक गतिविधियों, खेलकूद उत्सव, स्टार्स ऑफ द क्लास, जन्मोत्सव एवं कक्षा 5 के विद्यार्थियों के रिपोर्ट कार्ड वितरण जैसे कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किए गए। वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया तथा उनके अभिभावकों को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बबिता श्रीवास्तव ने नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए ह्यस्कूल चलो अभियानह्न पर जोर देते हुए अभिभावकों से बच्चों का नामांकन कराने एवं नियमित विद्यालय भेजने की अपील की।

## रामनवमी पर्व व संस्थापक दिवस मनाया गया



रेणुकूट/सोनभद्र। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भगवान श्रीराम का जन्मदिवस- रामनवमी तथा हिण्डाल्को के संस्थापक स्व. बाबू घनश्यामदास जी बिड़ला का जन्मदिन पूरे हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव से मनाया गया। हिण्डालको मनोरंजनालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिण्डाल्को के सी.ओ.ओ समीर नायक, विशिष्ट अतिथि स्मेल्टर हेड जयेश पवार व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं तथा मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर एवं प्रभु श्री राम तथा स्व घनश्यामदास जी बिड़ला के चित्रों पर माल्यार्पण कर कायक्रम का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम में गीतकार सुचेता भट्टाचार्या एवं उनकी टीम ने भजन को अपने सुमधुर स्वर में गाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम के अन्त में समस्त वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं यूनियन के पदाधिकारियों ने भगवान श्री राम तथा स्व. घनश्यामदास जी बिड़ला के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी राजेश कपूर, डॉक्टर अजय गुगलानी, कर्नल (से.नि.) रोहित शर्मा, तापस चौधरी, सुनील कांत पांडेय,यशवंत कुमार, राजेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवम धन्यवाद ज्ञापन मनोरंजनालय के इन्चार्ज वेद प्रकाश ने किया।

# सोन नदी के तट पर चला स्वच्छता अभियान , दिलायी गयी स्वच्छता की शपथ



जिला संवाददाता

सोनभद्र। स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत शनिवार को वन विभाग एवं पंचायती राज विभाग के संयुक्त सहयोग से ग्राम पंचायत गोठानी स्थित सोमनाथ मंदिर घाट पर स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना अधिकारी महेन्द्र गौतम द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं आमजन को सोन नदी सहित सभी जलस्त्रोतों को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखने की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत घाट क्षेत्र में व्यापक रूप से स्वच्छता ड्राइव चलाकर साफ-सफाई कराई गई तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय चोपन में विद्यार्थियों के मध्य चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कविता यादव उपस्थिति रहीं तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्म ग्राम प्रधान गोथानी ने सहभागिता की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों द्वारा नदी स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर काशीराम एडीओ पंचायत, सुषमा सेक्रेटरी, अभिषेक यादव, गंगा वालंटियर, अजीत सिंह प्रधानाचार्य, कम्पोजिट विद्यालय, जेआरएफ प्रमोद, दिनेश (वन दरोगा) सहित विभागीय कर्मचारी, विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं नदी संरक्षण हेतु जनमानस को प्रेरित करना रहा।

## मैनपुरी में पेड़ से लटके मिले देवर भाभी के शव

मैनपुरी। जिले के एलाऊ थाना क्षेत्र के ग्राम बखतपुर में एक ही पेड़ पर देवर-भाभी के शव लटके पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। रात में दोनों ने घर में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में डीजे पर जमकर डांस किया था। परिजनों के अनुसार ग्रामवासी अखिलेश के चाचा भीमसेन कश्यप शुक्रवार को नेजा चढ़ाने मैनपुरी परिजनों और ग्रामवासियों के साथ गए थे। नेजा चढ़ाने के बाद गाँव लौटने पर खुशियां मनाने के लिए डीजे लगवाया गया और सभी ने डांस किया । अखिलेश और उसकी भाभी सरोजनी ने भी जमकर डांस किया।रात 11 बजे के बाद दोनों गायब हो गए। सुबह उनके शव गांव के बाहर पेड़ पर एक साथ लटके मिले। सरोजनी का पति बीकानेर में ईंट के भट्टे पर मजदूरी का काम करता है। मौके पर पँहुची पुलिस ने शवों को पेड़ से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस घटना को प्रेम प्रसंग या घरेलू झगड़े के कारण होना मान रही है। घटना का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चल सकेगा।

## शिक्षा के बिना व्यक्ति का जीवन अधूराः अशोक कुमार

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। विकास खण्ड चतरा के पिथौरी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय पिथौरी पर शनिवार को शिक्षा चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, शिक्षा चौपाल का उद्देश्य जनजागरुकता के माध्यम से बच्चों को विद्यालय से जोड़ना था।

उक्त अवसर पर जन चौपाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ चतरा अशोक कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा सभी के लिए जरूरी है बिना शिक्षा के व्यक्ति का जीवन अधूरा रहता है, हम अपील करते हैं कि सभी 6-14 वर्ष के बच्चों का नामांकन कराने में आप सभी आगे आए, उन्होंने कहा कि शिक्षा एक उज्ज्वल और सफल जीवन के निर्माण के सबसे शक्तिशाली साधनों में से एक है। यह बच्चों को ज्ञान प्राप्त करने, कौशल विकसित करने और अपने आसपास की दुनिया को समझने में मदद करती है। शिक्षा के माध्यम से, छात्र पढ़ना, लिखना, स्पष्ट रूप से सोचना और समझदारी भरे निर्णय लेना सीखते हैं। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक उदय कुमार श्रीवास्तव एमआरपी रामनारायण पांडे, आनंद देव पाण्डेय समेत अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए, इस अवसर पर राम सूरत सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजबली सिंह यक्षपाल सिंह ,दीपक सोनी समेत अन्य शिक्षको ने भाग लिया। कार्यक्रम मे सकुल से सात उत्कृष्ट शिक्षक और बीस उत्कृष्ट बच्चो को सम्मानित किया गया ।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली और ऑटो की टक्कर में मजदूर की मौत

सीतापुर। जनपद के खैराबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली और ऑटो की आमने-सामने टक्कर में ऑटो सवार मजदूरों में हड़कंप मच गया। हादसे में ऑटो चालक समेत करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पकरिया निवासी 28 वर्षीय महेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सभी मजदूर रामगढ़ चीनी मिल में काम करते थे और देर रात काम खत्म कर ऑटो से अपने घर लौट रहे थे। तभी खैराबाद क्षेत्र के रहीमाबाद इलाके में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनके ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

संक्षेप

## अवैध खनन पर 27 के विरूद्ध रिपोर्ट

**बांदा।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक हुई। इस दौरान ग्राम अछरौड़ व उजरेहटा में बालू के अवैध खनन, परिवहन की मिल रही शिकायतो की जांच कर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। खनिज व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। संयुक्त जांच टीम को मौके पर आते देख अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त ट्रैक्टर लोड बालू को नदी तल में ही पलटकर मौके से भाग गये। संयुक्त जांच टीम ने केन नदी तल में हो रहे बालू के अवैध खनन, परिवहन से बने पिट्स की पैमाईश की, जिसमें 5 पिट्स पर कुल 1988 घन मी० बालू का अवैध खनन, परिवहन किया जाना पाया गया। अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त 27 व्यक्तियों के विरूद्ध नामजद प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना मटौंध में दर्ज करायी गयी है।

## विद्युत पोल से बोलेरो टकराई, 4 गंभीर रूप से घायल

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के अमलोर व ककनारे बाबा के बीच रोड पर खड़े 11000 हाई टेंशन विद्युत पोल से बोलेरो टकरा गई जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब लाल 40 निवासी गोला गोधयिया कर्वी चित्रकूट, चंद्रपाल 45 निवासी बदौसा, पुनीत 22 निवासी बदौसा राधेश्याम निवासी बदौसा यह अपने घर जा रहे थे तभी बोलेरो 11000 विद्युत पोल से टकरा गई। घायलों ने बताया कि अचानक विद्युत पोल रास्ते में आ जाने से वाहन का संतुलन बिगड़ गया जिससे बोलोरो टकरा गई। बताते चलें कि यह रोड पपरेंदा से पैलानी की ओर चैड़ीकरण के चलते पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही है लेकिन पीडब्ल्यूडी की लापरवाही रोड तो बना दिया लेकिन विद्युत पोल व रास्ते में कहीं विद्युत पोल, नल, स्ट्रीट लाइट गडे हुए हैं। जिनको दरकिनार करते हुऐ पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार ढेकेदार द्वारा आंख बन्द कर सड़क बनाए जाने से यह हादसा हुआ है। यही वजह है, कि दुर्घटना आशंका 24 घंटे बनी रहती है। ठेकेदार की मनमानी के चलते कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

## परीक्षा फल वितरण में मेधावी छात्र सम्मानित

**फतेहपुर।** जनपद बिपिन राज कान्वेंट स्कूल पनी, फतेहपुर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया । विद्यालय के परीक्षाफल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरण रहे । समारोह में जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरण ने विद्यालय में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को अंकपत्र, मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया । जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरण ने सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं।

समारोह में आए हुए अतिथियों एवं अभिभावकों का लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण ने आभार व्यक्त किया । इस मौके पर कमलचंद वर्मा, रामकिशोर गुप्ता,लीना श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, साइस्ता, सदब खातून, हिमांशी , इसरतजहां, अंजली, शीबा, सर्वेश श्रीवास्तव अब्दुल कुद्दूश, रविकुमार, राजकुमार वर्मा,वैभव द्विवेदी, पवन सिंह,अजय कुमार आदि रहे।

# समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ने सुनीं शिकायतें



जिला संवाददाता

**फतेहपुर** ।जनपद पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना राधानगर पर माह के चतुर्थ शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनका त्वरित तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

समाधान दिवसः एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कियाफतेहपुर, जनपद में जनता की शिकायतों के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से आयोजित मासिक थाना समाधान दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना राधानगर का दौरा किया और वहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों तथा आम नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।एसपी मांगलिक ने जोर देकर कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनसेवा है और हर शिकायत का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का रिकॉर्ड रखा जाए तथा फॉलो-अप सुनिश्चित हो।इस दौरान विभिन्न प्रकार की शिकायतें जैसे पारिवारिक विवाद, भूमि अतिक्रमण, लापता व्यक्ति, वाहन चोरी तथा अन्य आपराधिक मामलों से संबंधित जनसमस्याएं सामने आईं, जिन पर तुरंत संज्ञान लिया गया।इसके अतिरिक्त, एसपी के निर्देशानुसार जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारी एवं थानाध्यक्षों ने अपने-अपने थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया। थाना कोतवाली, थाना खागा, थाना असोथर सहित सभी थानों पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। प्रत्येक थाने पर प्राप्त शिकायतों की सुनवाई कर तत्काल निस्तारण की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई।

कई मामलों में सुलह समझौते कर दिए गए, जबकि जटिल शिकायतों के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गयापुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को हिदायत दी ।

# पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी व अधिक मूल्य वसूलने वालों पर होगी सख्त कार्यवाहीः सत्यप्रकाश

**ललितपुर।** जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों यथा पेट्रोल, डीजल आदि की सुचारू आपूति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने पुलिस लाईन हॉल में समस्त रिटेल गाउटलेटस, पेट्रोल पम्प मालिक, संचालक एवं समस्त सैल्स आफीसर के साथ बैठक की। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन के साथ प्रशासनिक अधिकारी

- **फिलिंग पंपों व बॉर्डरो पर होगी पुलिस पेट्रोलिंग, सीसीटीवी से होगी सतत निगरानी**
- **कृषि कार्य हेतु ड्रम व कंटेनरों में डीजल लेने वालों का लिया जाएगा ब्यौरा**

भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को अवगत कराया कि जिले में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है, मात्र अफवाहों के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की मांग अचानक से बढ़ गई है, जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी डीलरों के साथ बैठक कर निर्देशित किया गया है कि कोई पम्प संचालक किसी भी दशा में पेट्रोल को बोटल, केन, ड्रम आदि में आपूर्ति नही करेगा। पेट्रोल केवल वाहनों में दिया जायेगा। सभी पम्प संचालक डीजल की आपूर्ति वाहनों में करेगें, कृषि कार्य हेतु 20 ली० डीजल मानक कन्टेनर में दिया जायेगा और पम्प संचालक ऐसे ग्राहक जो कृषि कार्य हेतु डीजल केन ड्रम में ले रहे है, उनका आधार प्राप्त करेगें और रजिस्टर में नाम, ग्राम का नाम, मोबाईल नम्बर आदि अंकित करेगें। उक्त रजिस्टर का सत्यापन कराया जायेगा तथा बार-बार केन में ड्रम में डीजल ले जाये जाने की पुष्टि होने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। साथ ही एक ही परिवार के सदस्यों द्वारा पृथक-पृथक दुराशय से यथा कालाबाजारी, जमाखोरी आदि के उद्देश्य से केन में डीजल एकत्रित कर मुनाफा कमाने की स्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही सम्पादित करायी जायेगी। सभी पेट्रोल पम्पों पर सी०सी०टी०वी० कैमरे सक्रिय रहे तथा ऐसे कोण पर हो जिससे कि पेट्रोल, डीजल भरने का स्थान कैमरे में रिकार्ड हो। सभी पेट्रोल पम्पों पर वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कराने हेतु दो-दो पुलिसकर्मियों तैनाती की जायेगी। जनपद के सभी 28 बॉडर



प्वांइट को सक्रिय करते हुये पुलिसकर्मियों की पेट्रोलिंग बढाई जायेगी तथा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि जनपद का डीजल, पेट्रोल किसी भी दशा में जनपद से बाहर ड्रम, केन आदि के माध्यम से कालाबाजारी करने की उद्देश्य से तस्करी न किया जा सके।

सभी उपजिलाधिकारीगण एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में डीजल पेट्रोल की कालाबाजारी जमाखोरी को रोकने हेतु स्वयं भ्रमणशील रहेगें तथा पेट्रोल पम्पों को औचक निरीक्षण करते हुये वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करायेगें। जनपद में डीजल पेट्रोल की जमाखोरी, कालाबाजारी, निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लेने बाले पम्प संचालकोंध्व्यक्तियों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सैल्स आफीसर द्वारा बताया गया कि जनपद में डीजल, पेट्रोल के स्टाक की कोई कमि नही है, लगातार टर्मिनल से जनपद को सप्लाई उपलब्ध करायी जा रही है। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सैल्स आफीसर एल०पी०जी०, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स की समस्याओं का शीघ्र हो निस्तारणः एएसपी




**बांदा।** अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की। उन्होंने पेंशन, चिकित्सा सुविधाएं, पारिवारिक पेंशन, लंबित प्रकरणों, अन्य व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना और संबंधित शाखाओं, अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। पेंशनर्स को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा तथा अनावश्यक विलंब नहीं होने दिया जाएगा। पेंशनर्स की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में पुलिस विभाग के लिए निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य किए है, इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान करना विभाग का नैतिक एवं प्रशासनिक दायित्व है तथा पेंशनर्स के सम्मान, सुविधा एवं कल्याण के लिए पुलिस प्रशासन सदैव प्रतिबद्ध है। अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स से अपील की, कि वह सभी नौकरी से रिटायर हुए हैं सेवा से नहीं, आज भी कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाएं रखने तथा अपराधों पर कार्यवाही करने में उनके अहम योगदान कि आवश्यकता है। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव, पुलिस पेंशनर्स व अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

# राम नवमी पर रामोत्सव कार्यक्रम और विचार गोष्ठी का आयोजन संपन्न

**ललितपुर।** राम नवमी के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा राम नवमी पर रामोत्सव कार्यक्रम व विचार गोष्ठी का आयोजन स्थानीय नझाई बाजार गेट पर स्थित संकटमोचन हनुमान मन्दिर प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में बाल




- **सत्यम संस्कार ग्रुप भजन गायक सत्यम एवं संस्कार ने तबले पर संगत करते हुए प्रस्तुत किये गये शानदार भजन**

योगी त्यागी महाराज एवं रमेश सोनी जिला संघचालक का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक राम रतन कुशवाहा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं भगवान श्री राम, लक्ष्मण एवं सीता जी के स्वरूपों पर पुष्पांजली करके किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संघचालक रमेश सोनी ने कहा कि भगवान श्री राम चन्द्र जी ने सबरी के जूठे बेर खाये एवं निषादराज को गले लगाकर भेदभाव दूर करने एवं समरस समाज स्थापना का सदेश दिया। सदर विधायक राम रतन कुशवाहा ने कहा कि भगवान श्री राम चन्द्र जी के बताये मार्ग पर चलकर ही समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है। बृजेन्द्र सिंह गौर धर्म जागरण राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने समाज में फैली जातिगत भेदभाव को दूर कर हिन्दू समाज को संगठित होने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सत्यम संस्कार ग्रुप भजन गायक सत्यम एवं तलबे पर संगत करते हुये प्रस्तुत किये गये भजनों द्वारा की गई शानदार प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। कार्यक्रम में मनीष श्रीवास्तव जिला सह कार्यवाह, सुधांशु शेखर हुण्डैत आजीवन हित चिंतक विश्व हिन्दू परिषद, शिवकुमार चतुर्वेदी प्रान्तीय सदस्य सक्षम, रामेश्वर मालवीय पर्यावरण एवं स्वच्छता प्रमुख प्रांत, जितेन्द्र सिंह डग्गी राजा सह सोशल मीडिया प्रमुख प्रांत, जिलाध्यक्ष नवल किशोर सोनी, जिला मंत्री विश्व हिन्दू परिषद ध्रुव साहू, जिला संगठन मंत्री अमन त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष भरत रिछारिया, श्रीमती शुभ्रा जैन, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद साहू, विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष संजय जैन जैन राजू, नगर उपाध्यक्ष नरेन्द्र पाठक, मंत्री दीपक सोनी, बजरंग दल संयोजक संजू ग्वाला, नगर संयोजक विनीत तिवारी, अंशुल झा, डॉ जगवीर सिंह नगर अध्यक्ष वनवासी समिति के अध्यक्ष बृजेश चतुवेर्दी एवं हरविन्दर सलूजा,बैरावट धाम समिति के संरक्षक नारायण सिंह यादव, वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैया नामदेव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विश्व हिन्दू परिषद ध्रुव साहू ने किया।

## ओलावृष्टि से फसलें चौपट, किसान परेशान



**बांदा।** बिन मौसम बरसात और ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। जिससे किसान बेहद परेशान हैं। बीते शुक्रवार की शाम लगभग 5 बजे अचानक हुई बे मौसम बारिश तथा कमासिन, कई गांवों में ओले गिरने से किसानों में अफरा तफरी मच गई। खेतों में मौजूद किसानों ने दौड़कर अपनी जान बचाई। सबसे ज्यादा नुकसान चना और सरसों की फसल को हुआ है। जो खेतों में मिट्टी के साथ मिल गई है। बंथरी, लोहरा व स्योहट गांव में चना और सरसों की फसल मिट्टी में मिल गई है, गेहूं की खड़ी फसल नीचे गिर गई है। यह देखकर किसान माथा पीट रहे हैं। किसानों को चिंता सता रही है कि किस तरह परिवार का भरण पोषण होगा, किस तरह बिटिया के हाथ पीले होंगे और कैसे कर्ज को चुकाया जाएगा। बंथरी प्रधान सोमनाथ शुक्ला, लोहरा प्रधान शिवाकांति शुक्ला व स्योहट प्रधान रामजीत सिंह ने फसलों को हुए भारी नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को भरपूर मुआवजा दिए जाने के साथ कर्ज माफी की मांग केंद्र एवं प्रदेश सरकार से की है।

## नन्हे विद्यार्थियों का ग्रेजुएशन समारोह संपन्न

**फतेहपुर ।** शैक्षणिक सत्र के ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य आयोजन विद्यालय परिसर में हर्षोल्लासपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस खास मौके पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने ग्रेजुएशन गाउन और कैप धारण कर समारोह की शोभा बढ़ाई, जो उनके जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव का प्रतीक था। सैकड़ों अभिभावक, शिक्षक और अतिथि इस उत्सव में शरीक हुए, जहां खुशी के आंसू और तालियों की गूंज ने माहौल को भावुक बना दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक श्री नीतीश कुमार एवं प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका गुप्ता ने दीप प्रज्वलन एवं मधुर प्रार्थना से किया। इसके बाद नन्हे विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गीत और नाटक शामिल थे। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चे अपनी आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत ले गए। विशेष रूप से कक्षा एक से पांच तक के लगभग 150 विद्यार्थियों ने स्टेज पर चमकते हुए अपने अभिभावकों को गौरवान्वित किया।प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका गुप्ता ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा, ह्लआज का यह अवसर हमारे नन्हे विद्यार्थियों के जीवन का स्वर्णिम अध्याय है। यह केवल कक्षा परिवर्तन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, ज्ञान और नए सपनों की ओर बढ़ने का प्रथम कदम है।ह्व उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग जारी रखने का आह्वान किया तथा स्कूल द्वारा प्रदान किए जा रहे संस्कारों, शिक्षा और अनुशासन की मजबूत नींव पर जोर दिया।प्रबंधक नीतीश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा, ह्लयह ग्रेजुएशन सेरेमनी हमारे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। सेंट जेवियर्स का लक्ष्य बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कारवान, अनुशासित, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। मुझे खुशी है कि हम इस दिशा में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।ह्व उन्होंने शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की।समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। पूरा परिसर उत्साह, तालियों और भावुक क्षणों से गूंज उठा।

# मिशन शक्ति द्वितीय चरण के तहत जनपद में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

**ललितपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ललितपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित

- **महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर जागरूकता को लेकर ललितपुर पुलिस की प्रभावी पहल**



किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य पर विशेष रूप से जागरूकता प्रदान की गई इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों एवं विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ह्लऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी तथा ओटीपी साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

# तेंदुए के हमले में महिला की मौत, ग्रामीणों ने किया हंगामा

जिला संवाददाता

**बिजनौर।** अफजलगढ थाना क्षेत्र में जंगल से सटे खेत में काम कर रही एक महिला पर तेंदुए ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस और वन अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

वन रेंजर प्रदीप शर्मा ने बताया कि शुक्रवार शाम हिदायतपुर चौहड़वाला गांव में रंजीत अपनी पत्नी क्रांति देवी (57) के साथ खेत पर काम कर रहा था तभी क्रांति कुछ देर के लिए पास में आराम करने लगी।

अचानक आए तेंदुए ने क्रांति की गर्दन दबोच ली और उसे खेत के अंदर खींच ले गया। हमला होते देख रंजीत ने लाठी लेकर तेंदुए का पीछा किया। हालांकि तेंदुआ महिला को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया, लेकिन तब तक उसकी गंभीर चोटों के कारण मौत हो चुकी थी।पुलिस के अनुसार, घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए कालागढ़ मार्ग को जाम कर दिया। थाना प्रभारी विजेंद्र राठी ने बताया कि पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया, जिसके बाद जाम खुलवाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

वन रेंजर शर्मा ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए इलाके में पिंजरा लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को सरकारी नियमों के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

## कॉलेज में गंगा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



**बांदा।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं के साथ प्रभातफेरी, स्वच्छता शपथ, सफाई अभियान व क्विज कंपटीशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। 16 से 31 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम के तहत जिला गंगा समिति वन प्रभाग, नगर पालिका परिषद के सहयोग से स्वच्छता रैली आर्य कन्या इंटर कॉलेज से चलकर हनुमान गढ़ी, किरन कॉलेज चैराहा से होते हुए आर्य कन्या इंटर कॉलेज में समाप्त हुई। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद श्रीचन्द्र, अभिषेक खरे जिला कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन, हेमंत प्रसाद सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, पूनम गुप्ता प्रधानाचार्या आर्य कन्या इंटर कॉलेज, उपेन्द्र कुमार बुंदेला, जयवीर सिंह यादव के अलावा बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

# ग्राम समोगर व सिंदवाहा के खेतों में लगी आग, डीएम ने लिया घटना का संज्ञान

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** किसानों की खेत में खड़ी गेहूँ की फसल व भूसा जलने आदि की घटनाओं को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए सम्बंधित उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं कि अपने क्षेत्रान्तर्गत हो रही आग लगने की घटनाओं को मौके पर जाकर जांच करें और फसल खलियान दुर्घटना के अंतर्गत पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की कार्यवाही की

- **कृषकों को हुई क्षति के आंकलन के लिए तहसीलदार महरौनी से करायी जांच, जल्द मिलेगी क्षतिपूर्ति राशि**

जाए। जिलाधिकारी द्वारा दिये गए आदेशों के क्रम में तहसील महरौनी के मौजा समोगर की आ०सं० 1424 व 1426 में खड़ी गेहूँ की फसल व भूसा जलने की घटनाओं में तहसील महरौनी ने जांच कर अवगत कराया है कि दिनांक 27 मार्च 2026 को दोपहर के समय लगभग 2.00 बजे खेतों में अज्ञात कारणों से आग लगने से कुछ किसानों की गेहूँ की फसल व भूसा जलकर नष्ट हो गया है, जिनमें जगदीश पुत्र पंखुवा की 0.267 हे0 में खड़ी गेहूँ की फसल जलकर नष्ट हो गयी है, इसी प्रकार से राकेश साहू पुत्र सुन्दर लाल रकवा 0.016 हे० में गेहूँ की फसल, संगीता पत्नी अजयकुमार का लगभग 150 कुन्तल भूसा, आलम पुत्र पंखुवा 12 कुन्तल भूसा जलकर नष्ट हो गया है।इसी प्रकार तहसील महरौनी के ही ग्राम सिंदवाहा में आज 28 मार्च को सुबह लगभग 11 बजे अज्ञात कारणों के चलते खड़ी फसल में आग लगने से कई किसानों को फसल क्षति हुई है।

जिनमें हल्काई पुत्र कम्मोद की 0.485 हे0, अजुद्दी पुत्र चिम्बे की 0.167 हे0, शिवचरण पुत्र ठिप्पे की 1.136 हे0, मौजी पुत्र गम्पे की 0.250 हे0, पप्पु पुत्र गम्पे की 0.250 हे0, अरविन्द्र कुमार पुत्र रामप्रसाद की 0.083 हे0 एवं राम प्रसाद पुत्र कम्मोद की 0.239 व 0.412 हे0 फसल जलकर नष्ट हो गई है।

घटनाओं का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने तत्काल क्षति की जांच कराकर रिपोर्ट तलब की और प्रभावित कृषकों को फसल खलियान दुर्घटना का लाभ दिलाये जाने हेतु उनके आवश्यक दस्तावेज यथा आधारकार्ड, बैंक पासबुक आदि प्राप्त किये हैं।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पीड़ित किसानों के साथ है और उन्हें खलियान दुर्घटना की क्षतिपूर्ति दिलाये जाने के लिए युद्धस्तर पर कार्यवाही की जा रही है।

# मिशन शक्ति के तहत निकली भव्य स्कूटी रैली

**महोबा।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार जनपद में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अंतर्गत दिनांक 28 मार्च 2026 को एक भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को सदर विधायक राकेश गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जो कि तहसील चौराहा, चूडी वाली गली, बस स्टैण्ड, आल्हा चौक, ऊदल चौक होते हुए सुभाष चौक पर जाकर सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

उक्त रैली में यूपी 112 की गाड़ियां एवं जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति केंद्र की महिला पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग



किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108/102 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों के संबंध में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह, आरआई शिवकुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मनीष कुमार पाण्डेय, प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह, प्रभारी महिला थाना निकिता शुक्ला उपस्थित रहे।

## मेडिकल कैंप लगाकर 128 मरीजों का किया इलाज

मिल्कीपुर-अयोध्या। विकासखंड मिल्कीपुर के खिहारन स्थित मदरसा दारुल उलूम रजा ए मुस्तफा में शनिवार को मेडिकल कैंप लगाकर गांव के 128 बीड़ी श्रमिकों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें दवाएं वितरित की गईं। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन श्रम कल्याण संगठन लखनऊ द्वारा संचालित बीड़ी श्रमिक डिस्पेंसरी अयोध्या ने इस कैंप का संचालन किया। कैंप में सर्दी, जुकाम, खांसी और खुजली के मरीजों के साथ-साथ बड़ी संख्या में बीपी और शुगर के मरीज भी पहुंचे।

# एमएफएन नियम विश्व व्यापार के लिए जरूरी

## नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे व ब्रिटेन के राज्य मंत्री क्रिस ब्रायंट के साथ गोयल की बैठक

एजेंसी



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन में सबकी सहमति से होने वाली निर्णय प्रक्रिया, सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) नियम और विशेष एवं अलग व्यवहार वैश्विक व्यापार में संतुलन सुनिश्चित करने के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मूलभूत सिद्धांतों को बनाए रखने की आवश्यकता बताई। मंत्री ने कैमरून के याउंडे में चल रहे डब्ल्यूटीओ के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दौरान नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे और ब्रिटेन के व्यापार नीति राज्य मंत्री क्रिस ब्रायंट के साथ हुई अपनी बैठक में ये बातें कहीं।

ये दोनों डब्ल्यूटीओ में सुधारों के लिए सुविधाकर्ताओं की भी भूमिका निभा रहे हैं। गोयल ने सुधार, प्रासंगिक और प्रभावी डब्ल्यूटीओ के लिए भारत के पूर्ण समर्थन को दोहराया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, संगठन के मूलभूत सिद्धांतों, विशेष रूप से सर्वसम्मति आधारित निर्णय प्रक्रिया, एमएफएन नियम आधारित व्यापार और विशेष एवं अलग व्यवहार को बनाए रखना जरूरी है, जो वैश्विक व्यापार में समानता और संतुलन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं। चार दिवसीय मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) 29 मार्च को समाप्त होगा। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन डब्ल्यूटीओ का निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। इसकी बैठक हर दो साल में होती है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) जिनेवा स्थित 166 सदस्यीय निकाय है जो वैश्विक व्यापार संबंधी मुद्दों का निपटान करता है। यह सदस्य देशों के बीच विवादों का निपटारा भी करता है। भारत 1995 से इसका सदस्य है। डब्ल्यूटीओ सुधार विकसित देशों, विशेष रूप से अमेरिका द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा एक प्रमुख एजेंडा है। भारत इसका समर्थन कर रहा है। लेकिन उसने कहा है कि संगठन के मूल सिद्धांतों को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। डब्ल्यूटीओ का संचालन इसके सदस्य देशों की सरकारों द्वारा किया जाता है। सभी प्रमुख निर्णय सदस्य देशों द्वारा सामूहिक रूप से लिए जाते हैं।

ये निर्णय या तो मंत्रियों द्वारा (जिनकी बैठक कम से कम हर दो साल में एक बार होती है) या उनके राजदूतों या प्रतिनिधियों द्वारा (जिनकी नियमित बैठक जिनेवा में होती है) लिए जाते हैं। निर्णय सामान्यतः सर्वसम्मति से लिए जाते हैं। अमेरिका सुधारों के लिए दबाव डाल रहा है और उसने सर्वसम्मति आधारित निर्णय लेने की प्रक्रिया को लेकर मुद्दे उठाए हैं। उसका तर्क है कि यह व्यवस्था निर्णय लेने की प्रक्रिया को धीमा कर देती है। हालांकि, भारत सहित विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का मानना है कि यह सभी सदस्यों को समान अवसर सुनिश्चित करती है। सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र नियम कहता है कि सभी सदस्य देशों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। डब्ल्यूटीओ समझौते के तहत, सदस्य देश सामान्यतः अपने व्यापारिक साझेदारों के बीच भेदभाव नहीं कर सकते।

यदि कोई राष्ट्र अपने किसी व्यापारिक साझेदार को कम आयात शुल्क का लाभ देता है, तो यह दर अन्य साझेदारों को भी दी जानी चाहिए। केवल मुक्त व्यापार समझौतों के तहत ही इससे छूट की अनुमति है। विशेष एवं भिन्न व्यवहार (एसएंडडीटी) विकासशील और गरीब (कम विकसित) देशों को कुछ लाभ प्राप्त करने की अनुमति देता है। इनमें समझौतों और बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं को लागू करने के लिए अधिक समय लेना और उनके लिए व्यापारिक अवसरों को बढ़ाने के उपाय शामिल हैं।

# कश्मीरः बांदीपुरा व गांदरबल में हिमस्खलन की चेतावनी



श्रीनगर। कश्मीर घाटी के दो जिलों के लिए शनिवार को हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई और लोगों से अत्यधिक सतर्क रहने को कहा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अगले 24 घंटों के भीतर बांदीपुरा और गांदरबल में 2,400 मीटर से अधिक ऊंचाई पर मध्यम स्तर का हिमस्खलन होने की आशंका है। परामर्श में कहा गया, लोगों को सलाह दी जाती है कि वे ढलान, पहाड़ी और ऊंचाई वाले इलाकों समेत हिमस्खलन के संभावित क्षेत्रों में अधिकारियों द्वारा अगली सूचना जारी करने तक जाने से परहेज करें। निवासियों, पर्यटकों और घुमंतू समुदायों से आधिकारिक सलाह का पालन करने और अपनी सुरक्षा के लिए प्रशासन के साथ सहयोग करने का अनुरोध किया गया है। शुक्रवार को गांदरबल जिले के जोजिला दर्रे पर हिमस्खलन में कई वाहन फंस गए और सात लोगों की मौत हो गई। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित यह दर्रा कश्मीर घाटी को लद्दाख से जोड़ता है।

## जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने नशीले पदार्थों के नेटवर्क के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई के आदेश

जम्मू। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में युवाओं को निशाना बनाने वाले नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क पर कड़ी कार्रवाई के शनिवार को निर्देश दिए। लोक भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में नशा मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के युवाओं को नशे की लत में धकेलने के लिए जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। उपराज्यपाल ने कहा, नशीले पदार्थों की तस्करी और नार्को-आतंकवाद के पूरे तंत्र को खत्म करने के लिए कानून का कड़ाई से क्रियान्वयन, मजबूत रोकथाम उपायों और सावधानीपूर्वक तैयार की गई बहुआयामी कार्य योजना के साथ एक व्यापक, समग्र सरकारी दृष्टिकोण की तत्काल आवश्यकता है।

## संक्षेप

### फोर्टिस हेल्थकेयर की इकाई को 117.04 करोड़ का आयकर नोटिस

नयी दिल्ली। फोर्टिस हेल्थकेयर लि. की इकाई फोर्टिस हॉस्पिटल्स लि. को आयकर विभाग से 117.04 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि फोर्टिस हॉस्पिटल्स लिमिटेड को 27 मार्च 2026 का आयकर आदेश प्राप्त हुआ है, जो आकलन वर्ष 2024-25 से संबंधित है। इसके तहत 117.04 करोड़ रुपये की मांग की गई है। कंपनी ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ अपील समेत सभी विकल्पों पर विचार कर रही है।

### एलपीजी लेकर जग वसंत जहाज गुजरात के वडीनार बंदरगाह पहुंचा

अहमदाबाद। पश्चिमी एशिया संकट के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करते हुए भारतीय ध्वज वाला पोत जग वसंत 47,000 टन द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर गुजरात के जामनगर स्थित वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण के एक बयान के अनुसार, कुवैत के मीना अल अहमदी बंदरगाह से सामान लेकर एमटी जग वसंत शुक्रवार रात 8:30 बजे वडीनार बंदरगाह पर पहुंचा। यह बंदरगाह दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण के अंतर्गत आता है। बयान में कहा गया है कि बंदरगाह पर पहुंचने के बाद पोत से पोत में एलपीजी का स्थानांतरण किया जा रहा है। बंदरगाह के एक अधिकारी ने बताया, 230 मीटर लंबा यह पोत वर्तमान में 17,600 टन एलपीजी को अपने सहायक पोत एमटी रोज गैस में स्थानांतरित कर रहा है, जिसमें लगभग 15 घंटे लगने की उम्मीद है। स्थानांतरण के बाद, सहायक पोत आगे एलपीजी उतारने के लिए कांडला के लिए रवाना होगा। अधिकारी ने बताया, मुख्य पोत जग वसंत पर लदे 20,000 टन माल को मुंबई में उतारा जाएगा और लगभग 9,000 टन माल को बाद में मंगलुरु में उतारा जाएगा।

### ढोंगी बाबा अशोक खरात को सार्वजनिक रूप से फांसी दी जाये : मुनगंटीवार

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने शनिवार को ढोंगी बाबा अशोक खरात को मौत की सजा देने की मांग की। खरात को पिछले तीन वर्षों में एक महिला के साथ कई बार दुष्कर्म करने के आरोप में 18 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक, कई शिकायतें मिलने के बाद खरात के खिलाफ यौन उत्पीड़न, जबरन वसूली और आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने के आरोप में अब तक आठ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। मुनगंटीवार ने संवाददाताओं से कहा, मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं, लेकिन अशोक खरात के बर्बर कृत्यों को देखने और सुनने के बाद, ऐसा लगता है कि उसे किसी भी प्रकार की कानूनी रियायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, कोई अदालत नहीं, कोई कार्यवाही नहीं हो। ऐसे व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से दंडित किया जाना चाहिए और फांसी दी जानी चाहिए। उसने छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत का अपमान किया है।

# प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना में संशोधन, ई स्कूटर, ई-रिक्शा के लिए नयी समय सीमा

नयी दिल्ली। सरकार ने ई-स्कूटर और ई-रिक्शा के लिए नई समयसीमा और अधिकतम वाहनों की संख्या तय करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की योजना पीएम ई-ड्राइव में संशोधन किया है।

केंद्र सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव (पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट) दिशानिर्देश संशोधित किए हैं। इसके अनुसार, 31 जुलाई, 2026 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 31 मार्च, 2028 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक तीनपहिया वाहन (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) योजना के तहत प्रोत्साहन पाने के पात्र होंगे। प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाने के लिए अधिकतम शोरूम कीमत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए 1.5 लाख रुपये और इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) के लिए 2.5 लाख रुपये तक सीमित है। पीएम ई-ड्राइव योजना एक सीमित निधि वाली योजना है। इस योजना के तहत कुल भुगतान 10,900 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय तक सीमित रहेगा। भारी उद्योग मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा, यदि योजना या इसके संबंधित उप-घटकों के लिए धनराशि योजना की अंतिम तिथि, यानी 31 मार्च 2028 से पहले समाप्त हो जाती है।

# बंगाल को तबाह करने की कोशिश से भाजपा देश में सत्ता गंवा देगी : ममता

एजेंसी



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल को तबाह करने की कोशिश में भाजपा देश में अपनी सत्ता गंवा देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है।

बनर्जी ने रानीगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए घोषणा की कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव लगातार चौथी बार जीतने के बाद, वह दिल्ली विजय के लिए सभी राजनीतिक दलों को एकजुट करेंगी। उन्होंने कहा, अगर राज्य में भाजपा सत्ता में आती है, तो वे बुलडोज़र चलाकर सबको बाहर निकाल देंगे। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बर्धमान जिले के खनन शहर में आयोजित रैली में कहा, बंगाल को तबाह करने की कोशिश करके, भाजपा पूरे देश में अपनी सत्ता खो देगी।

उन्होंने एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए कहा, एक लक्ष्मण रेखा जरूर होनी चाहिए, लेकिन भाजपा सभी सीमाएँ लांघ रही है। मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनौती देते हुए कहा, एसआईआर आपकी मौत की घंटी साबित होगा। मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई झड़पों का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि प्रशासन ने कोई कार्वाई नहीं की।

# छात्र को आतंकी कहने वाले प्रोफेसर पर प्राथमिकी दर्ज

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु में कक्षा में एक छात्र को कथित तौर पर 'आतंकवादी' कहने और आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में शनिवार को एक निजी विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार, प्रोफेसर द्वारा छात्र को कथित रूप से डांटते हुए कक्षा में बाधा डालने का आरोप लगाने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह घटना 24 मार्च को हुई। इस घटना के बाद छात्र ने कॉलेज प्रशासन से संपर्क किया, जिसके बाद शुक्रवार को प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया। पुलिस ने प्रोफेसर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 (धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से दुर्भावनापूर्ण कृत्य) और 352 (शांति भंग करने के इरादे से अपमान) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें छात्र की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली थी। हालांकि, वीडियो का संज्ञान लेते हुए और प्रारंभिक जांच के आधार पर हमने स्वयं मामला दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है।

प्राथमिकी के अनुसार, प्रोफेसर ने कक्षा में बार-बार छात्र को 'आतंकवादी' कहा और उसके साथ मौखिक दुर्व्यवहार किया। प्राथमिकी के अनुसार, प्रोफेसर ने यह भी कहा, ईरान युद्ध तुम जैसे लोगों की वजह से हुआ।

# भारत ने शुल्क लगाने को उचित ठहराने के लिए पारदर्शिता के दुरुपयोग को लेकर किया आगाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्यों को चेतावनी दी है कि वे शुल्क लगाने को उचित ठहराने या वैध घरेलू नीतियों को चुनौती देने के लिए डब्ल्यूटीओ के पारदर्शिता प्रावधान का दुरुपयोग न करें। भारत ने कहा कि पारदर्शिता को निरंतर क्षमता निर्माण सहायता के जरिये समर्थन दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी देश निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का पालन करें।

डब्ल्यूटीओ के व्यापार में तकनीकी बाधाओं से संबंधित समझौते में पारदर्शिता एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके तहत, सदस्य देशों को अपनी व्यापार नीतियों, सब्सिडी और नियामक उपायों के बारे में नियमित और स्पष्ट रूप से जानकारी साझा करनी होती है। अमेरिका डब्ल्यूटीओ सुधार प्रस्ताव के तहत अनिवार्य खुलासों पर सख्त नियमों के लिए दबाव डाल रहा है।

उसका आरोप है कि कई देश डब्ल्यूटीओ को सब्सिडी, शुल्क या नीतिगत बदलावों की सूचना समय पर नहीं देते हैं। डब्ल्यूटीओ के विकासशील सदस्य देश सैद्धांतिक रूप से पारदर्शिता के महत्व से सहमत हैं, लेकिन अमेरिका द्वारा इसे लागू करने के तरीके पर उन्हें गंभीर आपत्ति है। उभरती अर्थव्यवस्थाएं सूचना न देने पर लगने वाले जुर्माने का विरोध कर रही हैं।

उनका तर्क है कि कई देशों में क्षमता की कमी है। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत ने विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों को चेतावनी दी है कि वे व्यापार में बदले की कार्वाई के तहत शुल्क लगाने को उचित ठहराने या वैध घरेलू नीतियों को चुनौती देने के लिए पारदर्शिता का दुरुपयोग न करें। भारत ने कहा है कि सभी सदस्यों, विशेषकर विकासशील देशों को, निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए निरंतर क्षमता निर्माण सहायता की आवश्यकता है।

# तेलुगु एसोसिएशन लखनऊ को मिला नया नेतृत्व

## वरिष्ठ ओईएएस अधिकारी और चिकित्सा विशेषज्ञ संभालेंगे कमान-राम नवमी की पूर्व संध्या पर हुआ ऐतिहासिक चुनाव



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी में तेलुगु समुदाय के लिए एक नए और उज्ज्वल अध्याय की शुरूआत हुई है। तेलुगु एसोसिएशन लखनऊ (टीएएल) ने 27 मार्च को व्हील्स क्लब में आयोजित एक महत्वपूर्ण आम सभा में अपनी नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा की। राम नवमी की पावन पूर्व संध्या पर आयोजित इस सभा में लखनऊ के तेलुगु प्रवासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और देश के शीर्ष नौकरशाहों एवं चिकित्सा विशेषज्ञों को संगठन की बागडोर सौंपी गई। नवगठित कार्यकारिणी में वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी एल. वेंकटेश्वरलु को मुख्य संरक्षक के सम्मानजनक पद पर नियुक्त किया गया है। जबकि के. रविंदर नाइक, आईएएस, को सर्वसम्मति से संगठन का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी पूर्व सीएमडी एन.सी. रेल डॉ. के. सुधा राव एवं सतीश को सौंपी गई है। संगठन के महासचिव के रूप में वरिष्ठ शिक्षाविद् सुधाकर रेड्डी का चयन किया गया है। कार्यकारिणी को और सुदृढ़ बनाते हुए डॉ. अदापा एवं सुचिता को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। सिद्धार्थ रेड्डी कोषाध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे, जबकि के. विश्वदेव राव मीडिया समन्वयक होंगे। क्षेत्र सदस्यों में रंगा राव, कार्तिक, नागेश्वर राव, गीता एवं यू.वी. किरण को स्थान दिया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत निवर्तमान अध्यक्ष डी.एन. रेड्डी के विस्तृत प्रतिवेदन से हुई, जिसमें उन्होंने अपने कार्यकाल की सामाजिक-सांस्कृतिक उपलब्धियों और सामुदायिक कल्याण परियोजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया। नई कार्यकारिणी के चुनाव से पूर्व निवर्तमान समिति के सदस्यों को उनकी समर्पित सेवाओं और अमूल्य योगदान के लिए औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया। इस नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और विशेषज्ञ पेशेवरों की नियुक्ति से उत्तर प्रदेश की राजधानी में तेलुगु समुदाय के सामाजिक कल्याण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और संगठनात्मक विकास के एक नए दौर की शुरूआत होने की प्रबल संभावना है। नवनिर्वाचित समिति प्रशासनिक अनुभव और सामुदायिक समर्पण का अनूठा संगम है, जो संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्षम होगी।

## पेज एक का शेष

### डबल इंजन

कहा पहले समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं ने नोएडा को अपनी लूट का एटीएम बना लिया था लेकिन आज भाजपा सरकार में वहीं नोएडा प्रदेश के विकास का सशक्त इंजन बन रहा है। जेवर का यह हवाई अड्डा डबल इंजन सरकार की कार्य संस्कृति का बहुत अच्छा उदाहरण है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिमी एशिया में एक महीने से युद्ध जारी है और भारत देशवासियों के भरोसे के साथ इस संकट का पूरी शक्ति से मुकाबला कर रहा है। मोदी ने वैश्विक संकट की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा मैं प्रदेश व देश के सभी राजनीतिक दलों से आग्रह पूर्वक कहना चाहता हूं कि इस प्रकार के संकट से ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने कहा जो भारतीयों और भारत के हक में है, वही भारत सरकार की नीति और रणनीति हैं। राजनीति के लिए गलत बयानबाजी करने वाले राजनीतिक बहस में कुछ नंबर पाएंगे लेकिन देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को देश की जनता कभी माफ नहीं करती। प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 11,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण समेत कार्गो हब का उद्घाटन करने के बाद जेवर में एक समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा आज पूरा विश्व चिंतित हैं, पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध जारी है। युद्ध की वजह से कई सारे देशों में खाने-पीने के सामान, डीजल, खाद का संकट सामने आया है। मोदी ने कहा हर देश इस संकट का सामना करने के लिए कुछ न कुछ प्रयास कर रहा है लेकिन भारत देशवासियों की ताकत के भरोसे इस संकट का पूरी शक्ति से मुकाबला कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत बड़ी मात्रा में कच्चे तेल व गैस प्रभावित देशों से मंगाता है इसलिए सरकार हर वह कदम उठा रही है जिससे सामान्य परिवारों, किसान भाई-बहनों पर इस संकट का बोझ न पड़े। प्रधानमंत्री ने कहा विकसित भारत बनाने के लिए सबका प्रयास बहुत जरूरी है। यह आवश्यक है कि 140 करोड़ देशवासी कड़े से कड़ा परिश्रम करें और एकजुट होकर सामना करें। अभी जो युद्ध जारी है, उससे उपजे संकटों का सामना कैसे करना है, इसके बारे में मैंने संसद में भी बताया है। मेरी कल (शुक्रवार को) सभी मुख्यमंत्रियों से लंबी और सकारात्मक चर्चा हुई है। मोदी ने कहा आज जनता से फिर से कहूंगा कि हमें शांत मन से, धैर्य के साथ, एकजुटता के साथ मिलजुलकर इस संकट का सामना करना है। यह पूरे विश्व में परेशानी करने वाला संकट है और हमें अपने देश की सबसे ज्यादा चिंता करनी है। यही हम भारतीयों की सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने राजनीतिक दलों को आगाह करने के साथ-साथ कहा कि कोरोना के संकट में कुछ लोगों ने वैक्सीन को लेकर झूठ बोला, अफवाहें फैलाई ताकि सरकार का काम कठिन हो, देश को नुकसान हो लेकिन परिणाम क्या हुआ। मोदी ने कहा जनता ने चुनाव के दौरान ऐसी राजनीति को नकार दिया। मुझे पूरा भरोसा है कि देश के सभी राजनीतिक दल इससे सबक सीखेंगे और देश को ताकत देंगे। इसी आग्रह के साथ एक बार फिर से शानदार हवाई अड्डे के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संकट के इस समय में भी भारत ने अपने तेज विकास को निरंतर जारी रखा है।

### 2017 से पूर्व

सरकार ने जो गति पकड़ी वह रुकावट की हर बाधा को तोड़ने में कामयाब रही। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में अपने संबोधन में कहा, 'विकास की ऊंचाइयों के साथ जनता को राहत प्रधानमंत्री जी की कार्य योजना का हिस्सा है। यह आज हर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है और नोएडा हवाई अड्डा इसी श्रृंखला का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा सबसे पहले मोदी जी का इस भव्य और गरिमामय समारोह में प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से उड़ान योजना के तहत राज्य को एक नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा यह कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। कल (शुक्रवार को) ही रामनवमी के पावन अवसर पर पूरे देश के अंदर उत्साह का माहौल था।

योगी ने कहा पूरी दुनिया में अव्यवस्था, अराजकता का माहौल, संशय की स्थिति है और पूरी दुनिया में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छू रहे हैं। लेकिन अपनी दूरदर्शी सोच, देश प्रथम के भाव से 11 वर्षों से जो कार्य योजना मोदी जी के नेतृत्व में भारत के लिए बनी है, वह अब देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी उत्पादों के दाम आसमान छू रहे हैं। पड़ोसी देशों में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम आसमान छू रहे, अव्यवस्था फैल रही है और लोगों में कोटा सिस्टम लागू करना पड़ा लेकिन भारत में पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क कम करने का आपने (मोदी) जो ऐतिहासिक निर्णय लिया है, उसके लिए आभार और कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने 25 नवंबर 2021 को इस हवाई अड्डे का शिलान्यास किया और आपके कर कमलों से आज (शनिवार को) इसके प्रथम चरण का उद्घाटन हो रहा है। आपने हमेशा कहा कि जिसका शिलान्यास करो, उसका उद्घाटन भी करो और आज यह हो रहा है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी पहचान की नई उद्घोष कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आज अपनी पहचान का नया उद्घोष कर रहा है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, उन्होंने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा संकल्प को सिद्धि में बदलने का परिणाम है।

योगी ने कहा कि यह हवाई अड्डा उत्तर भारत के निवेश, व्यापार व औद्योगिक विकास को नई उंचाई तक पहुंचाते हुए व्यापक रोजगार सृजन भी करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश को ग्लोबल कनेक्टिविटी का केंद्र बनाते हुए यमुना एक्सप्रेसवे और भविष्य में ईस्टर्न पेरिफेरल, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, आरआरटीएस, दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड रेललाइन जैसे नेटवर्क से जोड़कर प्रदेश को गति के साथ विकास की नई उंचाई तक ले जाने का भी कार्य करेगा। योगी ने उद्घाटन समारोह में किसानों के प्रति भी विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पहले यहां तमाम आंदोलन होते रहते थे लेकिन किसानों से संवाद बनाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को समयबद्ध मुआवजा व पुनर्वास के साथ जोड़ा गया और उन्होंने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए 13 हजार एकड़ भूमि का योगदान दिया।

### ईरान युद्ध

हूती विद्रोहियों के शामिल होने से यह सवाल भी खड़ा हो गया है कि क्या विद्रोही फिर से लाल सागर गलियारे से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाएंगे, जिससे वैश्विक व्यापार और बाधित होगा। इस्राइल-हमास संघर्ष के दौरान नवंबर 2023 से जनवरी 2025 तक हूती विद्रोहियों ने मिसाइलों और ड्रोन से 100 से अधिक व्यापारिक जहाजों पर हमला किया, जिनमें दो जहाज डूब गए और चार नाविक मारे गए थे। हूतियों ने 2014 से यमन की राजधानी सना पर कब्जा कर रखा है। सऊदी अरब ने 2015 में यमन की निर्वासित सरकार की ओर से हूतियों के खिलाफ युद्ध छेड़ा था और सऊदी अरब के साथ अस्थिर युद्धविराम के कारण विद्रोही अब तक हालिया संघर्ष से दूर रहे थे।

### 1 अप्रैल से

डीजल बनाए जाते हैं। भारत अपनी जरूरत का करीब 80% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से लगभग 20% रूस से आता है। भारत बहुत कम मात्रा में पेट्रोल या अन्य तैयार ईंधन आयात करता है। इसके बजाय देश अपने बड़े रिफाइनरी नेटवर्क के जरिए कच्चे तेल को खुद प्रोसेस करता है। यही वजह है कि रूस के पेट्रोल निर्यात पर लगी रोक का भारत पर सीधा असर पड़ने की संभावना बहुत कम है।

### जी-7 शिखर

तात्कालिक आवश्यकता पर भी जोर दिया। विदेश मंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितताओं की पृष्ठभूमि में, सुदृढ़ व्यापार गलियारों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व पर भी बात की। जी7 बैठक के दौरान, जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो, सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान, जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल और यूक्रेनी विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा के साथ अलग-अलग बातचीत की। समझा जाता है कि इस बातचीत में पश्चिम एशिया संकट का मुद्दा प्रमुखता से उठा। जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद, दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून, इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी, जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी और ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा से भी मुलाकात की। जी7 दुनिया की सात सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं-कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका को एक साथ लाता है। यूरोपीय संघ भी इस समूह का सदस्य है। भारत के अलावा, फ्रांस ने सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ब्राजील को आमंत्रित किया है। जी7 अपने सदस्यों के लिए वैश्विक मंच पर प्रमुख आर्थिक, वित्तीय और भू-राजनीतिक चुनौतियों के जवाब में चर्चा करने तथा कार्वाई का समन्वय करने के लिए एक पसंदीदा मंच के रूप में कार्य करता है।

### धामी ने

की मांग भी रखी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन के दोहरीकरण, रायवाला क्षेत्र में आवश्यक ढांचागत सुधार, चारधाम रेल परियोजना के विभिन्न हिस्सों के सर्वे कार्य में तेजी लाने और मोहण्ड-देहरादून-सहारनपुर रेल लाइन को प्राथमिकता देने की जरूरत पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि ये सभी परियोजनाएं राज्य के संतुलित और समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएंगी। बैठक में कुम्भ 2027 को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार आयोजन को डिजिटल कुम्भ के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इससे भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। उन्होंने जानकारी दी कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए केंद्र सरकार को करीब 143.96 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है और इसकी शीघ्र स्वीकृति का अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से कुम्भ 2027 को भव्य, सुव्यवस्थित और तकनीकी रूप से सशक्त आयोजन के रूप में स्थापित किया जाएगा।

### यमुना एक्सप्रेस-वे

को लेकर उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का पहला चरण साकार हो चुका है, उसी तरह फिल्म सिटी परियोजना भी जल्द पूरी होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या हवाई अड्डा का पूरा होना किसानों की जीत है, कपूर ने कहा मुझे लगता है कि यह भारत की जीत है।

### संभल को

तीर्थ, भद्रिका आश्रम, ऋषिकेश तीर्थ, रसोदक कूप, अमृत कूप और पंचाग्नि कूप सहित अन्य स्थानों को भी विकसित किया जा रहा है। सूर्य कुंड मंदिर के साथ-साथ संभलेश्वर, भुवनेश्वर और चंद्रेश्वर मंदिरों में भी पर्यटन से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं को उन्नत किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक तीर्थयात्रियों को आकर्षित करना और कल्कि धाम यात्रा को बढ़ावा देना है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और क्षेत्र आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेगा। अधिकारियों के अनुसार, इस व्यापक योजना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय लोगों की आजीविका को भी सहारा मिलेगा, जिससे संभल को देश के धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान मिलने की उम्मीद है।




# बटलर ने ठुकरायी टी20 लीग की पेशकश



नयी दिल्ली। इंग्लैंड के सफेद गेंद के क्रिकेट में बेहतरीन विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक जोस बटलर का कहना है कि उन्होंने काम और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कभी कभी कुछ टी20 फ्रेंचाइजी लीग की पेशकश को ठुकराया भी है। कितना क्रिकेट बहुत ज्यादा होता है, इस पर बटलर ने कहा कि यह पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है।

बटलर सितंबर में 36 साल के हो जाएंगे लेकिन वह अब भी इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद की जिम्मेदारी उठा रहे हैं और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लगातार 11वें सत्र में लोकप्रिय टी20 बल्लेबाज के तौर पर भी खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के साथ उनका यह दूसरा सत्र होगा। तो क्या वह ऐसे मोड़ पर आ गए हैं जहां उन्हें फ्रेंचाइजी और देश में से किसी एक को चुनना पड़ सकता है? इस पर उन्होंने कहा, मैं जहां खेल रहा हूं, वहीं पर अपना पूरा ध्यान लगा रहा हूं। मेरे सामने जो है, उसे देखता हूं और उसी के हिसाब से खेलता हूं। बटलर ने मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के पहले मैच से पहले पीटीआई के साथ एक खास बातचीत में कहा, निश्चित रूप से अभी आईपीएल ही सबसे अहम है।

उनका मानना है कि प्राथमिकता को देखते हुए सोच-समझकर फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा, कुछ समय बाद, आप पीछे मुड़कर देखते हैं और सोचते हैं कि मैं अपने करियर में किस मोड़ पर हूं? मेरे लिए क्या जरूरी है? बटलर ने कहा, मैं इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद का क्रिकेट खेलता हूं। इसलिए मुझे लगता है कि अब मेरे पास एक ऐसा कैलेंडर है जिसे मैं काफी अच्छे से संभाल सकता हूं।

# पंत की सुझाव लेने के प्रति खुली सोच से सकारात्मक माहौल बनता है : मिचेलमार्श



नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने ऋषभ पंत की नेतृत्वक्षमता की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान सुझाव लेने की प्रति खुली सोच रखता है जिससे टीम के अंदर सकारात्मक माहौल पैदा होता है। एलएसजी के पास मार्श और एडन मार्करम के रूप में दो अंतरराष्ट्रीय कप्तान हैं। मार्श ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा, बात बस इतनी सी है कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें, ऋषभ को हर संभव सहयोग दें। वह एक बेहतरीन युवा खिलाड़ी है जो अपनी टीम का नेतृत्व बखूबी करता है।

वह हमेशा फीडबैक और सुझाव लेने के लिए तैयार रहता है और उस पर अमल भी करता है। उन्होंने कहा, हमारी टीम में कुछ बहुत अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं जो काफी महत्व रखते हैं। मेरे लिए जहां जरूरत है वहां योगदान देना महत्वपूर्ण है। मार्श ने कहा कि अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना और टीम पर सकारात्मक प्रभाव डालना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा, मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करूंगा। पिछला साल मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से काफी अच्छा रहा था और तब मैंने निरंतरता बनाए रखी थी। लेकिन मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं इस टीम पर सकारात्मक प्रभाव कैसे डाल सकता हूं और अधिक से अधिक मैच जीतने में कैसे योगदान दे सकता हूं। मार्श ने सकारात्मक माहौल बनाने में टीम के मालिक संजीव गोयनका और पंत की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा, एलएसजी के साथ मेरा सफर शानदार रहा है। पिछले साल फ्रेंचाइजी ने मेरा बहुत अच्छे से ख्याल रखा। इस साल भी ऐसा ही लग रहा है। हमारी टीम में बहुत अपनापन है और उम्मीद है कि हम इस माहौल को बरकरार रख पाएंगे और लोगों को दिखा पाएंगे कि हमारे लिए एलएसजी के लिए खेलना कितना मायने रखता है। मार्करम के साथ मैदान पर और मैदान के बाहर के संबंधों के बारे में मार्श ने कहा कि समय के साथ दोनों अच्छे दोस्त बन गए हैं और पिछले सत्र में दोनों ने बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन किया। आईपीएल 2025 में मार्श ने 627 रन और मार्करम ने 445 रन बनाए। मार्श ने कहा, पिछले साल मैंने एडन के साथ बहुत अच्छा समय बिताया।



हम अतीत में एक दूसरे के खिलाफ कई बार खेल चुके हैं लेकिन किसी को आप तभी अच्छी तरह से समझ पाते हैं जब आप एक टीम की तरह से खेलते हैं। उन्होंने कहा, जब आप एक साथ खेलते हैं, तो मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह आपका रिश्ता मजबूत होना चाहिए। पिछले साल हम अच्छे दोस्त बन गए।

# आरसीबी ने हैदराबाद को 6 विकेट से हराया

## आईपीएल : कोहली ने लगाया अर्धशतक, 15.5 ओवर में ही हासिल किया लक्ष्य

एजेंसी



बेंगलुरू। आईपीएल में 19वें सीजन के ओपनिंग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 201 रन बना दिए। जिसके जवाब में आरसीबी ने 6 विकेट से हैदराबाद को हरा दिया। कप्तान ईशान किशन ने 80 और अनिकेत वर्मा ने 43 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए रोमारियो शेफर्ड और जैकब डफी ने 3-3 विकेट लिए। आरसीबी ने 7 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 89 रन बना लिए हैं। टीम से विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल पिच पर हैं। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। जयदेव उनादकट ने फिल सॉल्ट को कैच कराया, सॉल्ट ने 9 रन बनाए। 202 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी आरसीबी ने पावरप्ले में तेज शुरुआत की। टीम ने फिल सॉल्ट का विकेट गंवाने के बाद भी 6 ओवर में 76 रन बना लिए। देवदत्त पडिक्कल और विराट कोहली ने हाफ सेंचुरी पार्टनरशिप की। 5वें ओवर में फवाद ने 67 रन बना लिए। इसी ओवर में विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली। नंबर-3 पर देवदत्त पडिक्कल बैटिंग करने आए, उन्होंने जयदेव उनादकट के खिलाफ छक्का लगाकर खाता खोला। इसी ओवर में विराट कोहली ने चौका लगाकर अपना पहला रन बनाया। बेंगलुरु ने दूसरे ओवर में ही विकेट गंवा दिया। जयदेव उनादकट ने शॉर्ट पिच गेंद फेंकी।

फिल सॉल्ट बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन मिड ऑफ पर हेनरिक क्लासन के हाथों कैच हो गए। सॉल्ट ने 9 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए फिल सॉल्ट और विराट कोहली ओपनिंग करने उतरे। हैदराबाद से नीतीश रेड्डी ने पहला ओवर फेंका और 9 रन दिए। सॉल्ट ने ओवर में 2 चौके लगाए। सनराइजर्स हैदराबाद ने 19वें सीजन के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 202 रन का टारगेट दे दिया। टीम से ईशान किशन ने 80, अनिकेत वर्मा ने 43 और हेनरिक क्लासन ने 31 रन बनाए। फवाद से जैकब डफी और रोमारियो शेफर्ड ने 3-3 विकेट लिए। 19वें ओवर में हैदराबाद ने 9वां विकेट गंवा दिया। ओवर की आखिरी गेंद पर अनिकेत वर्मा 43 रन बनाकर लॉन्ग ऑफ पोजिशन पर कैच हुए। विराट कोहली ने 26 रन पर उनका कैच छोड़ने के बाद 19वें ओवर में कैच पकड़ भी लिया। रोमारियो शेफर्ड ने 3 विकेट लिए। 18वें ओवर में विराट कोहली ने कैच ड्रॉप कर दिया।

ओवर की तीसरी गेंद भुवनेश्वर कुमार ने गुड लेंथ पर फेंकी। अनिकेत वर्मा ने शॉट खेला, लेकिन गेंद हवा में खड़ी गई। विराट कोहली लॉन्ग ऑन से दौड़ते हुए आए, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। अनिकेत को 26 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला। ओवर की पांचवीं गेंद पर भुवनेश्वर ने हर्षल पटेल को कैच करा दिया। वे खाता खोले बगैर देवदत्त पडिक्कल को कैच दे बैठे। 17वें ओवर में हैदराबाद ने 7वां विकेट गंवा दिया। ओवर की आखिरी बॉल रोमारियो शेफर्ड ने लेग स्टंप पर यॉर्कर फेंकी। हर्ष दुबे ने फ्लिक किया, लेकिन डीप स्क्वेयर लेग पोजिशन पर देवदत्त पडिक्कल के हाथों कैच हो गए। दुबे ने 3 रन बनाए। 16वें ओवर में हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन 80 रन बनाकर आउट हुए। ओवर की आखिरी गेंद अभिनंदन सिंह ने फुल टॉस फेंकी। ईशान ने कवर्स की दिशा में शॉट खेला, लेकिन वहां फिल सॉल्ट मौजूद थे। वे दौड़ते हुए गेंद के पास पहुंचे और एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया। 15वें ओवर में लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने पहला विकेट झटक लिया।

ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने शॉर्ट पिच गुगली फेंकी। सलिल अरोड़ा ने शॉट खेला, लेकिन डीप मिड विकेट पोजिशन पर देवदत्त पडिक्कल के हाथों कैच हो गए। अरोड़ा ने डेब्यू मैच में 9 रन बनाए। 14वें ओवर में हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल रोमारियो शेफर्ड ने गुड लेंथ पर फेंकी। हेनरिक क्लासन ने बड़ा शॉट खेला, लेकिन डीप स्क्वेयर लेग पोजिशन पर कैच हो गए। उन्होंने 22 गेंद पर 31 रन बनाए। 13वें ओवर में स्पिनर क्रुणाल पंड्या ने 21 रन खर्च कर दिए। ओवर की पहली गेंद पर हेनरिक क्लासन ने छक्का लगाया। वहीं आखिरी 2 गेंदों पर ईशान ने 2 सिक्स लगाए और ओवर के स्कोर को 21 रन तक पहुंचा दिया। 12वें ओवर में कप्तान ईशान किशन ने फिफ्टी लगा दी। ओवर की दूसरी गेंद पर उन्होंने सामने की दिशा में चौका लगाया और 27 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। उन्होंने अगली ही गेंद पर उन्होंने कवर्स की दिशा में बाउंड्री लगाई और टीम की सेंचुरी पूरी करा दी। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी हैदराबाद ने पावरप्ले में ही 3 विकेट गंवा दिए। कप्तान ईशान किशन ने फिर हेनरिक क्लासन के साथ मिलकर फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को 10 ओवर के बाद 87 रन तक पहुंचा दिया। 8वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने 16 रन खर्च कर दिए। हेनरिक क्लासन ने उनके खिलाफ 2 चौके लगाए, एक बाउंड्री ईशान किशन ने भी लगाई।

अगले ही ओवर में क्लासन और किशन ने चौथे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली। बेंगलुरु ने पहली पारी के 8वें ओवर में ही इम्पैक्ट प्लेयर नियम का इस्तेमाल कर लिया। जैकब डफी 4 ओवर फेंकने के बाद बाहर चले गए। उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल इम्पैक्ट सब बनकर मैदान में आए। वे नंबर-3 पर बैटिंग करेंगे। डफी ने अपने डेब्यू मैच में 22 रन देकर 3 विकेट लिए। एसआरएच ने 7वें ओवर की पहली गेंद पर फिफ्टी पूरी कर ली। हेनरिक क्लासन और कप्तान ईशान किशन पिच पर मौजूद रहे। टीम ने पावरप्ले में 49 रन बनाए। 5वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की दूसरी गेंद जैकब डफी ने शॉर्ट पिच फेंकी। नीतीश रेड्डी बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन मिड विकेट पर अभिनंदन सिंह के हाथों कैच हो गए। रेड्डी 1 रन ही बना सके। तीसरे ओवर में हैदराबाद ने 2 विकेट गंवा दिए। ओवर की पहली गेंद पर अभिषेक शर्मा कैच आउट हुए। आखिरी गेंद पर ट्रैविस हेड भी कैच हो गए। वे डीप स्क्वेयर लेग पोजिशन पर फिल सॉल्ट के हाथों कैच हुए। हेड ने 11 और अभिषेक ने 7 रन बनाए।

## संक्षेप

### जर्मनी ने स्विस टीम को हराया, इंग्लैंड ने ड्रॉ खेला

लंदन। फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने दो गोल किए और दो गोल में मदद की, जिससे जर्मनी ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विश्व कप फुटबॉल से पहले के मैत्री मैच में स्विट्जरलैंड को 4-3 से हराया जबकि मिकेल ओयार्ज़ाबाल के दो गोल की मदद से स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से पराजित किया। अन्य मैचों में बेन व्हाइट ने इंग्लैंड की टीम में वापसी करते हुए गोल किया लेकिन फिर स्टेफिन टाइस में पेनल्टी दे दी, जिससे इंग्लैंड ने उरुग्वे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि नीदरलैंड ने एम्स्टर्डम में नॉर्वे को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल का व्हाइट का चयन करना चौंकाने वाला था, क्योंकि चार साल पहले वह विश्व कप के बीच में ही अपने साथियों को छोड़कर चले गए थे। जब मैच में 21 मिनट बचे हुए थे तब आर्सेनल के डिफेंडर फिकायो टोमोरी की जगह उन्हें मैदान पर उतारा गया। वेम्बली में मौजूद 80,000 दर्शकों में से कुछ ने उनकी हूटिंग भी की। अन्य मैचों में अल्जीरिया ने ग्वाटेमाला को 7-0 से और मिस्र ने सऊदी अरब को 4-0 से हराया। मोरक्को ने इक्वाडोर के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

### तेजस्विन शंकर की जीत से शुरुआत

नयी दिल्ली। भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर ने अमेरिका के टेक्सास में डेविड नोबल रिले 2026 एथलेटिक्स मीट में हवा की मदद से 7947 अंक का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर अपने डेकाथलॉन सत्र की शुरुआत जीत से की। शंकर हालांकि 8000 अंक से 53 अंक पीछे रह गए। टेक्सास में शंकर का प्रदर्शन उनके ही नाम दर्ज राष्ट्रीय रिकॉर्ड (7826 अंक) से बेहतर था जो उन्होंने पिछले साल पोलैंड में बनाया था। लेकिन अत्यधिक अनुकूल हवा (टेलविंड) के कारण विश्व एथलेटिक्स के नियमों के अनुसार यह प्रदर्शन नए रिकॉर्ड के रूप में दर्ज नहीं किया गया। विश्व एथलेटिक्स के नियमों के मुताबिक डेकाथलॉन में रिकॉर्ड तभी मान्य होता है जब 100 मीटर, लंबी कूद और 110 मीटर बाधा दौड़ में औसत हवा की मदद 2.0 मीटर प्रति सेकंड से अधिक नहीं हो।

### एमसीए संग्रहालय में स्मारक पट्टिका का अनावरण

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी पॉली उमरीगर की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार ने यहां एमसीए संग्रहालय में एक स्मारक पट्टिका का अनावरण किया। वह पट्टिका उस दिग्गज बल्लेबाज के सम्मान में लगाई गई है जिन्होंने 1948 से 1962 के बीच 59 टेस्ट मैच खेले और उनमें से आठ में भारत की कप्तानी की। उन्होंने एक क्रिकेटर और एक प्रशासक दोनों के रूप में खेल की सेवा की। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, भारतीय क्रिकेट में पॉली उमरीगर का योगदान वास्तव में अमूल्य है और उनकी जन्म शताब्दी वर्ष में उनकी विरासत का सम्मान करना हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा, एमसीए के शरद पवार क्रिकेट संग्रहालय में वह स्मारक उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और खेल पर उनके अमिट प्रभाव के प्रति सम्मान है।

# रघुवंशी का एकमात्र लक्ष्य टीम के लिए मैच जीतना

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी का कहना है कि वह अपनी टीम के प्रदर्शन के आधार पर अपने खेल का आकलन करते हैं और इसके साथ ही वह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर के रूप में अपने कौशल को बढ़ाने पर लगातार काम कर रहे हैं। जिस टीम में न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट और भारत के अनकैप्ड (जिन्होंने अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) खिलाड़ी तेजस्वी दहिया विशेषज्ञ विकेटकीपर के रूप में मौजूद है, उसमें रघुवंशी का विकेट के पीछे का कौशल केकेआर के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है क्योंकि उनकी टीम के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में सही संयोजन तैयार करना एक चुनौती होगी। रघुवंशी ने पीटीआई से कहा, घरेलू क्रिकेट की मेरी टी20 टीम मुंबई को विकेटकीपिंग के लिए मेरी जरूरत थी, इसलिए मैंने इसे स्वीकार किया। यह एक नई चुनौती थी जिसने मुझे बहुत मजा आया। मैंने बहुत अभ्यास किया है और अब देखते हैं कि परिणाम कैसा निकलता है। भारतीय टीम में सभी प्रारूपों में जगह पाने की होड़ तेज हो रही है तथा यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा जैसे विशेषज्ञ बल्लेबाज भी लगातार अपनी गेंदबाजी कौशल को निखारने में जुटे हैं, ऐसे में रघुवंशी को भी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचता। मैं बस अपने खेल को जितना हो सके बेहतर बनाने पर ध्यान देता हूं। क्रिकेट काफी गतिशील खेल है और इसलिए मैं अपनी बल्लेबाजी के साथ-साथ अपने फील्डिंग कौशल और विकेटकीपिंग कौशल पर भी लगातार काम कर रहा हूं। मैं जितना हो सके उतना बेहतर बनने की कोशिश कर रहा हूं। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में ज्यादा मौके नहीं मिले, लेकिन उन्होंने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी दोनों टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। रघुवंशी ने कहा, मैं अपनी तरफ से पूरी तैयारी की, लेकिन मैं अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन केवल इस आधार पर करता हूं कि टीम जीती है।

# चाकारा को इंडियन ओपन में बढ़त

एजेंसी

गुरुग्राम। गत चैम्पियन स्पेन के यूजेनियो चाकारा ने इंडियन ओपन गोल्फ के तीसरे दौर के बाद दो अंडर 70 के स्कोर के साथ अपनी बढ़त चार शॉट्स की कर ली है। पिछले सप्ताह भारत में होटल प्लानर टूर टूर्नामेंट जीतने वाले दक्षिण अफ्रीका के एम जे डाफी और इंग्लैंड के एलेक्स फिट्ज़पैट्रिक संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। मध्यप्रदेश के महू के रहने वाले ओम प्रकाश चौहान तीसरे दौर में 73 और कुल एक ओवर 217 के स्कोर के साथ संयुक्त 20वें स्थान पर हैं। दूसरा दौर खत्म होने के बाद तीन भारतीयों ने कट में प्रवेश कर लिया जिनमें चौहान, मनोज एस (38वां स्थान) और क्षितिज नावीद कौल (संयुक्त 57वां) शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने फोर्ड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पांच ओवर 77 का स्कोर बनाया जिससे वह बड़े अंतर से कट से चूक गईं।

**ओमप्रकाश संयुक्त 20वें स्थान पर**

अदिति ने पहले दौर में 72 का कार्ड खेला था और इस तरह से वह कट में जगह बनाने से काफी पीछे रह गई। कट चार अंडर पर निर्धारित किया गया था। नेली कोर्डा अपने पहले दौर के नौ अंडर 63 के स्कोर में सात अंडर 65 का स्कोर जोड़कर तीसरे स्थान से शीर्ष पर पहुंच गई है।

# निकिता ने मेजबान छत्तीसगढ़ के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता

रायपुर। भारोत्तोलक निकिता ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) 2026 में मेजबान छत्तीसगढ़ का स्वर्ण पदक का इंतजार खत्म किया जबकि ओडिशा की महिला तैराकों ने शनिवार को यहां चौथे दिन तैराकी में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीत लिए। निकिता ने महिलाओं की 77 किग्रा स्पर्धा में अपना दबदबा बनाते हुए दिन की आखिरी स्पर्धा में आसानी से स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं ओडिशा ने रितिका मिंज (100 मीटर फ्रीस्टाइल), अंजली मुंडा (50 मीटर बैकस्ट्रोक) और चार गुणा 100 मेडले रिले टीम के स्वर्ण पदक जीते। अंजली ने कुल पांच स्वर्ण पदक जीते जिनमें से चार उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में हासिल किए।

# आंध्रा की महिला टीम ने जीता टी-10 चैंपियनशिप

एजेंसी

गुरुग्राम। आंध्र प्रदेश की महिला टीम ने दिल्ली की टीम को एक रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराकर बधिरों की सातवीं आईडीसीए महिला टी10 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब जीता। आंध्र प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 73 रन बनाए।

इसके जवाब में दिल्ली की टीम चार विकेट पर 68 रन ही बना पाई। आंध्र प्रदेश की डी कंधम्मा ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज दोनों पुरस्कार हासिल किए। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का समर्थन प्राप्त है। यही नहीं वह अंतरराष्ट्रीय बधिर क्रिकेट परिषद और एशियाई बधिर क्रिकेट संघ से मान्यता प्राप्त है। आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि इस टूर्नामेंट से वर्षों से लगातार होनहार प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। वहीं दूसरी ओर मिचेल स्टार्क ने



आईपीएल 2026 में अपने देरी से पहुंचने को लेकर चल रही बातों पर आलोचकों पर निशाना साधा और स्पष्ट किया कि सत्र की शुरुआत में उनकी अनुपस्थिति दिल्ली कैपिटल्स के प्रति प्रतिबद्धता की कमी वजह से नहीं बल्कि चोट प्रबंधन के कारण है।

# आईपीएल : केकेआर व मुंबई आज होंगे आमने-सामने

एजेंसी



मुंबई। खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है। मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पिछले साल हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम क्वालीफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन मुंबई इंडियंस इस बार अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रहा है। रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे।

रोहित के अलावा उसकी टीम में कई स्टार खिलाड़ी हैं जिनमें भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के पास कई शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर, विल जैक्स, एएम ग़ज़नफ़र और ट्रेंट बोल्ट प्रमुख हैं। बुमराह और बोल्ट की जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में मुंबई इंडियंस के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं, जबकि नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल उन्होंने अपनी इस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया था। इसलिए मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंतिम एकादश में उचित संयोजन तैयार करना होगा। उसकी टीम शुरुआत में कुछ मैच जीतने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि अक्सर वह अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रही है। मुंबई में खेलने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स में कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के रूप में कुछ स्थानीय खिलाड़ी भी नजर आएंगे लेकिन उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है जिसका मुंबई इंडियंस पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा।

नीलामी के समय केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा नजर आ रहा था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर फ्रेंचाइजी ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर कर दिया था जबकि उसके दो भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। जिंबाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी प्रतिभाशाली है लेकिन उन पर दबाव हो सकता है। ऐसे में गेंदबाजी विभाग की बड़ी जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती को निभानी पड़ेगी जो टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। केकेआर की टीम में सीएसके के दो पूर्व खिलाड़ी रचिन रविंद्र और मथीशा पथिराना भी शामिल हैं। टिम सीफर्ट विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर एकमात्र शुरुआती विकल्प हैं, जबकि उसके पास कैमरन ग्रीन और सुनील नारायण के रूप में दो बेहतरीन ऑलराउंडर भी मौजूद हैं। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

टीम इस प्रकार हैं:

मुंबई इंडियंस: हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।



# शाह ने टीएमसी पर आरोपपत्र किया जारी

## 15 साल के शासन के दौरान बंगाल देश के लिए घुसपैठ, तुष्टीकरण की राजनीति और सीमा पर असुरक्षा का प्रमुख गलियारा बन गया

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक आरोपपत्र जारी किया तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को देश की सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए भाजपा के प्रचार अभियान को और तेज कर दिया। शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इसके 15 साल के शासन के दौरान बंगाल देश के लिए घुसपैठ, तुष्टीकरण की राजनीति और सीमा पर असुरक्षा का प्रमुख गलियारा बन गया है।



उन्होंने कहा, ममता दीदी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की राजनीति खेली है। कभी वह अपनी चोट की बात करती हैं, तो कभी निर्वाचन आयोग को भला-बुरा कहती हैं। लेकिन बंगाल की जनता अब ममता दीदी की विक्टिम कार्ड वाली इस राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है। निर्वाचन आयोग की एसआईआर कवायद का विरोध करने पर शाह ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अल्पसंख्यक वोट बैंक को बचाने के लिए जानबूझकर इस तरह की चीजें कर रही हैं। शाह ने कहा, मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अन्य राज्यों में भी हुआ है, लेकिन कहीं भी इसे इतना बड़ा मुद्दा नहीं बनाया गया। बंगाल में इसे मुद्दा सिर्फ इसलिए बनाया गया है, क्योंकि ममता बनर्जी अपने वोट बैंक को बचाना चाहती हैं। निर्वाचन आयोग जैसे संवैधानिक निकायों का अपमान करना बंगाली संस्कृति का हिस्सा नहीं है। यह दावा करते हुए कि असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहाँ से घुसपैठ लगभग खत्म हो गई है , शाह ने आरोप लगाया कि अब पश्चिम बंगाल आखिरी बचा हुआ रास्ता बनकर उभरा है, जिसके ज़रिए घुसपैठिए भारत में प्रवेश करते हैं और अलग-अलग राज्यों में फैल जाते हैं। शाह ने कहा, बंगाल चुनाव न केवल बंगाल के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। एक तरह से, पूरे देश की सुरक्षा बंगाल चुनाव से जुड़ी हुई है।

❍ बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम

उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की सीमाओं से होने वाला अवैध प्रवासन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गया है। शाह ने अपने सबसे तीखे हमलों में से एक में कहा कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा तृणमूल सरकार की तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण खतरे में पड़ गई है। संकरी पट्टी वाला सिलीगुड़ी कॉरिडोर पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ता है। गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र के बार-बार अनुरोध के बावजूद, ममता बनर्जी सरकार ने बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जरूरी जमीन उपलब्ध नहीं कराई है।

# मणिपुर के 143 सीमावर्ती गांवों की अवसंरचना को मजबूत किया जाएगा : मुख्यमंत्री युमनाम



इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने शनिवार को कहा कि केंद्र के वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 के तहत राज्य के 143 सीमावर्ती गांवों में बुनियादी ढांचे, संपर्क और सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। सिंह यहां योजना पर आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे गांवों के विकास के लिए एक केंद्रीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, आजीविका के अवसरों और बुनियादी सेवाओं में सुधार करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर, म्यांमा के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है, और सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

उन्होंने पांच जिलों तेंगनुपाल, कामजोंग, उखरुल, चंदेल और चुड़ाचंदपुर को योजना में शामिल करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त किया। सिंह ने कहा कि इस योजना को लागू करने के लिए राज्य की 143 सीमावर्ती गांवों की पहचान की गई है।

उन्होंने समयबद्ध और समन्वित कार्यान्वयन की आवश्यकता पर जोर देते हुए इस संबंध में योजना विभाग, जिला प्रशासन और सुरक्षा बलों की भूमिका को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि कार्यशाला से जमीनी स्तर पर समन्वय और क्रियान्वयन में सुधार होगा। कार्यशाला में सीमावर्ती गांवों के विकास और विभागों एवं एजेंसियों के बीच समन्वय सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## संक्षेप

### यमन के विद्रोहियों ने इजराइल पर हमले की ली जिम्मेदारी

दुबई। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने इजराइल पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली है। पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से यह उनका पहला हमला है। हूती समूह के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने विद्रोहियों के अल-मसीरा उपग्रह टेलीविजन चैनल पर शनिवार सुबह प्रसारित एक बयान में मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली। इजराइली सेना ने कहा कि उसने इस मिसाइल को उसके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही रोक दिया। सरी ने शुक्रवार को एक अस्पष्ट बयान में संकेत दिया था कि हूती विद्रोही भी इस युद्ध में शामिल होंगे। इस युद्ध के कारण दुनिया भर की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। सरी ने कहा कि उन्होंने दक्षिणी इजराइल में संवेदनशील सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। युद्ध में हूती विद्रोहियों के शामिल होने से यह सवाल भी खड़ा हो गया है कि क्या विद्रोही लाल सागर गलियारे से गुजरने वाले वाणिज्यिक पोतों को पुनः निशाना बनाएंगे। यदि ऐसा होता है तो पहले से ही प्रभावित वैश्विक नौवहन और बाधित हो जाएगा। हूती विद्रोहियों ने नवंबर 2023 से जनवरी 2025 तक मिसाइलों और ड्रोन के जरिये 100 से अधिक व्यापारिक पोत पर हमला किया, दो पोत को डुबो दिया और उनके हमलों में चार नाविक मारे गए।

# बलात्कार मामले में पहचान उजागर करने पर न्यायालय ने जतायी कड़ी आपत्ति

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार मामले में एक लड़की की पहचान उजागर किए जाने की कड़ी भर्त्सना की है और सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि अदालत के आदेशों में पीड़िताओं और उनके परिवार के सदस्यों के नाम का उल्लेख न हो। शीर्ष अदालत ने 2018 में निपुण सक्सेना मामले में अपने फैसले में कहा था, कोई भी व्यक्ति प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया आदि में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता और न ही किसी भी रूप में ऐसे तथ्य उजागर कर सकता है जिससे पीड़िता की पहचान सामने आए या आम जनता को उसकी पहचान पता चल सके। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस फैसले का पालन न होने के पीछे अदालतों की सामान्य उदासीनता और 'संभवतः ऐसे अपराधों से जुड़े गहरे सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार ठहराया।

# पूर्व पीएम ओली की गिरफ्तारी के विरुद्ध नेपाल में सीपीएन-यूएमएल कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) के कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में शनिवार को प्रदर्शन किया। सीपीएन-यूएमएल के नेता ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को जेन-जेड आंदोलन को दबाने में उनकी भूमिका के आरोप में शनिवार सुबह



गिरफ्तार किया गया। उस दौरान लगभग दो दर्जन युवाओं समेत 76 लोग मारे गए थे। ओली की गिरफ्तारी के विरोध में सीपीएन-यूएमएल के सैकड़ों कार्यकर्ता कोशी प्रदेश के झापा जिले के दमक नगरपालिका, कास्की जिले के पोखरा नगरपालिका और काठमांडू के मैतिघर मंडल और बाबरमहल में इकट्ठा हुए।

सीपीएन-यूएमएल के आंदोलनकारी कार्यकर्ताओं और ऑल नेपाल नेशनल फ्री स्टूडेंट्स यूनियन (एएनएनएफएसयू) से जुड़े कार्यकर्ताओं ने नवगठित बालेंद्र शाह सरकार और गृह मंत्री सूडान गुरुंग के खिलाफ नारे लगाए और ओली की तत्काल रिहाई की मांग की।

# देश में कोई भी सरकार भाजपा के नेतृत्व वाली असम सरकार जितनी भ्रष्ट नहीं : शिवकुमार

एजेंसी



गुवाहाटी। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को यहां आरोप लगाया कि असम के प्रशासन जितना भ्रष्ट कोई अन्य प्रशासन नहीं है और दावा किया कि राज्य के सभी मंत्रियों के साथ ही उनके परिवार के सदस्य भी भ्रष्टाचार में शामिल हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर असम के मौजूदा मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के पहले के आरोपों को लेकर सवाल उठाया और दावा किया कि भाजपा में शामिल होने वाला हर व्यक्ति पूरी तरह से बेदाग हो जाता है।

असम विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक शिवकुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, असम में जिस तरह का प्रशासन चल रहा है, यहां जिस स्तर का भ्रष्टाचार हो रहा है, वैसा भ्रष्टाचार देश के किसी अन्य राज्य में नहीं है। पूरा मंत्रालय इसमें शामिल है। कुछ भाजपा नेता और यहां तक कि उनके परिवार के सदस्य भी इसमें लिप्त हैं। कांग्रेस में 2015 में मंत्री रहते हुए शर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों वाली भाजपा की पुस्तिका का जिक्र करते हुए शिवकुमार ने पूछा, उनके पुराने भ्रष्टाचार के आरोप कैसे मिट गए और वे बेदाग कैसे हो गए, भाजपा के चहेते कैसे बन गए? अमित शाह को इसका जवाब देना होगा। क्या उन्होंने (शर्मा को) गंगा या ब्रह्मपुत्र या किसी अन्य नदी में डुबकी लगाकर पाप धोये हैं? भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों के पाप डुबकी लगाकर धोये जाते हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि असम के लोग बदलाव चाहते हैं और अगले महीने होने वाले चुनावों में निर्णायक रूप से मतदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिनों से वह बेंगलुरु में रहने वाले असमिया लोगों से मिलकर उनके विचार जानने की कोशिश कर रहे हैं। शिवकुमार ने शर्मा पर हिटलर की तरह सरकार चलाने का आरोप लगाते हुए कहा, अगर हम उन्हें बताते कि हम उनके विचार सोशल मीडिया पर प्रकाशित करना चाहते हैं, तो वे डर जाते हैं क्योंकि इससे उनकी जान को खतरा हो सकता है।

# जमाखोरी पर शिकंजा, 3,841 एलपीजी सिलेंडर जब्त, 97 मामले दर्ज

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अधिकारियों ने रसोई गैस की जमाखोरी की सूचना पर कार्वाई करते हुए पिछले दो सप्ताह से अधिक समय के दौरान 3,841 एलपीजी सिलेंडरों को जब्त किया तथा इस संबंध में 97 मामले दर्ज किए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे रसोई गैस और पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण व वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी सुनिश्चित करें तथा जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई करें। अधिकारियों के मुताबिक साय ने पश्चिम एशिया में मौजूदा हालात को ध्यान में रखते हुए आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि बैठक में पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी सिलेंडर, उर्वरकों



और अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साय ने एक्स पर कहा, पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के मद्देनजर आज (शनिवार को) निवास कार्यालय में प्रदेश के उच्च अधिकारियों, आयुक्त, आईजी एवं जिलाधिकारियों के साथ पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता व आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ में आवश्यक वस्तुओं, पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।


आपूर्ति पूरी तरह सुचारू एवं सामान्य है और इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। साय ने कहा, अधिकारियों को रसोई गैस व पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण एवं आपूर्ति की सतत निगरानी और जमाखोरी व मुनाफाखोरी के विरुद्ध सख्त कार्वाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा, राज्य के प्रत्येक नागरिक तक समय पर सेवाएं पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेशवासियों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री साय ने बैठक में कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और संवेदनशील नेतृत्व के कारण कोविड-19 महामारी जैसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में भी देश एकजुट रहा और सफलतापूर्वक उसका सामना किया। मौजूदा समय में कोविड-19 महामारी जैसी स्थिति नहीं है, लेकिन सतर्क रहना जरूर है। राज्य में पेट्रोलियम पदार्थों, गैस सिलेंडरों और उर्वरकों की कोई कमी नहीं है।

## इंटरटेनमेंट...

# 'धुरंधर-2' की सफलता से इंडस्ट्री में मची खलबली

**मुंबई**। 'धुरंधर-2' की बॉक्स ऑफिस सुनामी ने बॉलीवुड से साउथ तक पूरा रिलीज कैलेंडर अलट-पलट दिया है। अब अक्षय कुमार जैसे स्टार की फिल्म 'भूत बंगला' ने भी रिलीज डेट आगे खिसका ली है। रणवीर सिंह की फिल्म के चक्कर में बॉलीवुड ही नहीं, साउथ और हॉलीवुड की फिल्में भी रिलीज डेट बदल चुकी हैं। 'धुरंधर-2' की रिलीज डेट जिस दिन अनाउंस हुई थी, उसी दिन से बाकी फिल्मों के शेड्यूल बिगड़ने लगे थे। अब धुरंधर-2 की सुनामी का लेटेस्ट शिकार बनी है अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला। अक्षय और प्रियदर्शन की फिल्म भूत बंगला 10 अप्रैल को रिलीज होने के लिए शेड्यूल थी। कुछ समय पहले ही फिल्म का टीजर आया था, जिसे जनता से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन अब वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने धुरंधर-2 के चलते फिल्म की रिलीज एक हफ्ता आगे बढ़ा दी है। अब भूत बंगला 17 अप्रैल 2026 को रिलीज होगी। 'धुरंधर-2' अभी भी थिएटर्स में दमदार बिजनेस कर रही है। इसका बॉक्स ऑफिस ट्रेंड बता रहा है कि कम से कम और दो हफ्ते तक यह तगड़ी कमाई करती रहेगी। ऐसे में स्क्रीन शेयरिंग, हाइप और कमाई के मामले में भूत बंगला को मुश्किल सामना करना पड़ सकता है, इसलिए इसे टाल दिया गया है। कुल मिलाकर 'धुरंधर-2' अब तक आधा दर्जन फिल्मों की रिलीज डेट बदलवा चुकी है। 'धुरंधर-2' रोजाना भारी कलेक्शन कर रही है। रिपोर्टों के अनुसार फिल्म 10 दिनों से रोजाना 40करोड़+ नेट कलेक्शन कर रही है। अगर यह इसी तरह चलती रही, तो आधे अप्रैल तक इसका कब्जा बना रहेगा।

❍ बॉलीवुड से साउथ तक आधा दर्जन फिल्मों ने बदली रिलीज? डेट, अक्षय की भूत-बंगला भी टली




## अजय देवगन के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में मुकदमा

मुंबई। साल 2023 में आई अजय देवगन स्टारर फिल्म 'भोला' अब कानूनी पचड़े में फंस गई है। यह फिल्म 2019 में आई तमिल फिल्म कैदी का रीमेक वर्जन थी। अब कैदी के ओरिजिनल प्रोड्यूसर्स फिल्म भोला के मेकर्स के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचे हैं। उनका आरोप है कि 'भोला' के मेकर्स ने रीमेक और कॉपीराइट एग्रीमेंट की शर्तों का उल्लंघन किया है और तय रकम का भुगतान नहीं किया है। 'कैदी' बनाने वाले प्रोडक्शन हाउस 'ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स' ने यह मामला दर्ज कराया है। कंपनी का दावा है कि उनके पास फिल्म के रीमेक राइट्स के मालिकाना हक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2023 में रिलायंस एंटरटेनमेंट स्टूडियोज के साथ हिंदी रीमेक के लिए एक एग्रीमेंट हुआ था।

# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' शो नहीं होगा बंद


**मुंबई**। टेलीविजन का फेमस शो 'क्यूंकी सास भी कभी बहू थी सीजन 2' बंद नहीं होगा। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर अफवाहें थीं कि यह शो जल्द ही बंद होने वाला है और इसकी जगह एक नया स्पिन-ऑफ शो 'क्यूंकी रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' शुरू होगा।



हालांकि, अब चैनल ने आधिकारिक बयान जारी कर इन खबरों को पूरी तरह से गलत और 'बेबुनियाद' बताया है। चैनल ने खबरों को बताया बेबुनियाद चैनल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर सफाई दी है। चैनल ने लिखा, 'हमें पता चला है कि मीडिया में ऐसी खबरें चल रही हैं कि 'क्यूंकी सास भी कभी बहू थी 2' बंद हो रहा है और इसकी जगह 'क्यूंकी रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' आ रहा है।

# रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' का नया अपडेट

**मुंबई**। 2026 की बड़ी फिल्मों में शामिल 'रामायण' को लेकर नया अपडेट आया है। फिल्म में भगवान राम की अगली झलक 2 अप्रैल यानी हनुमान जयंती को दिखाई जाएगी। इसके साथ ग्लोबल लेवल पर फैंस के साथ सेलिब्रेशन होगा। राम नवमी के दिन यानी 27 मार्च को फिल्म के को-प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर ग्रैंड रिवील की जानकारी दी।




❍ हनुमान जयंती पर दिखेगी भगवान राम की अगली झलक

पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'शुभ राम नवमी। यह एक ऐसी कहानी है जो हम सभी की है और जो भी कदम हम उठा रहे हैं, वह पूरी जिम्मेदारी, श्रद्धा और समर्पण के साथ उठाया गया है, ताकि हमारी अपनी रामायण को उसकी सच्ची भावना और भव्यता के साथ पूरी ईमानदारी से जीवंत किया जा सके। उन्होंने आगे लिखा, 'हम 'राम' की अगली झलक को 2 अप्रैल, हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर शेयर करने के लिए उत्सुक हैं, जहां हम अपने कई सालों की मेहनत को एक ग्रैंड वर्ल्ड रिवील के जरिए फैंस के साथ शेयर करेंगे और इस खास पल को पूरी दुनिया में सेलिब्रेट करेंगे। आपके प्यार, विश्वास और धैर्य के लिए धन्यवाद। फिल्म का फर्स्ट लुक भारत सहित दुनिया के कई स्थानों पर दिखाया गया था, जिसमें टाइम्स स्क्वायर पर भी इसकी झलक दिखाई गई।

फिल्म का 3 मिनट लंबा फर्स्ट लुक टीजर जुलाई 2025 में जारी हुआ था। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होगी और ग्लोबल लेवल पर बड़े पैमाने पर तैयार की जा रही है, जिसका निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के रोल में नजर आएंगे।




Viraj

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com